4 रायपुर संभाग
जल सरंक्षण के लिए निर्माण लाखो की डबरी में पानी नहीं...

6 अभिमत
स्वागत 2025 प्रगति की उम्मीद

09 शिक्षा और स्वास्थ्य
जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने टीबी मरीजों को वितरित किया फूड...

10 छत्तीसगढ़
गुणवत्तायुक्त सड़कों का करें निर्माण : कलेक्टर कटारा

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
# पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, शनिवार 04 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-134 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज

### बलौदाबाजार हिंसा मामले में विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका खारिज



**बिलासपुर।** बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव की जमानत याचिका छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। जस्टिस एन.के. व्यास की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस पर अपना फैसला 12 दिसंबर 2024 को सुरक्षित रखा था, जिसे घोषित किया गया। विधायक देवेंद्र यादव पर आरोप है कि उन्होंने बलौदाबाजार में भीड़ को हिंसा के लिए उकसाया। उन्हें 17 अगस्त 2024 को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद से उनकी न्यायिक रिमांड लगातार बढ़ाई गई और वे वर्तमान में रायपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं। इस मामले में कांग्रेस के कई बड़े नेताओं ने जेल में उनसे मुलाकात की है।

### छत्तीसगढ़ के 47 नगर पालिकाओं में प्रशासकों की नियुक्ति

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के 47 नगर पालिकाओं में प्रशासकों की नियुक्ति कर दी गई है। प्रशासकों के लिए एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इस फैसले के बाद नगर पालिका में अधिकारी ही निर्णय लेंगे। फिर इसे लागू करवाएंगे। इस आदेश के मुताबिक, अलग-अलग जिलों के सब डिवीजन में प्रशासक 4, 6 और 7 जनवरी से जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले 10 निगमों के लिए प्रशासक नियुक्त किए गए थे। रायपुर नगर निगम के प्रशासक रायपुर के कलेक्टर होंगे। इसी तरह नगर निगम राजनांदगांव, बस्तर, बिलासपुर, धमतरी, दुर्ग, रायगढ़, मनेंद्रगढ़-भरतपुर-चिरमिरी, अंबिकापुर और कोरबा के लिए भी कलेक्टर प्रशासक बनाए गए हैं।

### ईपीएफओ में केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली लागू

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने दिसंबर 2024 में केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली से 68 लाख से अधिक ईपीएस पेंशनभोगियों को लगभग 1570 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि पेंशन सेवाओं को बढ़ाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए ईपीएफओ ने दिसंबर 2024 में कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के तहत नई केंद्रीकृत पेंशन भुगतान प्रणाली को पूरी तरह से लागू कर दिया गया है। दिसंबर 2024 के लिए ईपीएफओ के सभी 122 पेंशन वितरण क्षेत्रीय कार्यालयों से संबंधित 68 लाख से अधिक पेंशनभोगियों को 1570 करोड़ रुपये की पेंशन वितरित की है।

# पत्रकार की हत्या, सेप्टिक टैंक में मिला शव


## राजधानी से लेकर बस्तर तक पत्रकार आक्रोशित

पायनियर संवाददाता < बीजापुर/रायपुर
www.dailypioneer.com



बस्तर के पत्रकार और यूट्यूबर मुकेश चंद्राकर की हत्या का मामला सामने आया है। उनकी लाश बीजापुर में एक ठेकेदार के सेप्टिक टैंक से बरामद होने की खबर है। जानकारी अनुसार मुकेश चंद्राकर 1 जनवरी से लापता थे। परिजनों ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत बीजापुर पुलिस के समक्ष दर्ज कराई थी। शिकायत के बाद पुलिस उनकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस को जांच के दौरान कुछ अहम सुराग मिले है। इसके आधार पर बीजापुर में एक ठेकेदार के सेप्टिक टैंक की खुदाई कराई गई, जहां से मुकेश चंद्राकर का शव बरामद हुआ। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि मुकेश चंद्राकर की हत्या भ्रष्टाचार को उजागर करने की खबरों के विवाद के चलते की गई है। माना जा रहा है कि ठेकेदार से विवाद के बाद ही उनकी हत्या की गई और शव को सेप्टिक टैंक में छिपा दिया गया। बहरहाल बस्तर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अब जांच के बाद ही असली सच जनता के सामने उजागर होगा। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही इस हत्या के पीछे की साजिश और अन्य पहलुओं का खुलासा किया जाएगा। फिलहाल शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। मामले को लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं हो पाया है। न ही हत्या के कारणों का पता चल पा रहा है। लेकिन साल के शुरूआती में ही पत्रकार की हत्या को लेकर चारों ओर सवाल उठने लगे है।

### सीधे मौत की सजा देते हो, वजह क्या है? मुझे बताओ तो सही, मेरा गुनाह क्या है?




पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने 20 दिसम्बर 2024 को यह पोस्ट लिखी है, उन्होने यह क्यों लिखा है? कम शब्दों में वह क्या कहना चाहते थे? फिलहाल इसका जवाब अब उन्हीं के पास है। लेकिन पत्रकारों के लिए मुकेश द्वारा लिखी गई यह लाइन कहीं न कहीं सच है। नेता, अफसर, ठेकेदार सभी अपना काम करें। लेकिन यदि पत्रकार अपने मूल दायित्वों का निर्वहन करने बैठता है (सवाल पूछता है या खबर लिखता/दिखाता है) तो वह आंख की किरकिरी बन जाता है। आंख की किरकिरी को जैसे मनुष्य जल्दी से जल्दी बाहर निकालने की कोशिश करता है, ठीक वैसे ही पत्रकार को भी रास्ते से, संस्थान से या दुनिया से बाहर करने की कोशिश शुरू हो जाती है। लेकिन हम यह नहीं समझते जैसे अन्य प्रोफेशन के लोग काम करते है, वैसे ही पत्रकार का काम सवाल पूछना होता है, खबरे लिखना या दिखाना होता है। इसको लेकर यदि बात हत्या तक पहुंच जाए तो मानवीय और संवैधानिक मूल्यों का क्षरण होना तय है। बहरहाल मुकेश के इस पोस्ट के क्या मायने है? इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन उनके जाने के बाद यह पोस्ट सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रही है।

राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर लगातार सवाल उठ रहे है। इस बीच साल के शुरूआती में ही पत्रकार की हत्या की खबर आग की तरह फैल चुकी है। हत्या की आशंका को लेकर राजधानी से बस्तर तक पत्रकारों के बीच आक्रोश दिख रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से राज्य के पत्रकार मुकेश चंद्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित कर अपनी पीड़ा व्यक्त कर रहे है। ज्ञात हो की बस्तर में पत्रकारों के साथ हो रही साजिश का लगातार खुलासा हो रहा है। इसके पहले भी पत्रकारों के वाहन में मादक पदार्थ रखवाने की घटना सामने आई थी। जिस पर स्थानीय टीआई को सस्पेंट किया था। वास्तव में यदि पत्रकार मुकेश की हत्या खबरों को लेकर की गई है तो राज्य में चौथे स्तंभ की सुरक्षा को लेकर सवाल उठने लाजमी है।



बीजापुर के युवा और समर्पित पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या का समाचार अत्यंत दुःखद और हृदयविदारक है। मुकेश का जाना पत्रकारिता जगत और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। इस घटना के अपराधी को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने के निर्देश हमने दिए हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करें। ओम शांति

**-विष्णु देव साय**
**मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन**

## दिल्ली वासियों पर दस साल से व्याप्त है 'आप-दा': पीएम मोदी

एजेंसी < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार को राष्ट्रीय राजधानी वासियों के लिए बड़ी 'आप-दा' करार देते हुए कहा कि अन्ना हजारे को आगे करके कट्टर बेईमानों ने खुलेआम घोटाले एवं भ्रष्टाचार किये और उसका जश्न भी मनाया। मोदी ने दिल्ली विधानसभा चुनावों के पहले उत्तरी दिल्ली के अशोक विहार स्थित रामलीला मैदान में झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीबों के लिए 'स्वाभिमान अपार्टमेंट' के लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए यह तंज कसा। प्रधानमंत्री ने इसके साथ ही झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले लोगों को आश्वस्त किया कि उन्हें हर हाल में पक्का घर मिलेगा। भले ही न मिले लेकिन कल जरूर मिलेगा। मोदी ने अपने भाषण में कहा कि साल 2025 भारत के विकास के लिए अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनने की ओर हमारी यात्रा इस वर्ष और तेज होने वाली है। भारत, दुनिया में राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता का प्रतीक बना है, 2025 में भारत की ये भूमिका और सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष विश्व में भारत में अंतरराष्ट्रीय छवि को और सशक्त करने, भारत को दुनिया का बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने, युवाओं को नए स्टार्टअप और एंटरप्रेन्योरशिप में आगे बढ़ाने, कृषि क्षेत्र में नए कीर्तिमानों का होगा।

## पेपर लीक के खिलाफ छात्रों की आवाज दबा रही है सरकार : राहुल गांधी

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी सरकार पेपर लीक करवा कर छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय कर रही है और जब छात्र इस अन्याय के खिलाफ खडे होते हैं तो उनकी आवाज को दबा दिया जाता है। गांधी ने कहा कि पहले बिहार में प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्रों की आवाज दबाने का काम हुआ है और अब मध्य प्रदेश में पेपर लीक के खिलाफ आवाज उठाने वाले छात्रों को जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने कहा भाजपा भारत के युवाओं का बिल्कुल एकलव्य जैसा अंगूठा काट रही है उनका भविष्य मिटा रही है। सरकारी भर्ती में विफलता बड़ा अन्याय है। पहले तो भर्ती नहीं निकलती। भर्ती निकल जाए तो एग्जाम समय पर नहीं होते। एग्जाम हो तो पेपर लीक करवा दिए जाते हैं और जब युवा न्याय मांगते हैं।

## छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को प्रदर्शित करने का माध्यम बनेगा राजिम कुंभ कल्प : सीएम साय

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के प्रयाग के रूप में प्रसिद्ध राजिम में 12 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक कुंभ कल्प का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष यह अद्भुत धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन 52 एकड़ के नए प्रस्तावित मेला स्थल में संपन्न होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंत्रालय महानदी भवन स्थित बैठक कक्ष में राजिम कुंभ कल्प के तैयारियों के संबंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शाही स्नान, गंगा आरती, संत समागम समेत कुंभ कल्प के प्रमुख आयोजनों और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राजिम कुंभ कल्प 2025 धर्म, आस्था और संस्कृति का अद्भुत समागम होगा और यह छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को प्रदर्शित करने का भी सुंदर माध्यम है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि श्रद्धालुओं को यहां अविस्मरणीय अनुभव प्राप्त हो और यह आयोजन हमारी गौरवशाली विरासत को देश-दुनिया तक पहुंचाएं। मुख्यमंत्री साय ने राजिम कुंभ कल्प के आयोजन में शामिल समस्त विभागों और प्रशासनिक अमले को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्था, सुरक्षा संबंधी उपाय और स्वच्छता के लिए विशेष ध्यान देने को कहा। साय ने कहा कि हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस आयोजन को सफल बनाएं और छत्तीसगढ़ की पहचान के रूप में इसे स्थापित करें। उन्होंने 12 फरवरी को आयोजित माघी पुन्नी स्नान, 21 फरवरी जानकी जयंती के अवसर पर संत समागम और 26 फरवरी को होने वाले शाही स्नान की तैयारी पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री साय को अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने राजिम कुंभ कल्प 2025 के आयोजन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से आयोजन स्थल में विभिन्न गतिविधियों के लिए निर्धारित स्थानों के बारे में बताया। कुंभ कल्प में नागरिक सुविधाओं, साधु संतों के आवागमन, शाही स्नान और गंगा आरती को लेकर विभाग के तैयारियों के बारे में जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा के पावन अवसर पर राजिम कुंभ कल्प का शुभारंभ होगा और 26 फरवरी महाशिवरात्रि को इसका समापन होगा।

## वेद और सनातनी ग्रंथों को समाज के कोने-कोने तक पहुंचाने का आह्वान किया धनखड़ ने

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वेद और सनातनी ग्रंथों को समाज के प्रत्येक कोने तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि कुछ लोग विनाशकारी विचार प्रक्रिया को छिपाने के लिए धर्मनिरपेक्षता को एक ढाल के रूप में प्रयोग कर रहे हैं। धनखड़ ने यहां जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय में 27 वीं अंतर्राष्ट्रीय वेदांत कांग्रेस के उद्घाटन भाषण में कहा कि वेदांत की बुद्धिमत्ता को ऐतिहासिक बौद्धिक धरोहर से निकालकर कक्षा में लाने और समाज के हर कोने तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वेद इतिहास नहीं है बल्कि मानव समाज के भविष्य के प्रारुप है। ये सतत विकास के लिए व्यावहारिक समाधान देते हैं। वेदांत के ज्ञान की पहुंच बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए धनखड़ ने कहा कि वेदांत अतीत का अवशेष नहीं है, बल्कि भविष्य के लिए एक ब्लूप्रिंट है। जैसे-जैसे हम अप्रत्याशित वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, यह सतत विकास, नैतिक नवाचार और सामंजस्यपूर्ण सह-अस्तित्व के लिए व्यावहारिक समाधान प्रदान करता है। धनखड़ ने कहा, हम एक अत्यंत प्राचीन सभ्यता हैं जो कई दृष्टियों से अद्वितीय और अनुपम है। यह विडंबनापूर्ण और दुखद है कि इस देश में सनातन और हिंदू का संदर्भ, इन शब्दों के गहरे अर्थ को समझने के बजाय, अक्सर बेतुकी प्रतिक्रिया दी जाती है। ऐसे वे लोग हैं जो गलत रास्ते पर चल रहे हैं, जो एक खतरनाक पारिस्थितिकी तंत्र से प्रेरित हैं, जो न केवल इस समाज के लिए, बल्कि अपने लिए भी खतरा है। उप राष्ट्रपति ने कहा कि देश में कुछ लोग, इस आध्यात्मिक भूमि पर वेदांत और सनातनी ग्रंथों को प्रतिक्रियावादी मानते हैं और वे इसे बिना जाने, देखे और पढ़े खारिज कर रहे हैं। यह खारिज़ करना अक्सर विकृत उपनिवेशी मानसिकताओं, और बौद्धिक धरोहर की अपर्याप्त समझ से उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि वे अपने विध्वंसक विचारों को धर्मनिरपेक्षता के विकृत रूप में छिपाते हैं। यह बहुत खतरनाक है। धर्मनिरपेक्षता को ऐसे कुकृत्यों को ढाल देने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

## केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के प्रयास से मां कर्मा के नाम से डाक टिकट हुआ जारी, साहू समाज की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू 22 दिसंबर को भोपाल में अखिल भारतीय तैलिक साहू संघ के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। जहां देशभर के साहू समाज के पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू से भक्त माता कर्मा के नाम पर डाक टिकट जारी करने की मांग की थी। जिस पर तुरंत एक्शन लेते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने 15 दिन के भीतर समाज की यह मांग पूरी करने का आश्वासन दिया था और साहू समाज की वर्षों से लंबित मांग को महज 12 दिन में पूर्ण करवा दिया। भक्त माता कर्मा करोड़ों लोगों की आराध्य देवी हैं, जिनके नाम पर डाक टिकट जारी करने के लिए साहू संघ के पदाधिकारियों,अनेक जनप्रतिनिधियों और मंत्रियों ने प्रयास अथक किए। मगर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के प्रयास से यह पुनीत कार्य सफल हुआ। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने पिछले दिनों केंद्रीय संचार राज्यमंत्री डॉ. चन्द्रशेखर से मुलाकात कर माता कर्मा देवी के नाम से डाक टिकट जारी करने के संदर्भ में बात की थी। और दशकों पुरानी माँग को केवल बारह दिनों में ही पूर्ण करवा दिया। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के इस सद्प्रयास की चर्चा अब प्रदेश भर में गूंज रही है।

## नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़, एक नक्सली की मौत

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com



नक्सली को उनके मकसद पर रोकने में पुलिस सफलता हासिल करते हुए एक नक्सली को मार गिराया है। जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में एक नक्सली का शव बरामद किया गया है। अमलीपदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कंडासर और नागेश के बीच नक्सलियों और फोर्स के बीच मुठभेड़ हुई। मिली जानकारी के अनुसार अमलीपदर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जंगल में सुरक्षा बलों ने 1 नक्सली को मार गिराया है। नक्सलियों और फोर्स के बीच मुठभेड़ जारी है। मुठभेड़ में 30 यंग प्लाटून सीआरपी और एसओजी नुआपाड़ा का संयुक्त ऑपरेशन जारी है, जिसमें फोर्स ने एक नक्सली का शव बरामद किया है, वहीं दो से तीन नक्सलियों के मारे जाने की संभावना जताई जा रही है। दोनों तरफ से रुक-रुककर फायरिंग जारी रही।

### हम दुनिया में जो कुछ भी देखते हैं उसके मूल में मन ही है

## मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे ले रहे हैं महामारी का रूप : राष्ट्रपति मुर्मु

एजेंसी < बेंगलुरू
www.dailypioneer.com




राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्याएं महामारी का रूप ले रही हैं पर उम्मीद की बात यह है कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ने से पीड़ितों के लिए मदद लेना आसान हुआ है। मुर्मु ने कहा कि दिमाग के संतुलन को प्रभावित करने वाले जीवन के उतार-चढ़ावों को समझने के लिए हमारे ऋषि-मुनियों और द्रष्टाओं की सीख के आधार पर कोई आध्यात्मिक नियम या ढांचा विकसित किया जा सकता है। राष्ट्रपति बेंगलुरु में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (निमहंस) के स्वर्ण जयंती समारोह को संबोधित कर रही थी। राष्ट्रपति ने कहा कि स्वस्थ मन ही स्वस्थ समाज की नींव है। उन्होंने मानसिक और शारीरिक कष्टों को कम करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल की आधुनिक प्रणालियों के साथ योग जैसे पारंपरिक तरीकों को सफलतापूर्वक शामिल करने के लिए निमहंस की सराहना की। मुर्मु ने कहा, हमारे प्राचीन ऋषियों और द्रष्टाओं से प्राप्त ज्ञान और जीवन की सीख हम सभी को एक आध्यात्मिक ढांचा विकसित करने में मदद कर सकती है जिसके भीतर हम जीवन के उन उतार-चढ़ावों को समझ सकते हैं जो दिमाग के संतुलन को प्रभावित करते हैं। हमारे शास्त्र हमें बताते हैं कि हम दुनिया में जो कुछ भी देखते हैं उसके मूल में मन ही है। उन्होंने कहा कि अतीत में, कुछ समाजों में मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों और चिंताओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था, लेकिन हाल के दिनों में मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि मानसिक बीमारियों से जुड़ी अवैज्ञानिक मान्यताएं और कलंक अब अतीत की बात हो गई है। राष्ट्रपति ने कहा कि मानसिक बीमारियों के बारे में समाज की सोच में यह बदलाव विभिन्न बीमारियों से पीड़ित लोगों के लिए मदद लेना आसान हो गया है। यह विशेष रूप से उस समय एक स्वागत योग्य विकास रहा है, क्योंकि दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे महामारी का रूप ले रहे हैं।

## अजय भल्ला ने ली मणिपुर के राज्यपाल के पद की शपथ



वार्ता < इंफाल
www.dailypioneer.com

अजय कुमार भल्ला ने राजभवन में मणिपुर के 19वें राज्यपाल के पद की शपथ ली। मणिपुर उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी. कृष्णकुमार ने भल्ला को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह, मणिपुर विधानसभा के अध्यक्ष सत्यव्रत सिंह, मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री ओ. इबोबी सिंह और राधाबिनोद कोइजाम, विधायक, मुख्य सचिव, सुरक्षा सलाहकार, पुलिस महानिदेशक तथा नागरिक, सैन्य और पुलिस विभाग के आला अधिकारी शामिल हुए। शपथ लेने के बाद राज्यपाल ने राष्ट्रीय सलामी ली और मणिपुर राइफल्स और इंडिया रिजर्व बटालियन के कर्मियों द्वारा दिए गए गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। भल्ला ने 03 जनवरी 2025 की सुबह से मणिपुर के राज्यपाल का पदभार ग्रहण कर लिया है। वह गुरुवार को यहां पहुंचे।

## 'मजबूत हो रही है, भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझीदारी'

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



भारत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर एवं विदेश सचिव विक्रम मिस्री की अमेरिका यात्रा और अमेरिकी नेतृत्व के विभिन्न सदस्यों से मुलाकात को भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझीदारी की प्रगति का संकेत बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने नियमित ब्रीफिंग में विदेश मंत्री की अमेरिका यात्रा के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि वाशिंगटन डीसी की यात्रा का उद्देश्य पिछले कुछ वर्षों में भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझीदारी की प्रगति की समीक्षा करना था, जो कई क्षेत्रों में मजबूत हुई है। प्रवक्ता ने कहा कि इस यात्रा ने दोनों पक्षों को वर्तमान क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान करने का अवसर भी प्रदान किया। विदेश मंत्री ने विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और निवर्तमान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और नए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज से मुलाकात की तथा प्रशासन के संक्रमणकालीन प्रशासकीय टीम के सदस्यों से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि विदेश मंत्री ने अमेरिका में भारत के महावाणिज्यदूतों के एक सम्मेलन की भी अध्यक्षता की।

# प्रदेश में शनिवार से वन्यजीव पर्यटन अभियान की शुरुआत : यादव

एजेंसी ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वन्य जीव पर्यटन की दिशा में यह प्रदेश महत्वपूर्ण कदम उठा रहा है। शनिवार से वन्य-जीव पर्यटन को एक नया आयाम मिलेगा। मुख्यमंत्री स्वयं चंबल अभयारण्य का भ्रमण कर चंबल नदी के घड़ियाल अभयारण्य की व्यवस्थाओं का अवलोकन कर पर्यटन सुविधाओं का जायजा लेंगे। डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि प्रकृति ने मध्यप्रदेश को कई वरदान दिए हैं। सघन वन, वृक्षों की विविधता के साथ ही वन्य-प्राणियों की भी विविधता मध्यप्रदेश में देखने को मिलती है। वनों और वन्य-प्राणियों से मध्यप्रदेश की एक अलग पहचान बनी है। मध्यप्रदेश बाघ, तेंदुआ और घड़ियाल जैसे प्राणियों की सर्वाधिक संख्या वाला प्रदेश है। चीता पुनर्स्थापन करने वाला मध्यप्रदेश एक मात्र प्रदेश है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में ही नहीं पूरे विश्व में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल नदी में पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि विश्व में लगभग तीन हजार घड़ियाल हैं, तो इनमें से 85 प्रतिशत चंबल नदी में हैं। करीब चार दशक पहले घड़ियालों की गणना का कार्य



शुरू हुआ, जिससे घड़ियालों के इतनी बड़ी संख्या में चंबल में होने की जानकारियां सामने आईं। जनवरी और फरवरी महीने में अनुकूल तापमान का अनुभव कर घड़ियाल पानी से बाहर निकलते हैं और उस वक्त घड़ियालों और मगरमच्छों की गिनती आसानी से हो जाती है। डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य को राष्ट्रीय चंबल घड़ियाल वन्य-जीव अभयारण्य के नाम से भी जाना जाता है। पर्यटकों में यह चंबल बोट सफारी के नाम से प्रसिद्ध है। यह तीन राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और उत्तरप्रदेश के संयुक्त प्रयासों से एक प्रमुख संरक्षण परियोजना है। मध्यप्रदेश में वर्ष 1978 में इसे वन्य-जीव अभयारण्य के रूप में मान्यता दी गई थी। चंबल घड़ियाल वन्य-जीव अभयारण्य का मुख्य उद्देश्य लुप्तप्राय घड़ियाल, लाल मुकुट वाले छत कछुए और लुप्तप्राय गांगेय डॉल्फिन को संरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि यह अभयारण्य लगभग साढ़े पांच वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। पहाड़ियों और चंबल नदी के रेतीले तटों से यह धरती भरी हुई है। यह वन्य-जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत संरक्षित है और इसका मुख्यालय मुरैना में है। घड़ियालों और गंगा डॉल्फिनों का निवास स्थान, पारिस्थितिकी संवेदनशील क्षेत्र घोषित किया गया है। घड़ियाल, लाल मुकुट वाले कछुए और डॉल्फ़िन यहाँ पाए जाते हैं। अन्य जानवर जो (दुर्लभ) श्रेणी में हैं, उनमें मगरमच्छ, चिकने-लेपित ऊदबिलाव, धारीदार लकड़बग्घा और भारतीय भेड़िये हैं, जो संरक्षण सूची की अनुसूची-एक में शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबल नदी में कछुआ परिवार की 26 दुर्लभ प्रजातियों में से 08 प्रजातियाँ पाई जाती हैं।

इनमें भारतीय संकीर्ण सिर एवं नरम खोल वाला कछुआ, तीन धारीदार छत वाला कछुआ और मुकुटधारी नदी वाला कछुआ शामिल हैं, जो यहां की पहचान है।

### मध्यप्रदेश में 792 वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में किया गया परिवर्तित : यादव

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 6 माह का विशेष अभियान चलाकर 792 वन ग्रामों को राजस्व ग्राम में परिवर्तित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिसूचना संबंधित जिला कलेक्टर्स द्वारा जारी कर दी गई है। इसमें बैतूल जिले के 91, डिंडौरी के 86, मंडला के 75, खरगौन के 65, बड़वानी के 64, खंडवा के 51, सीहोर के 49, छिंदवाड़ा के 48, बालाघाट के 46, हरदा के 42, बुरहानपुर के 37, सिवनी के 28, नर्मदापुरम के 24, भोपाल के 14, धार के 13, देवास के 12, सिंगरौली के 11, नरसिंहपुर के 10, रायसेन के 7, टीकमगढ़ एवं जबलपुर के 5-5, सागर के 4, विदिशा, राजगढ़, इंदौर, कटनी और गुना के 1-1 गांव शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुल 827 वन ग्राम बचे थे, जिसमें से 792 को राजस्व ग्राम में परिवर्तित किया जा चुका है। शेष 35 वन ग्रामों के वीरान या विस्थापित होने अथवा डूब क्षेत्र में होने से उन्हें परिवर्तित करने की आवश्यकता नहीं है। इन 792 ग्रामों के राजस्व नक्शा बनाने का कार्य राजस्व विभाग द्वारा शुरू कर दिया है।

# रेवंत ने भविष्य की जरूरतों के लिए दिये व्यापक जल अवसंरचना योजना के निर्देश

एजेंसी ➤ हैदराबाद
www.dailypioneer.com



तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड को अगले 25 वर्षों में ग्रेटर हैदराबाद में ताजे पानी की आपूर्ति और सीवेज प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक बुनियादी ढांचा योजना का मसौदा तैयार करने के निर्देश दिये हैं। शहर के विस्तार और जनसंख्या वृद्धि पर जोर देते हुए उन्होंने 2050 तक शहर की मांगों को पूरा करने के लिए एक भविष्य की योजना बनाने का आह्वान किया। रेड्डी ने एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर में जल बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए स्थायी जल और सीवेज रणनीति विकसित करने के लिए विशेषज्ञ एजेंसियों और सलाहकारों के साथ सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मंजीरा, सिंगुर, गोदावरी और कृष्णा से प्राप्त 9,800 किलोमीटर के वितरण नेटवर्क के माध्यम से हैदराबाद के 13.79 लाख कनेक्शनों को वर्तमान जल आपूर्ति के बारे में जानकारी दी। चर्चा गोदावरी चरण 2 परियोजना के इर्द-गिर्द केंद्रित थी, जिससे विशेष रूप से उस्मान सागर और हिमायत सागर में जलापूर्ति बढ़ाई जा सके। बोर्ड ने उच्च उपलब्धता और कम उठाव लागत का हवाला देते हुए गोदावरी चरण 2 के लिए मल्लन्ना सागर से पानी लेने का फैसला किया। भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिए शुरू में प्रस्तावित 15 टीएमसी के बजाय 20 टीएमसी पानी लाने के लिए परियोजना का दायरा बढ़ाया गया। एचएमडब्ल्यूएसएसबी के एमडी अशोक रेड्डी ने बोर्ड की वित्तीय रिपोर्ट पेश की, जिसमें 8,800 करोड़ रुपये का राजस्व घाटा, 5500 करोड़ रुपये का लंबित बिजली बिल और कुल 1847 करोड़ रुपये के अन्य ऋण शामिल थे जबकि बोर्ड की आय कर्मचारियों के वेतन और रखरखाव को कवर करती है। बोर्ड की वित्तीय स्थिति को मुख्यमंत्री ने अस्थिर बताया। उन्होंने अधिकारियों को राजस्व की कमी को दूर करने, पानी के बिल बकाया का नियमित संग्रह सुनिश्चित करने और नई परियोजनाओं के लिए कम ब्याज वाले वित्तपोषण विकल्पों की खोज करने के लिए वित्त विभाग के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया। बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के लिए, मुख्यमंत्री ने 1965 में बिछाई गई पुरानी लाइनों के विकल्प के रूप में एक नई जल पाइपलाइन बनाने की परियोजना को मंजूरी दी, जो अक्सर मरम्मत के दौरान पानी की आपूर्ति को बाधित करती हैं। उन्होंने परियोजना के लिए धन सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन जैसी केंद्रीय योजनाओं का लाभ उठाने का सुझाव दिया। रेड्डी ने एक विश्वसनीय जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और जल बोर्ड से शहर की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए हैदराबाद के जल बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाते हुए नवीन राजस्व नीतियों को अपनाने का आग्रह किया।

# पंजाब सरकार द्वारा खेतीबाड़ी मार्केटिंग और राष्ट्रीय नीति का मसौदा अस्वीकार : बरसट

एजेंसी ➤ मोहाली
www.dailypioneer.com



पंजाब मंडी बोर्ड के अध्यक्ष हरचंद सिंह बरसट ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा नेशनल पालिसी फ्रेम वर्क ऑफ एग्रीकल्चर मार्केटिंग के बारे में टिप्पणियों और सुझाव लेने के लिये विभिन्न सरकारों को जो ड्राफ्ट भेजा गया था, पंजाब सरकार द्वारा सभी सुझाव और मसौदे को रद्द किया जाता है। बरसट ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा भेजा यह ड्राफ्ट राज्य सरकारों के अधिकारों पर सीधा हमला है। एग्रीकल्चर स्पष्ट रूप से राज्य सरकारों का अधिकार है। इसलिये केंद्र सरकार को इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा इस ड्राफ्ट को रद्द करने के कुछ जन-हितैषी कारण हैं, क्योंकि फलों और सब्ज़ियों का आढ़ती कमीशन जो पांच प्रतिशत है, केंद्र सरकार इसे घटाकर चारा प्रतिशत पर कैप लगाना चाहती है। इसी प्रकार केंद्र सरकार अन्य उत्पादों पर भी आढ़तियों का कमीशन 2.5 प्रतिशत से घटाकर दो प्रतिशत करना चाहती है, जो कि आढ़तियों के काम पर बहुत असर डालेगा, क्योंकि इन चीज़ों की देखभाल करना और खरीद-बिक्री में योगदान देना आढ़तियों की ही जिम्मेदारी होती है। इसी तरह केंद्र सरकार द्वारा मार्केट फीस को भी घटाने का प्रस्ताव भेजा गया है, उत्पादों पर तीन प्रतिशत से दो प्रतिशत पर कैप लगाना चाहते हैं और फलों और सब्ज़ियों पर एक प्रतिशत करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि पंजाब में लगभग 28 हजार आढ़ती और करीब 15 लाख किसान हैं। पंजाब के आढ़तियों को लगभग 1650 करोड़ रुपये आढ़त के रूप में आते हैं, जोकि प्रति किसान लगभग एक हजार रुपये ही बैठता है।

# स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी आम जनता के साथ अन्याय : प्रो चावला

**अमृतसर।** पंजाब की पूर्व स्वास्थ्य मंत्री प्रो लक्ष्मीकांता चावला ने केन्द्र सरकार से स्वास्थ्य बीमा पर लगाये गये 18 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा कर को हटाने की मांग की है। प्रो चावला ने स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी को आम जनता के साथ अन्याय करार देते हुये कहा कि हिंदुस्तान के करोड़ों लोग तो ऐसे हैं जो सरकारी अस्पताल तक भी इलाज के लिये नहीं पहुंच सकते और मध्यवर्गीय लोग सरकारी अस्पतालों में जाते नहीं। वे किसी भी तरह प्रबंध करके निजी नर्सिंग होम में जाते हैं। यह निजी अस्पताल भी जो अपने लिये सुपरस्पेशलिटी या बड़े अस्पताल लिखते हैं, वहां भी खर्च की कोई सीमा नहीं और छोटे शहर में भी लाखों मरीज के इलाज पर खर्च हो जाता है। प्रो चावला ने कहा कि मध्य वर्ग के अधिकतर लोग स्वास्थ्य बीमा करवाते हैं, पर स्वास्थ्य बीमा पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा देना सरकारी लूट है, जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने भारत सरकार से गरीब और मध्यम वर्गीय जनता की तरफ से यह अपील है कि स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी बिल्कुल बंद की जाये।

# जालंधर में 50 ग्राम हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी ➤ जालंधर
www.dailypioneer.com

पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने एक कुख्यात तस्कर को गिरफ्तार किया, जिसने पिछले एनडीपीएस मामले में जमानत मंजूर होने के तुरंत बाद अवैध कारोबार फिर से शुरू कर दिया था। आरोपी से 50 ग्राम उच्च श्रेणी की हेरोइन बरामद की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरकमलप्रीत सिंह खख ने बताया कि अपराध जांच एजेंसी के कर्मियों की ओर से जुटायी गयी खुफिया सूचनाओं के बाद अभियान को अंजाम दिया गया। उन्होंने खुलासा किया कि इंस्पेक्टर पुष्प बाली द्वारा प्राप्त विशिष्ट सूचना पर कार्रवाई करते हुये, पुलिस अधीक्षक जांच जसरूप कौर बाथ और उपाधीक्षक जांच सरवनजीत सिंह की देखरेख में एक विशेष टीम ने रणनीतिक रूप से सिनेमा मोड़, करतारपुर के पास खुद को तैनात किया। आरोपी की पहचान आलमपुर बक्का गांव के रंजीत सिंह उर्फ नीटू के रूप में हुई है, जिसे पुलिस टीम द्वारा समन्वित हस्तक्षेप के बाद गिरफ्तार किया गया। खख ने बताया कि पुलिस की मौजूदगी को देखते हुये प्रतिबंधित पदार्थ को निपटाने के उसके प्रयास के बावजूद, पुलिस टीम की त्वरित प्रतिक्रिया ने हेरोइन की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी दोनों सुनिश्चित की। जांच से पता चला है कि आरोपी पर पहले मार्च 2022 में पुलिस स्टेशन करतारपुर में एनडीपीएस अधिनियम (एफआईआर नंबर 48) के तहत मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21बी-61-85 के तहत एक नया मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस एक व्यापक वित्तीय जांच शुरू कर रही है, जिसमें नशीली दवाओं की आय के माध्यम से अर्जित संपत्तियों पर ध्यान केंद्रित किया जायेगा। मादक पदार्थों के व्यापार से जुड़ी किसी भी संपत्ति से कानून के प्रावधानों के अनुसार निपटा जायेगा।

# मिथिलांचल के विकास में ललित बाबू का अहम योगदान : मो.अबू तमीम

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वाधन में पूर्व रेल मंत्री स्व. ललित नारायण मिश्रा की 50वीं पुण्यतिथि पर उनके शहादत स्थल समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मो.अबू तमीम इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ललित बाबू ने रेल मंत्री के तौर पर कई उल्लेखनीय काम किए लेकिन बिहार ख़ासकर मिथिला के विकास में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। कार्यक्रम में नारायण मिश्रा स्मारक समिति के संयोजक अंजनी कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष सरोज कुमार सिंह, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रंजन शर्मा, ठाकुर मनोज भारद्वाज, भुपनेश्वर राम, कांग्रेस के नगर अध्यक्ष डोमन राय, प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मालिक एवं सूरज राम ने ललित बाबू को श्रद्धांजलि दी।

## सारण में महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि फकुली



गांव निवासी नीरज सिंह की पत्नी मुन्नी देवी (30) की मौत संदेहास्पद स्थिति में होने के कारण मामले की जानकारी मृतका के मायके वालों को उसके ससुर के द्वारा दी गई। इसके बाद जलालपुर थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी मृतका के पिता ने पुलिस को मामले की सूचना देकर यह निवेदन किया गया कि उनके आने के बाद ही मृतका का पोस्टमार्टम कराया जाये। सूत्रों ने बताया कि मृतका के मायके वालों के आने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतका का पति पंजाब के जालंधर में रह कर किसी निजी कारखाने में काम करता है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे कार्रवाई की बात कह रही है।

## आंध्र प्रदेश में अगले सात दिन मौसम शुष्क रहने के आसार

**अमरावती।** तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में अगले सात



दिनों के दौरान शुष्क मौसम रहने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र (आईएमडी) ने बताया कि अगले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अलग-अलग स्थानों पर हल्का कोहरा छाये रहने का अनुमान है। तटीय आंध्र प्रदेश, यनम और रायलसीमा में पिछले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहा।

## सीताक्का ने सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की

**हैदराबाद।** तेलंगाना पंचायत राज, महिला एवं बाल कल्याण मंत्री



दानसारी अनसूया सीताक्का ने प्रजाभवन में समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती पर उनके चित्र का श्रद्धासुमन अर्पित किये। मत्स्य पालन निगम के अध्यक्ष मेट्टू साईकुमार, प्रजाकवि जयराजू, करीमनगर जिला पुस्तकालय के अध्यक्ष सथु मल्लेश और जन विज्ञान वेदिका के अध्यक्ष रमेश के साथ सीताक्का ने महिला शिक्षा और सशक्तिकरण में फुले के योगदान पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंत्री सीताक्का ने दलित और पिछड़े समुदायों की लंबे समय से चली आ रही मांग, सावित्रीबाई फुले की जयंती को महिला शिक्षक दिवस के रूप में आधिकारिक तौर पर मान्यता देने के लिए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी का आभार व्यक्त किया।

# नीतीश के नेतृत्व में ही 2025 में फिर से बनेगी एनडीए सरकार : मनीष

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com



बिहार जनता दल यूनाईटेड प्रवक्ता मनीष यादव ने कहा है कि आधुनिक बिहार के निर्माता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की ही अगुवाई में साल 2025 में बिहार में एक बार फिर से एनडीए की सरकार बनेगी। यादव ने मीडिया में जारी एक बयान में कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में भी बिहार की जनता राष्ट्रीय जनता दल को राजनीतिक सबक सिखाने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि जिस बिहार में लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के शासनकाल के दौरान लोगों में डर का माहौल था और लोग यहां आने से डरते थे उस बिहार को कुमार ने बदहाली की दौर से निकालकर विकसित बिहार बनाने का काम किया है। जदयू प्रवक्ता ने कहा, बिहार में चाहे सड़क हो, बिजली हो, स्वास्थ्य का क्षेत्र हो चाहे सरकारी नौकरी और रोजगार की बात हो कुमार की सरकार ने हर क्षेत्र में काम किया और बिहार को तरक्की की एक नई दिशा दी। हाल ही में पटना में आयोजित बिजनेस मीट ने कंपनियों में एक लाख 80 हजार करोड़ रुपए के निवेश प्रस्तावों पर राज्य सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यादव ने कहा कि बिहार को तरक्की के रास्ते पर ले जाने वाले कुमार को एक बार फिर साल 2025 में राज्य की जनता आशीर्वाद देगी और उनकी अगुवाई में सरकार बनाने का काम करेगी। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राजद की हालत साल 2010 के चुनावों से भी बदतर होगी। उन्होंने कहा कि जदयू के खत्म होने की बात करने वाले यादव को साल 2024 के लोकसभा चुनाव और हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनावों में मिली करारी हार ने सबक सिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यादव और लालू डरे हुए हैं और उनकी बेबुनियाद बातों से उनकी हताशा साफझलक रही है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि साल 2025 के विधानसभा चुनाव में बिहार में एनडीए अपने 225 सीटों की जीत के लक्ष्य को हासिल करेगी।

# टीकाकरण के मामले में बिहार पूरे देश में नंबर वन बना : मंगल पांडेय

एजेंसी ➤ सोनपुर
www.dailypioneer.com

बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि टीकाकरण के मामले में बिहार पूरे देश में नंबर वन बन गया है। पांडेय ने शाहपुर हेल्थ एंड वेलनेस, सेंटर से राज्य भर में एक हजार टीकाकरण कॉर्नर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में का दिन ऐतिहासिक है। हमारा लक्ष्य राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करना है। बिहार स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है। पिछले साढ़े तीन महीनों में राज्य में दो हजार नए टीकाकरण कॉर्नर स्थापित किए गए हैं। यह कदम टीकाकरण अभियान को नई दिशा देने और लक्ष्य को तेजी से प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। पांडेय ने कहा कि यह पहल आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चलाई जा रही योजनाओं का परिणाम है। सितंबर 2024 तक राज्य में पूर्ण प्रतिरक्षण का आच्छादन 87 प्रतिशत था जो 15 सितंबर 2024 को 1000 नए टीकाकरण कॉर्नर खोलने के बाद बढ़कर 93 प्रतिशत हो गया है। इस पहल के बाद बिहार टीकाकरण में देश में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। अगले तीन महीनों में 96 प्रतिशत और फिर जल्द ही 100 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में कार्य चल रहा है। पांडेय ने कहा कि टीकाकरण से 12 प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। इन इम्यूनाईजेशन सेंटर पर छोटे बच्चों को विभिन्न प्रकार के टीके दिए जाएंगे। यह अभियान न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य की पीढ़ियों को भी सुरक्षित बनाएगा। जिन क्षेत्रों में टीकाकरण की दर कम है, वहां जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे और लोगों को टीकाकरण के महत्व से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में पर्याप्त मात्रा में टीके उपलब्ध हैं और हर केंद्र पर प्रशिक्षित चिकित्सा कर्मी मौजूद हैं। टीकाकरण अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। की इस पहल के माध्यम से बिहार स्वास्थ्य सेवाओं में एक नया मील का पत्थर स्थापित कर रहा है। यह राज्य को स्वास्थ्य और टीकाकरण के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों के बीच आयुष्मान कार्ड भी वितरित किया। इस अवसर पर पांडेय के अलावे पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ सिंह, सारण के सिविल सर्जन दुलाल सिन्हा, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, रामरतन समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के 38 जिलों के चिन्हित सभी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से संबंधित जिलों के सिविल सर्जन एवं संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी भी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

# पंजाब सरकार ने लोहड़ी बंपर के लिए पुरस्कार राशि बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये की : हरपाल सिंह चीमा

एजेंसी ➤ चंडीगढ़
www.dailypioneer.com

पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने पंजाब राज्य लोहड़ी मकर संक्रांति बंपर लॉटरी 2025 के लिये पुरस्कार राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की घोषणा की, जिसे अब 10 करोड़ रुपए कर दिया गया है। वित्त मंत्री ने कहा कि यह रणनीतिक कदम अन्य राज्यों की लॉटरी को कड़ी टक्कर देने के अलावा राज्य के विकास में योगदान देते हुए बड़ा पुरस्कार जीतने का रोमांचक अवसर प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। उन्होने कहा कि यह पहल राज्य के राजस्व को बढ़ावा देने और यह



सुनिश्चित करने के व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है कि पंजाब का लॉटरी बाजार प्रतिस्पर्धी और आकर्षक बना रहे। उन्होंने कहा, पंजाब राज्य लोहड़ी मकर संक्रांति बंपर लॉटरी 2025 में भाग लेना राज्य के लोगों के लिए वास्तव में जीत का अवसर है। न केवल उन्हें पर्याप्त पुरस्कार जीतने का मौका मिलता है, बल्कि इन सरकारी लॉटरी से प्राप्त राजस्व को सीधे विकास परियोजनाओं में लगाया जाता है, जिससे पूरे राज्य को लाभ होता है।' वित्त मंत्री ने कहा कि बढ़ी हुई पुरस्कार राशि से लोहड़ी बंपर को सबसे आगे आने की उम्मीद है, जो अन्य राज्यों की लॉटरी के लिए एक कठिन चुनौती पेश करेगी, जिससे लॉटरी से एकत्रित राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने कहा, 'इन निधियों का उपयोग पंजाब भर में विभिन्न विकासात्मक पहलों के लिए किया जाएगा, जिसमें बुनियादी ढांचे में सुधार, शैक्षिक कार्यक्रम और स्वास्थ्य सेवाएं शामिल हैं। पुरस्कारों का विवरण देते हुये वित्त मंत्री ने कहा कि 500 रुपये की लॉटरी टिकट एक आकर्षक पुरस्कार संरचना प्रदान करती है, जिसमें प्रथम पुरस्कार विजेता को 10 करोड़ रुपये मिलते हैं, उसके बाद दूसरे पुरस्कार के लिए एक करोड़ रुपये, तीसरे स्थान के लिए 50 लाख रुपये और उसके बाद के रैंक के लिये क्रमिक रूप से कम राशि मिलती है। लॉटरी में कुल 68,819 पुरस्कार दिये जा रहे हैं, जिनमें कुल पुरस्कार राशि 23,47,90,000 रुपये है। वित्त मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि पंजाब सरकार राज्य की राजस्व प्राप्तियों को बढ़ाने के लिए अभिनव रणनीतियों को सक्रिय रूप से लागू कर रही है। उन्होंने कहा कि इस दृष्टिकोण का उद्देश्य पंजाब को उच्च विकास पथ पर आगे बढ़ाना है, जिससे अभूतपूर्व समृद्धि का युग शुरू हो सके।

# समय पर पूर्ण करें चिकित्सकीय पदों पर भर्ती प्रकिया : शुक्ल

एजेंसी ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में ईएसबी एवं पीएससी के अंतर्गत प्रक्रियाधीन विभिन्न चिकित्सकीय एवं सहायक चिकित्सकीय पदों में भर्ती प्रक्रिया की समीक्षा की। आधिकारिक जानकारी के अनुसार शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी भर्ती प्रक्रियाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए मैन-पॉवर की समय पर नियुक्ति अत्यंत आवश्यक है। शुक्ल ने मेडिकल कॉलेजों में पे-प्रोटेक्शन के विषय पर आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर, सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए इसे शीघ्र



कैबिनेट अनुमोदन के लिए प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीधी भर्ती एवं बैकलॉग पदों पर अब तक की गई कार्रवाई की पदवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि भर्ती प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर अनावश्यक देरी न हो। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कैबिनेट स्वीकृत समस्त पदों पर भर्ती तय समय सीमा में पूरी की जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसे तत्काल संज्ञान में लाया जाए। सभी औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूरी हों। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में 33 हज़ार से अधिक पदों पर भर्ती की जा रही है।

आईपीएचएस मानक अनुसार 18 हज़ार 653 पद पर, 454 उन्नयित स्वास्थ्य संस्थानों में 7 हज़ार 977 पद पर, कैलाशनाथ काटजू हॉस्पिटल में 195 पदों पर, 18 शासकीय नर्सिंग महाविद्यालयों के लिये 414 पद सहित 273 अन्य स्वीकृत स्वास्थ्य संस्थानों में 5 हज़ार 779 चिकित्सकीय एवं सहायक चिकित्सकीय पदों पर नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। बैठक में आयुक्त स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा तरुण राठी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नया पर्यटन स्थल तिरिया बना आकर्षण का केंद्र सैर-सपाटे के साथ पिकनिक का नया डेस्टिनेशन

■ वन विभाग पर्यटन समिति के माध्यम से कर रही पर्यटक सुविधाओं को विकसित





पायनियर संवाददाता ◂ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

नव वर्ष के आगमन के साथ ही बस्तर जिले का नया पर्यटन स्थल तिरिया पर्यटकों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बन गया है। हरे-भरे जंगल, शांत वातावरण और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर यह स्थान लोगों को शहरी जीवन की भाग-दौड़ से दूर शांति और सुकून का अनुभव करा रहा है। तिरिया अपनी प्राकृतिक झरनों, घने जंगलों और पहाड़ियों के लिए प्रसिद्ध है। यह सैर सपाटे और पिकनिक के लिए एक नया डेस्टिनेशन के रूप में विकसित हो रहा है। नव वर्ष की छुट्टियों में यहां बड़ी संख्या में पर्यटक अपने परिवार और दोस्तों के साथ प्रकृति का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। इसे मद्देनजर रखते हुए प्रशासन द्वारा स्थानीय पर्यटन समिति के माध्यम से इस पर्यटन स्थल की विशेष रूप से साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यक पहल किया गया है, जिससे पर्यटकों को सहूलियत हो सके। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर से करीब 40 किलोमीटर वनांचल में स्थित तिरिया तक दुपहिया या टैक्सी के माध्यम से आसानी के साथ पहुंचा जा सकता है। स्थानीय पर्यटन समिति के सदस्य लोकूराम बताते हैं कि शासन द्वारा ग्रामसभा को सामुदायिक वन संसाधन पत्र प्रदान किया गया है। जिससे उनकी समिति के युवा यहां पर्यटकों को बम्बू राफ्टिंग और नौका विहार करवा रहे हैं। साथ ही पर्यटकों को स्थानीय व्यंजन परोस कर उन्हें पारम्परिक बस्तरिया स्वाद से वाकिफ करवा रहे हैं। इसके जरिए समिति के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध हो रहा है और अच्छी आमदनी भी हो रही है। उन्होंने बताया कि तिरिया पर्यटन स्थल का प्राकृतिक सौंदर्य सालभर पर्यटकों को आकर्षित करता है, लेकिन सर्दियों के मौसम में इसकी खूबसूरती और भी निखर जाती है। झरनों से गिरता हुआ पानी और हरियाली का दृश्य एक अद्भुत अनुभव प्रदान करता है। वन विभाग ने पर्यटन समिति के युवाओं के जरिए इस बार तिरिया में कई नई सुविधाएं भी जोड़ी हैं, जिनमें बेहतर पार्किंग सुविधा, बम्बू राफ्टिंग, नौका विहार और गाइड सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा, स्थानीय व्यंजन और स्थानीय संस्कृति से रूबरू करा रहे हैं। पर्यटन समिति आगामी दिनों में ट्रैकिंग और कैम्पिंग की सुविधाएं मुहैया कराने की तैयारी कर रही है। पर्यटकों ने इस स्थल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह जगह न केवल प्रकृति प्रेमियों के लिए खास है, बल्कि पिकनिक मनाने वाले लोगों का भी पंसदीन्दा स्थल बन चुका है। ट्रैकिंग और कैम्पिंग जैसी गतिविधियों के शुरू होने से अधिकाधिक युवा वर्ग तिरिया में ज्यादा आकर्षित होंगे। पर्यटन समिति के युवा पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए तिरिया को विकसित करने की योजना बनाई है। इस पहल से स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। पर्यटन समिति द्वारा यहां पर स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखने के लिए पर्यटकों से अपील करते हुए प्रकृति के इस अनुपम धरोहर के संरक्षण में सहभागी बनने का आग्रह किया गया है। वास्तव में नव वर्ष पर तिरिया की बढ़ती लोकप्रियता यह साबित करती है कि बस्तर के पर्यटन स्थलों में अपार संभावनाएं हैं, जो आने वाले समय में राज्य के पर्यटन उद्योग को एक नई दिशा दे सकती है।

## सड़क सुरक्षा माह का दूसरा दिन ट्रैफिक सुधारने जुटा यातायात अमला



पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

एक जनवरी से दंतेवाड़ा में सड़क सुरक्षा माह शुरू हो चुका है और दूसरे दिन यातायात पुलिस ने शहर में जगह-जगह वाहन चालकों को जरुरी सावधानी बरतने और ट्रैफिक को बेहतर बनाने सहयोग की अपील करते रहे। इस बीच कुछ नाबालिक बच्चे भी वाहन चलाते दिखे जिन्हें रोककर समझाइश दी गई। हेलमेट के प्रति वाहन चालकों को जागरूक किया गया। बीते साल सड़क दुर्घटनाओं में अपेक्षाकृत कमी आई यह जरूर संतोषजनक है लेकिन इससे भी अच्छा हो सकता है लिहाजा आम जनता को इस अभियान में सहयोग की दरकार होगी। सड़क सुरक्षा के पहले दिन ही सिटी कोतवाली में दंतेवाड़ा विधायक चैतराम अटामी, जिला कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने अपनी राय रखी ताकि सड़क हादसे से और कमी लाया जा सके। बहरहाल, यातायात प्रभारी संजय यादव अपने दलबल के साथ ट्रैफिक व्यवस्था सम्हाल रहे हैं।

## सुकमा के प्रथम भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण सिंह भदौरिया का जन्मदिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



पायनियर संवाददाता ◂ सुकमा
www.dailypioneer.com

जिले के प्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुण सिंह भदौरिया के जन्मोत्सव सुकमा शहर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं अरुण सिँह भदौरिया के प्रेम नगर सुकमा के निवास पर सुबह से ही भारतीय जनता पार्टी के नेता कार्यकर्ता अधिकारी कर्मचारी व्यापारी नागरिकों के द्वारा अरुण सिँह भदौरिया की जन्मदिन की बधाई सन्देश देने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा सुकमा जिले के समर्थको के द्वारा उनके दीर्घायु होने की प्रार्थना किया गया एवं अनेक कार्यक्रम सुकमा जिले मेंइआयोजित किए गए जिसमे अरुण सिंह भदौरिया एवं समर्थको के द्वारा दोपहर मे सुकमा जिले के आकर दिव्यांग आवासीय विद्यालय कुम्हार रास पहुंच कर छोटे छोटे दिव्यांग छात्र छात्रों शिक्षक शिक्षिकाओं कर्मचारी एवं समर्थको के साथ केक काटकर जन्मदिन को मनाया गया इसी क्रम मे अरुण सिँह भदौरिया के निवास मे महिलाओ के द्वारा बाजे गाजे के साथ सुंदर काण्ड का पाठ भी किया गया।

## मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन इंटक किरंदुल द्वारा नववर्ष मिलन समारोह का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com



एनएमडीसी किरंदुल परियोजना में श्रमिकों के हितों के लिए संचालित श्रमिक संघ मेटल माइन वर्कर्स यूनियन इंटक का नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम परियोजना विद्यालय के प्रांगण में मनाया गया । सर्वप्रथम एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही, महाप्रबंधक उत्पादन राजा कुमार, महाप्रबंधक विद्युत सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक खनन एस के कोचर, कार्मिक प्रमुख बी के माधव, सिविल प्रमुख टी एस रामनाथ, उप महाप्रबंधक कार्मिक नागवेणी, आर्सेलर मित्तल के डॉक्टर तेजप्रकाश ने माता भारती और छत्तीसगढ़ी महतारी के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान सामाजिक, तथा सेवानिवृत्त सदस्यों, वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले सदस्यों का भी सम्मान किया गया। तत्पश्चात मध्यप्रदेश के कटनी जिले से पधारी ख्याति प्राप्त कवयित्री प्रियंका मिश्रा, छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले से पधारे मशहूर हास्य कवि अमित दुबे तथा छत्तीसगढ़ राज्य के कोरबा से पधारे चर्चित हास्य कवि हीरा मणि वैष्णव ने देश विदेश में चल रही राजनीति एवं वर्तमान समय में जारी घटनाओं पर अपने हास्य व्यंग्य से समा बांधा। वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह को एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही, इंटक सचिव ए के सिंह ने भी संबोधित किया। इस दौरान इंटक किरंदुल के अध्यक्ष विनोद कश्यप, कार्यकारी अध्यक्ष चिन्ना स्वामी, कार्यालय सचिव रविश तिवारी, संगठन सचिव राकेश लाल, उपाध्यक्ष पतिराम बघेल, कोषाध्यक्ष ओम कुमार साहू, देवनारायण, सुरेश बारीक, बृजेश मिश्रा, टीकम साहू, सुरेश गुप्ता, सुरेश बारीक, पी एल साहू, सहित समस्त पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन बीएल तारम और दिनेश साहू एवं त्रिलोक बांधे ने संयुक्त रूप से किया।

## दंतेवाड़ा से विभाग संयोजक संतोष साहू रहे मौजूद

**दंतेवाड़ा ।** धर्मान्तरण विषय को लेकर केंद्र और राज्य की डबल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता और नए कानून की सुगबुगाहट के बीच जांजगीर-चांपा में भाजपा के महामंत्री और घर वापसी प्रांत प्रमुख प्रबलप्रताप जूदेव के लीड में सांसद बस्तर महेश नाग और जांजगीर सांसद कमलेश जांगड़े ने 600लोगों को चरण धुलाकर घर वापसी कराया। मन्त्रोंचार के बीच विधि-विधान से कराये गए घर वापसी कार्यक्रम में दंतेवाड़ा से विश्व हिंदू परिषद/बजरंगदल विभाग संयोजक संतोष साहू पूरे अनुष्ठान में सहभागी बन दंतेवाड़ा जिले का प्रतिनिधित्व किया। साहू ने बताया कि केंद्र और राज्य की सरकारें इस गंभीर मुद्दे पर नया कानून बनाने खाका तैयार करने में जुटी है और शीघ्र ही यह कानून बन जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ अरसे से ग्रामीण इलाकों में मिशनरियों के खिलाफ वातावरण बन गया है।

## कोड़ेनार में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों को दिया स्वच्छता का संदेश



पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय किरन्दुल के स्वयंसेवकों द्वारा एनएसएस शिविर के द्वितीय दिवस दोपहर 01 बजे कोड़ेनार ग्राम पंचायत में स्थित स्वामी विवेकानन्द जी की प्रतिमा के आस-पास की साफ-सफाई एवं ग्राम में स्थित सोलर पैनल की सफाई स्वयंसेवकों द्वारा की गई। जिसमें ग्राम वासियों की सहभागिता रहीं एवं बच्चों द्वारा ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। दोपहर भोजन पश्चात नर्सरी प्रबंधन द्वारा सभी स्वयंसेवकों को घरों में लगाए जाने वाले औषधीय पौधों की जानकारी दी गई। मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रत्ना वर्मा, सह कार्यक्रम अधिकारी परमेश्वरी साहू, दिनेश चलक उपस्थित थे।

## बीते साल के भ्रष्टाचार के महारथी सरकारें बदली ये नहीं बदले

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

साल गया, एक सरकार गई एक आई। कई खट्टी-मिट्ठी यादों के साथ अंग्रेजी नववर्ष में फिर ताल ठोकते सरकारी होनहार बिरवान भ्रष्टाचार के नामी चेहरे नई पारी खेलने फिर से मैदान में हैं। एक ओर ऐसे कर्मी और अधिकारी भी जिले में हैं जो ईमानदारी से अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे रहें हैं वहीं दूसरी ओर ऐसे सेवक भी हैं जो खुद की सेवा करने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड कायम कर रहें हैं। ये राजनीति में भी और जिला प्रशासन के बड़े ओहदे में बैठे अधिकारियों के प्रियपात्र बने रहते हैं। इनकी पकड़ इतनी तगड़ी होती है कि कोई भी अधिकारी या कोई भी सरकार आये इनपर फर्क नहीं पड़ता। इनमें जनपद के एक तकनीकी सहायक, शिक्षा विभाग गीदम के खंड शिक्षा अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता,आईसीडीएस विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी, वन विभाग के डीएफओ, दंतेवाड़ा परिक्षेत्र के डिप्टी रेंजर, खाद्य विभाग के अधिकारी शामिल हैं। इनका न तो तबादला होता है न इनपर कोई कार्यवाही। दूसरी ओर कुछ मामले ऐसे भी हैं जिनपर फुर्ती से कार्यवाही भी जिला प्रशासन ने दिखाई। रिकॉर्ड समय में टारगेट पूरा करते निलंबन किया, चहेते की भर्ती के लिए जिद ऐसा ठाना कि हाईकोर्ट के आदेश को भी नहीं माना। खैर, सैयाँ भये कोतवाल तो डर काहे का, भाजपा सरकार को जनता से दूर करने ये कारनामें काफी हैं। कांग्रेस वाले खेल से राहत जरूर महसूस कर रहें होंगे क्योंकि उन्हें कुछ करना नहीं पड़ रहा और सरकार कुल्हाड़ी में खुद ही पैर मार रही है।

## जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में नवपदस्थ सिविल सर्जन को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने पदभार ग्रहण करने पर दी बधाई



पायनियर संवाददाता ◂ किरंदुल
www.dailypioneer.com

दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में नवपदस्थ सिविल सर्जन डॉ अभय प्रताप तोमर ने पदभार ग्रहण किया एवं इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी के दंतेवाड़ा जिलाध्यक्ष चंचल कुमार देवांगन के नेतृत्व मे उनकी टीम ने पुष्प गुच्छ व शॉल पहनाकर नवपदस्थ सिविल सर्जन का स्वागत किया और नववर्ष 2025 की बधाई दिया एवं अस्पताल प्रबंधन से जुडी अहम मुद्दों को लेकर काफ़ी देर चर्चा भी किया। चंचल देवांगन के द्वारा यह आशा जताई गई की पूर्व की तुलना मे इस अस्पताल में आपके नवपदस्थ होने पर स्वास्थ्य व चिकित्सा से जुड़ी हर कार्यों पर तेजी आएगी। इस दौरान कार्यकारी जिलाध्यक्ष बालसिंह नेताम, उपाध्यक्ष रेवाराम नेताम, महामंत्री यमन ठाकुर, कोषाध्यक्ष मोहन बघेल, चन्नम जगनदम, मंत्री यूपी तिवारी, दीपिका साहू आदि सदस्य मौजूद थे।

## परिवहन संघ के सभी सदस्यों को आर्थिक क्षति उठाना पड़ रहा

# आमदई माइन्स में परिवहन को लेकर नारायणपुर मालक परिवहन संघ का एक दिवसीय चक्का जाम

पायनियर संवाददाता ◂ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




नारायणपुर जिला मालक परिवहन संघ के जिला अध्यक्ष किशोर आर्य, जिला सचिव रूपेश देवांगन , उपाध्यक्ष मरणशील एवं संरक्षक बृजमोहन देवांगन एवं रूपसाय सलाम द्वारा परिवहन कार्य में लगातार हो रही समस्याओ के लेकर चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में साझा करते हुए बताया गया कि आमदई माइन्स में परिवहन के लिए ट्रांसपोर्टर के साथ नारायणपुर मालक परिवहन संघ एग्रीमेंट कराने के संबंध में लिखित एवं मौखिक में निवेदन करते आ रहा है। स्वास्तिक ट्रांसपोर्टर जे. के. विल्ला सिलतरा को आमदई माइन्स में परिवहन कार्य करते हुए लगभग 11 माह हो चुका है, लेकिन आज पर्यन्त तक हमारी माँगों पर किसी भी प्रकार से सहानुभूतिपूर्वक विचार न करते हुए एवं उचित कार्यवाही नहीं किया गया है जिसके चलते परिवहन कार्य बाधित हो रही है। परिवहन संघ के सभी सदस्यों को आर्थिक क्षति उठाना पड़ रहा है। गाड़ियों की किस्त पटाने में कठिनाईयाँ आ रही है। 1 जनवरी को विश्राम गृह नारायणपुर में स्वास्तिक ट्रांसपोर्टर निवासी जे.के. विल्ला मेनरोड शंकरा, रायपुर के बीच एग्रीमेंट के संबंध में बैठक किया गया किंतु कोई भी हमारे माँगों के अनुसार सहमति नहीं बन पायी है। 2 जनवरी से 3 जनवरी तक हमारे माँगों पर विचार करते हुए अंतिम निर्णय यदि नहीं लिया जाता है तो परिवहन संघ के द्वारा 4 जनवरी से धरना स्थल कोण्डागाँव रोड गढ़बेंगाल चौक दोनों रोड में आने जाने वाले मेडिकल परिवहन एवं सुरक्षा में लगे पुलिस वाहनों को छोड़कर सभी प्रकार के दुपहिया वाहनों से लेकर यात्री बस आदि को प्रतिबंधित किया जाएगा। इस बीच में धरना स्थल पर किसी प्रकार की यात्रियों को असुविधा एवं घटना दुर्घटना होती है तो इसकी जिम्मेदारी स्वास्तिक ट्रांसपोर्टर जे. के. विल्ला सिलतरा एवं निक्को प्रबंधन की होगी । अतः नारायणपुर मालक परिवहन संघ माँग पूरा नहीं होने के कारण स्वास्तिक ट्रांसपोर्टर जे. के. विल्ला सिलतरा एवं निक्को प्रबंधन से एग्रीमेंट होते तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेगी व 4 जनवरी को सुबह 6 बजे से शाम 5 बजे तक गढ़बेंगाल चौक नारायणपुर में चक्का जाम किया जाएगा। उक्त प्रदर्शन में नारायणपुर जिले के व्यापारी संघ, विभिन्न समाज के लोग समस्त राजनीतिक पार्टियाँ, समस्त बसों के संचालक गणों का समर्थन प्राप्त हुआ है जिनका नारायणपुर मालक परिवहन संघ धन्यवाद ज्ञापित करता है।

## गीदम फिर हुआ गौरवान्वित-साक्षी सुराना बनी संभाग की पहली पायलेट

पायनियर संवाददाता ◂ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

यूं तो व्यापार नगरी गीदम कई मामलों में संभाग में अव्वल है लेकिन इस नगर की एक अलग पहचान यह भी बन रही है कि अब यह बिटिया नगरी भी बन रही हैं। यहां बिटिया कमाल करती हैं। यहां से साक्षी सुराना अब पायलेट बन गई है और उड़ान भरने को तैयार है। इसके पहले गीदम ने छत्तीसगढ़ को आईएएस और आईएफएस बिटिया दिया है। साक्षी की कहानी कुछ इस तरह है। कॉमर्स ग्रेजुएट होने के साथ बिटिया ने बीबीए कोर्स किया। कोर्स करने के बाद तुरंत ही कोविड ने पूरे देश-दुनिया को चारदीवारों में कैद कर दिया। बस इसी कैद ने रास्ता दिखाया। साक्षी बताती है कि कमरे में बंद के दौरान परिवार के सदस्यों से चर्चा में उन्होंने पायलेट बनने की इच्छा घरवालों को बताया फिर क्या था। सहमति के साथ माता -पिता और दादा-दादी को प्रेरणा बनाते मोबाइल से ही अपने उड़ान को साकार करने रास्ता खोजा और यह रास्ता लॉकडाउन खत्म होने के साथ हैदराबाद के विंग्स एविएशन बेगमपेट प्रशिक्षण सेंटर तक पहुंचा दिया। इसके बाद दो साल का कड़ा प्रशिक्षण पूरा करते 200 घंटे के लक्ष्य उड़ान का प्रमाणपत्र के साथ बिटिया अब गीदम पहुंच चुकी है। बिटिया अपने अनुभव और प्रशिक्षण के विषय में बताती है कि कुछ अलग करने का जुनून ही सफलता की गारंटी होती है। साक्षी के पिता जवाहर सुराना बिटिया के सफलता से अभिभूत है और माता खुशी के साथ कहती हैं कि कोविडकाल का यह संकल्प बिटिया ने पूरा किया। आज बिटिया की सफलता ने एक और उदाहरण बना दिया है और इस मिथक को भी तोड़ा है कि सिर्फ महानगरो में ही प्रतिभा होती है। अगर जुनून और जज्बा हो तो सफलता कदम चूमती है चाहे छोटा सा नगर गीदम ही क्यों न हो?

# जल सरंक्षण के लिए निर्माण लाखो की डबरी में पानी नहीं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना फ्लॉफ



पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के जरिए जल सरंक्षण कर आम कृषकों को लाभ पहुंचाने के लिए सरकार लाखो रुपए पानी की तरह बहा रही है बावजूद इसके यह योजना धरातल में कारगर साबित नहीं हो रहा है जिसका प्रमुख कारण निर्धारित मापदंड को दरकिनार करते निर्माण काम में लापरवाही बरतने को माना जाता है और इसकी बानगी जिला के देवभोग ब्लॉक में देखने को मिल रहा है इस ब्लॉक के खोकसरा निष्ठिगुडा कोसमकानी कुंमडाई कला जैसे करीब 13 पंचायतों में ढाई लाख से लेकर 3 लाख तक की लागत से डबरी बनाया गया है लेकिन उक्त डबरियो निर्धारित गहराई नहीं होने के कारण आज घुटना के नीचे तक पानी नहीं रह पा रहा है जिसे देख अक्सर ग्रामीण जनप्रतिनिधि यह योजना को धरातल में फ्लॉफबता रहे हैं शायद यही वजह है कि इस योजना का लाभ भी किसानो को शत प्रतिशत नहीं मिल पा रहा है जबकि इस योजना के जरिए सैकडो किसानो को लाभ दिलाने के लिए 30 लाख से अधिक राशि जारी बताते है जिसमें से ज्यादातर राशि निर्माण एजेंसी को भी देने की बात सामने आती हैं गौरतलब हो प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत डबरी को जेसीबी से खुदवाया गया फिर भी डबरी की कई कम गहराई देखा जा सकता है मतलब खोदवाए डबरी में पानी का संरक्षित होना मुश्किल है जबकि ऐसे डबरियो में बरसात भर पानी रहने की बात जानकर बताते है ताकि उक्त डबरी से कृषक को सरकार के मंशा अनुरूप लाभ मिल सके जिसके लिए अधिकारी भी गंभीर नहीं है ऐसे में खेत में पानी की भौतिक पहुंच बढ़ाने और सुनिश्चित सिंचाई के तहत खेती योग्य क्षेत्र का विस्तार करने खेत में पानी के उपयोग की दक्षता में सुधार करने स्थायी जल संरक्षण प्रथाओं को शुरू करने जैसे आदि सरकार की मंशा किस तरह पूरा हो सकता है।

### योजना के उद्देश्यों पर भी ग्रहण

डबरी के जरिए जल सरंक्षण कर खेत में सिंचाई करने और मछली पालन करने के साथ साथ सब्जी भाजी टमाटर सहित अन्य लगाया जा सकता है और इसके जरिए किसान अपनी आर्थिक उन्नति कर परिवार का भरन पोषण आसानी से कर सकते है ऐसे तमाम उद्देश्यों के साथ इस योजना को लागू किया गया लेकिन धरातल के माफ्दंड विपरीत काम ने सारे उद्देश्य पर ग्रहण लगा दिया है जिससे विभागीय ज़िम्मेदार भी भली भांति अवगत हैं बावजूद इसके कार्यों को माफ्दंड अनुसार कराने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे है यही कारण हैं कि इस योजना से ना जल सरंक्षण हो पा रहा है और ना किसानो को किसी प्रकार लाभ मिल रहा है मतलब यह योजना आम किसानो के लिए सफेद हाथी साबित होता नजर आ रहा है हालांकि जिला प्रशासन और राज्य स्तर पर कागजी रिपोर्ट परोसते योजना को लाभकारी बताने में अधिकारी पीछे भी नहीं है जबकि जमीनी स्तर पर हकीकत कुछ और बयां कर रही है ।

### कलेक्टर के निगरानी में जांच की मांग

जिस तरह डबरी कार्य में लापरवाही बरता गया है उसे लेकर ग्राम समितियों में भी आक्रोश है और कलेक्टर के निगरानी में जांच कराने की मांग किया जा रहा है ताकि बचत कार्य को माफ्दंड अनुसार कराया जा सके क्योंकि पूरी वस्तु स्तिथि से अवगत विभागीय अधिकारियों से नियमानुसार काम की कल्पना करना फिजूल होगा ऐसे में कलेक्टर दीपक अग्रवाल से जांच और कार्यवाही करते नियमानुसार डबरी कार्य होने की पूरी उम्मीद बनी है हालांकि कुछ ग्रामीण केंद्रीय मंत्री से पत्राचार के माध्यम से शिकायत कर कार्यवाही की मांग करेंगे ताकि जिम्मेदारों के काम काज में सुधार लाया जा सके।

# शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर सख्त कार्यवाही लगातार जारी

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम एवं शराबी वाहन चालको पर सख्त कार्यवाही करने हेतु ऑपरेशन विश्वास के तहत यातायात पुलिस द्वारा लगातार चेकिंग अभियान चलायाजा रहा है। इसी क्रम में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा यातायात पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की चेकिंग कर उनके वाहन विधिवत जप्त करते हुए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया भी लगातार कीजा रही है। चेकिंग अभियान में यातायात शाखा सिमगा में ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग कर 06 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया। पुलिस द्वारा इन सभी 06 प्रकरणों में चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए, इनके वाहन विधिवत जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसमें दिनांक 02.01.2025 को माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 06 प्रकरण में वाहन चालकों को पृथक-पृथक 10,000-10,000 अर्थदंड का आदेशदिया गया है। इस प्रकार जिला



बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की संपूर्ण कार्यवाही में माननीय न्यायालय द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 06 वाहन चालकों को कुल 60,000 (साठ हजार रूपये) का अर्थदण्ड से दंडित कियागया है। पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों पर कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना के तहत परीक्षा 16 फरवरी को

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति योजना एनएमएमएसई के तहत फरवरी 2025 में परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें चयनित कक्षा आठवीं में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी को नवमीं से बारहवीं तक पढ़ाई के लिए हर माह एक.एक हजार रूपये की छात्रवृत्ति केन्द्र सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति योजना के तहत 16 फरवरी 2025 को परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके लिए फार्म भरने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यार्थी द्वारा ऑफलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 9 जनवरी है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दिशा.निर्देश जारी कर दिए है। पूर्व में उक्त परीक्षा एवं फार्म भरने की प्रक्रिया राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद एससीईआरटी रायपुर के माध्यम से होती थी। छ0ग0 राज्य शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आदेश जारी कर इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस परीक्षा के लिए राज्य शासन द्वारा संचालित शासकीय, शासकीय अनुदान प्राप्त, स्थानीय निकाय के स्कूल में कक्षा आठवीं के ऐसे विद्यार्थी जो पिछली कथा कक्षा सातवीं में न्यूनतम 55 प्रतिशत एससी.एसटी हेतु 5 प्रतिशत छूट अंक के साथ उत्तीर्ण हुए हों, साथ ही विद्यार्थी के माता.पिता अथवा पालक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 3.50 लाख रूपये से अधिक ना हो। केन्द्रीय, नवोदय, निजी एवं आवासीय विद्यालय के विद्यार्थी इस योजना के लिए पात्र नहीं होगें।

# धमतरी जिला मे पटवारी संघ विलय होकर एक हुए



पायनियर संवाददाता ‹ कुरूद
www.dailypioneer.com

धमतरी जिले में राजस्व पटवारी दो संघो में बंटा था, एक छत्तीसगढ़ पटवारी संघ और दूसरा राजस्व पटवारी संघ, चुंकि प्रदेश में राजस्व पटवारी संघ में 95 पटवारी थे और दूसरे संघ में मात्र 5 पटवारी ही थे, धमतरी जिले में भी लगभग यही अनुपात था, पर आज दोनों ही संघो के जिलाध्यक्ष वराखन कश्यप और वासुदेव भोई ने खुशनुमा माहौल में अपने संघ के वरिष्ठ साथी घनश्याम यादव और चंद्रकुमार सिन्हा, प्रांतीय प्रवक्त I वीरेंद्र बैस के संरक्षण में एकीकरण हुआ, अब जिले में पटवारियों का एक संघ राजस्व पटवारी संघ ही रहेगा, धमतरी स्थित पटवारी भवन में हुई बैठक में धमतरी तहसील अध्यक्ष विकास साहू , भखारा तहसील अध्यक्ष सौरभ साहू, कुरुद तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण नरेटी, प्रवीण टिकरिया, संतोष शांडिल्य, धृतलहरे , पन्ना लाल ठाकुर , इरफ़ान खान , प्रकाश साहू, पारस चंद्राकर, प्रमोद मिश्रा, योगेंद्र कलमकार,बबिता साहु, लक्ष्मी मरकाम, डामेश्वरी देवांगन,ममता सिन्हा,तुकेन्द्र धनकर, हिरेन्द्र सिन्हा, दीपक नेताम आदि उपस्थित थे.. उक्त जानकारी प्रांतीय प्रवक्त I वीरेंद्र बैस ने दी।

# छात्रों को एनएसएस शिविर एवं बैंक का कराया गया भ्रमण



पायनियर संवाददाता ‹ भंवरपुर
www.dailypioneer.com

शासकीय हाईस्कूल रोहिना के छात्रों को 1 जनवरी को शाउमावि दुलारपाली द्वारा ग्राम छिर्रालेवा में आयोजित एनएसएस शिविर एवं भारतीय स्टेट बैंक बिछिया का भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर स्कूलों में संचालित होने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना के क्रियाकलाप एवं गतिविधियों की जानकारी दी गई तथा बौद्धिक चर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भी भाग लिये। शिविर से लौटते समय भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिछिया का भी भ्रमण कराया गया। जहां छात्रों को प्राचार्य अजय जायसवाल ने बैंकिंग संबंधी जानकारी दी गई। छात्रों ने कैशीयर एवं शाखा प्रबंधक से भी मुलाकात की। इस दौरान प्राचार्य अजय कुमार जायसवाल व्याख्याता कमलेश साहू, कांति कुमार साहू, सहायक शिक्षक कैलाश कमार, शाला नायक सुमित्रा यादव, सीमा सेठ, दिव्या राणा, खुशबू यादव, जसमोती, संदीप सेठ, अजय राणा, सुमित यादव आदि उपस्थित थे।

# कार्यपालन अभियंता टीकम चंद वर्मा को सेवानिवृत होने पर दी गई विदाई

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



लोक निर्माण विभाग में लंबे समय से पदस्थ कार्यपालन अभियंता टीकम चंद वर्मा अधिवार्षिकी आयु पूर्ण करने के बाद शासकीय सेवा से निवृत्त हो गये। लोक निर्माण विभाग के कार्यालय परिसर में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में विभाग की ओर से वर्मा को भावभीनी बिदाई दी गई। राज्य सरकार के निर्देशानुसार उनके विभिन्न स्वत्वों की स्वीकृति पत्र की प्रति भी सौंपी गई। विभाग की ओर से वर्तमान कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा ने उनका शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया एवं उन्हें प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके स्वस्थ एवं सुदीर्घ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी गई। शर्मा ने कहा कार्य के प्रति वर्मा जी का ललक काबिले ए तारीफ है उनकी जितनी प्रशंसा की जाएं वह कम है। उम्र की इस दौर में वे हमेशा हंसते हुए जूझकर कार्य करते रहे है.जो हम सब के साथ ही नए अधिकारियों के लिए प्रेरणादायक है। उनके योगदान एवं उत्कृष्ठ कार्यों के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। इसके साथ ही मुझे बताया गया कि यहां बलौदाबाजार महज 20 दिनों में नवीन मंडी परिसर को 500 बिस्तर कोविड हॉस्पिटल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका वर्मा ने अदा की थी। उक्त हॉस्पिटल दूसरी कोविड लहर के दौरान यह कोविड हॉस्पिटल से हज़ारों लोगों का जान बचायी गई थी। इसके लिए उन्हें सदैव याद किए जाएंगे। सेवानिवृत्त वर्मा ने विदाई सम्बोधन में अपनी सेवा काल के महत्वपूर्ण संस्मरण सुनाये और शासकीय सेवाकाल के सफ्लतापूर्ण संपन्न होने पर सभी सहयोगी अधिकारी एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वर्मा ने कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग बलौदाबाजार (16 अगस्त 2019 से 04 दिसंबर 2024) उपअभियंता, लोक निर्माण विभाग संभाग महासमुंद (22. फ्रवरी 1988 से 01अक्टूबर 2004) अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग संभाग धमतरी (01 अगस्त 2014 से 25 अगस्त 2017) इसके बाद 16 अगस्त 2019 से कार्यपालन अभियंता बलौदाबाजार के रुप में अपनी सेवाएं देते हुए अधिवार्षिकी आयु पूर्ण की। इस तरह उन्होने लगभग लोक निर्माण विभाग में 36 वर्ष की सेवा पूर्ण की हैं। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी मदन लाल नायक,प्रबोध कुमार गुप्ता,आर. के.साहू, राम कुमार बंसारे, प्रभारी अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ, आर.एस. खोब्रागढे, संभागीय लेखाधिकारी उपअभियंता विभाकर जोशी,भरत देवांगन, रीना कोरी, उपअभियंता, असीम प्रभा पैकरा, उपअभियंता एवं समस्त उपअभियंता एवं छोटेलाल पैकरा, मानचित्रकार,बृजलाल दिवाकर, वरिष्ठ लेखा लिपिक,योगेन्द्र वर्मा,सहायक ग्रेड-02, गोविंद सिंह ठाकुर, सहायक मानचित्रकार, कमलेश कुमार साहू, सहायक ग्रेड-02 तथा समस्त ठेकेदार लोक निर्माण विभाग संभाग बलौदाबाजार सहित अन्य विभागों के कर्मचारी अधिकारी गण मौजूद थे।

# बच्चों में स्वावलंबन का विकास करने के उद्देश्य से किया गया बाल आनन्द मेला



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्राथमिक विद्यालय हटकेसर में विद्यालय के बच्चों के विकास हेतु बाल आनन्द मेला का आयोजन किया गया जिसमें सभी शिक्षक एवं बच्चों ने अपनी सहभागिता दी। मेले में कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के बच्चों ने अलग अलग स्टॉल लगाया जहां वार्ड से पालकों और वार्डवासियों के साथ मिडिल और हाई स्कूल के अध्यापक और बच्चे भी शामिल होकर पकवानों का आनन्द लिया और बच्चों को उत्साहित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक गीता शाह, भुवनेश्वरी नीले, नीतेश्वरी सिन्हा, बच्चों का स्टॉल सम्भाल रहे थे एवं केसर सिन्हा, उषा साहू और हुलाश साहू, अंचल चंद्राकर, चंपा चंद्राकर, शशि प्रभा सोनवानि, वैभव सर प्रबंधन का भी कार्य कर रहे थे। समाज से भरत देवांगन बच्चों के साथ अच्छे सहभागी बने। बच्चों द्वारा इडली, भेल, चाय, पास्ता, भजिया, पकोड़े, गुपचुप, पोहा, चना और केक आदि ऐसे अनेकों स्टॉल लगे हुए थे जहां सभी बच्चों द्वारा अच्छा प्रदर्शन हुआ। स्कूल के समन्वयक दीपक सिंह ठाकुर ने बच्चों से कहा कि हमे इस तरह के कार्यक्रम से हमे स्वावलंबन की प्रेरणा मिलती है और समाज को आगे बढ़ने की भी प्रेरणा मिलती है। हमे इस रचनात्मक कार्यो को और भी क्षेत्रों में प्रगतिशील बनाना चाहिए।

# भखारा शराब भट्ठी में गुण्डागर्दी करने वाले आरोपीगण पुलिस गिरफ्त में

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रार्थी पोषण लाल साहू पिता स्व0 तोरण लाल साहू उम्र 37 वर्ष साकिन चारभाठा थाना रानीतराई जिला दुर्ग के द्वारा 30 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह धनराज उर्फ बुग्गी प्रणय निर्मलकर उर्फ टेरगू तथा उनके अन्य 05.06 साथियो के द्वारा हाथ में डण्डा एवं लोहे का राड, लोहे का पंच एवं कडा पकडकर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते भखारा के शासकीय अंग्रेजी शराब दुकान में घुसकर हाथ मुक्का से मारपीट कर मोबाईल को छिनकर ले गया कि रिपोर्ट अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया जिस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए विवेचना के दौरान अंग्रेजी शराब दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरा को बारिकी से चेक करने पर आरोपीगण वेदनारायण उर्फ बेदू, हेम सागर मंडावी, दानेश्वर साहू उर्फ दानु एवं विनोद साहू को पकडकर थाना लाकर कड़ाई से पूछताछ किये जिन्होंने अपना अपना अपराध स्वीकार किये तथा घटना के समय पकडे लाठी, डण्डा, लोहे का राड, पंच एवं कडा चुडा को छिपाये स्थान पर ले जाकर बरामद कराने पर गवाहों के समक्ष जप्त किया गया एवं आरोपियों के विरुद्ध थाना भखारा में अप0क्र0 231/24 धारा 296, 115-02, 351-2, 331-6, 310-2 बीएनएस के तहत कार्यवाही कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है एवं दो आरोपी घटना कारित कर फ्रार हो गये हैं, जिन्हें जल्द गिरफ्तार किया जायेगा, अभी लगातार पतासाजी किया गया जा रहा है। सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी भखारा निरीक्षक लेखराम ठाकुर, सउनि0 नीरज दुबे, आर0 दुष्यंत सिन्हा, खुमान लाल साहू, संदीप साहू, हरिशंकर सिन्हा, गजेन्द्र टण्डन, ईश्वर साहू का विशेष योगदान रहा।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कार्यों के प्रगति की समीक्षा की गई



पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के नगरी और मगरलोड के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग के हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, सुकन्या समृद्धि, महतारी वंदन योजना, जनधन खाता, जन्म प्रमाण पत्र, कुपोषण मुक्ति, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आधार कार्ड, पेंशन योजना, राशन, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, फसल बीमा, सिकलसेल, सुरक्षा बीमा योजना, ऋण पुस्तिका इत्यादि से लाभान्वित किया जा रहा है। कोई भी कमार परिवार किसी भी योजना से वंचित ना रहे और और इनका कमार बसाहटों में शत.प्रतिशत क्रिर्यान्वयन सुनिश्चित हो, इसके मद्देनजर नगरी स्थित साहू सदन में कमार समाज के पदाधिकारियों की उपस्थिति में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति नोडल अधिकारियों और समाज प्रमुखों से आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। इस अवसर पर शासन, समाज, सहभागिता दिखाते हुए प्रधानमंत्री जनमन योजना को शत.प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के प्रयास किये जायेंगे। कमार समाज द्वारा बैठक में शासन को धन्यवाद देते हुए आगामी समय मे हितग्राहियों से समन्वय स्थापित करते हुए योजना लाभ दिलाने की सहमति दी गयी। बैठक में सभी एसडीएम, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासकीय,निजी स्कूलों में होगा गौ विज्ञान परीक्षा

## जिले के 10 हजार विद्यार्थियों ने कराया पंजीयन

पायनियर संवाददाता ‹ धमतरी
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति जागृति मंडल रायपुर द्वारा पूरे प्रदेश भर में सरकारी एवं निजी स्कूलों में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है धमतरी जिले के परीक्षा प्रमुख विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि गौ विज्ञान परीक्षा में पूरे छत्तीसगढ़ में एक लाख दस हजार छात्र छात्राएं सम्मिलित होंगे जिसमें धमतरी जिले के 10000 दस हजार छात्र छात्राओं ने इस परीक्षा में बैठने के लिए अपना पंजीयन कराया है। इस परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए प्रत्येक जिलों में जिला परीक्षा प्रमुख बनाया गया है। धमतरी जिला परीक्षा प्रमुख विनोद कुमार पांडेय प्राचार्य ज्ञान अमृत विद्यालय धमतरी सहित प्रत्येक ब्लॉक में नोडल अधिकारियो की नियुक्ति की गई है। धमतरी ब्लॉक से राकेश कुमार साहू व्याख्याता भोथली, कुरूद ब्लाक से कुलेश्वर सिन्हा



बीआरसीसी एवं रामदयाल साहू व्याख्याता आत्मानंद स्कूल, मगरलोड से आत्माराम साहू व्याख्याता एवं नगरी ब्लाक से राजेश तिवारी प्रभारी प्राचार्य घठुला को नोडल अधिकारी बनाया गया है। सभी नोडल अधिकारी द्वारा अपने.अपने क्षेत्रों के स्कूलों में सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन के लिए परीक्षा सामग्री का वितरण पूर्ण कर लिया गया है। गौ विज्ञान परीक्षा तीन ग्रुप में होगी। ग्रुप ए में छठवीं से आठवीं तक, बी ग्रुप में 9वी से 12वीं तक एवं सी ग्रुप में महाविद्यालय स्तर की परीक्षा होगी। गौ विज्ञान परीक्षा तीन चरणों में पूर्ण होगी जिले के पंजीकृत छात्रो की प्रथम चरण की परीक्षा स्वयं के विद्यालय एवं महाविद्यालय में 4 जनवरी 2025 को आयोजित होगी। तत्पश्चात द्वितीय चरण की परीक्षा 11 जनवरी से 19 जनवरी के मध्य जिला केंद्र में होगी एवं तृतीय चरण के परीक्षा रायपुर में आयोजित की जाएगी। जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को आकर्षक पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। द्वितीय चरण की परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः 5100, 3100, 1100 की राशि गौ उत्पाद किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। राज्य स्तर पर प्रत्येक ग्रुप को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान के लिए 51000, 31000, 21000 रु गौ उत्पाद किट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। परीक्षा में बैठने वाले सभी छात्रों को गौ धर्म एवं विज्ञान ग्रंथ का वितरण किया गया परीक्षा में इस ग्रंथ से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन के लिए व्यवस्था बनाने में लक्ष्मण राव मगर, गजेंद्र पटेल, तरुण भांडे, बसंत गजेंद्र, सोमन साहू, पवन साहू सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे है।

### माय भारत पोर्टल के जरिए शॉर्ट टर्म इंटर्नशिप प्रोग्राम में युवा ले सकेंगे हिस्सा

**धमतरी।** भारत सरकार द्वारा शासन के विभिन्न विभागों में स्नातक युवाओं के लिए एक्सपरिमेंटल लर्निंग अपॉर्चुनिटी की शुरूआत की गई है, जो कि माय भारत पोर्टल पर उपलब्ध है। यह एक शॉर्ट टर्म इंटर्नशिप प्रोग्राम है। इसके अंतर्गत भारत सरकार के विभिन्न विभागों की भांति भारतीय डाक विभाग में भी इंटर्नशिप की योजना है। भारतीय डाक विभाग के छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के सभी 6 संभागों में यह इंटर्नशिप योजना उपलब्ध है। उप संभागीय निरीक्षक, धमतरी डाक उप संभाग परमेश्वर कुमार साहू ने बताया कि रायपुर डाक संभाग में अधिकतम 50 युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान किया जाएगा, जिसमें प्रति कार्यदिवस 4 घंटे की उपस्थिति हेतु दो हजार पांच सौ रूपये स्कॉलरशिप प्रदान किया जाएगा। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2025 है।

# बलौदा में जन चौपाल लगाकर विधायक सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद अंचल के दूरस्थ क्षेत्र बलौदा में जन चौपाल लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। जन चौपाल में बलौदा के सरपंच और ग्रामीणों ने दर्जनों की संख्या में विधायक चातुरी नंद से भेंटकर गांव में हाई मास्क लाइट लगाने का अनुरोध किया जिस पर विधायक नंद ने जल्द लाइट लगाने का आश्वासन दिया। इसी तरह ग्राम पंचायत कुसमीसरार के आश्रित ग्राम भूरसापाली के ग्रामीणों ने भी हाई मास्क लाइट लगाने का निवेदन किया जिस पर उन्होंने जल्द उजाला फैलाने का आश्वासन दिया। इसी तरह ग्राम जामपाली के गौतम हरिहर और बलौदा की ज्योति सामंतराय ने नवीन राशन कार्ड बनाने का आग्रह किया जिस पर विधायक नंद ने मौके पर ही जनपद पंचायत सरायपाली के सीईओ को नियमानुसार जल्द राशन कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में ग्राम अमलडीह के चुलचंद्र सोना ने आंगनबाड़ी भवन निर्माण में राशि आहरित करने के बावजूद भवन निर्माण नहीं करने का आरोप लगाते हुए जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग की जिस पर विधायक नंद ने जनपद सीईओ को यथाशीघ्र कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। विधायक नंद को ग्राम बलौदा के प्रवीण प्रधान ने बैडमिंटन कोर्ट के लिए राशि स्वीकृत कराने के लिए ज्ञापन सौंपा जिस पर विधायक ने खेलों को बढ़ावा देने की बात कहते हुए बैडमिंटन कोर्ट के लिए जल्द राशि स्वीकृति कराने का आश्वासन दिया। जन चौपाल में दुर्गा वाहिनी के सदस्यों, ग्राम बलौदा की मीरा सोनी, जीवधन रोतीया समेत क्षेत्र के ग्रामीणों ने विधायक नंद को अपनी समस्याएं सुनाई। पिछले जन चौपाल में नवीन राशन कार्ड बनाने की मांग लेकर मिलने वालों विदेशनी राणा पति सदानंद राणा सहित अन्य लोगों ने राशन कार्ड जारी होने पर खुशी जाहिर करते हुए विधायक चातुरी नंद का आभार व्यक्त किया। विदित हो कि पिछले जन चौपाल में बलौदा के कई ग्रामीणों ने नवीन राशनकार्ड नहीं बनने की शिकायत विधायक चातुरी नंद से की थी जिस पर विधायक नंद ने सीईओ जनपद पंचायत सरायपाली को जल्द राशन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया था जिसके बाद नवीन राशनकार्ड जारी कर दिए गए है। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, सरपंच विनोद दीवान, सूर्या पटेल, नीलांचल भोई, चतुर्भुज डड़सेना, विकास सोना समेत कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्तागण और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा पर कार्यशाला का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



दुर्ग विकासखण्ड अंतर्गत विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दीपक नगर दुर्ग में विकासखण्ड स्तरीय राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें विकासखण्ड के 148 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक, नोडल अधिकारी व प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविन्द साव ने कहा कि विकासखण्ड में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के साथ-साथ नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, जवाहर उत्कर्ष चयन परीक्षा, गणित-विज्ञान ऑलम्पियाड, श्रेष्ठा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षा हेतु नियमित तैयारी कराया जा रहा है जो अत्यंत प्रशंसनीय है। बीईओ ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा फार्म भरकर नियमित अध्यापन करने कहा और गतवर्ष की अपेक्षा अच्छा परिणाम आने प्रयास करने कहा । कार्यशाला हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए प्राचार्य सेजश दीपक नगर शेफाली सोनी ने विकासखण्ड में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे तैयारी की प्रशंसा करते हुए अग्रिम बधाई प्रेषित की। जिला प्रभारी टी.के. वर्मा ने प्रभारी शिक्षकों को परीक्षा फार्म की महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं दस्तावेज की विस्तृत जानकारी दी । कार्यशाला में जिला नोडल अधिकारी पवन सिंह ने कार्यशाला में आवेदन पत्र व नामिनल रोल भरने, आवश्यक दस्तावेज, सवाल को कम समय में हल करने का तरीका एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विस्तृत जानकारी दिए। विकासखण्ड नोडल अधिकारी पोषण मारकण्डे ने निर्धारित समय पर आवेदन पत्र को केन्द्र में जमा करने का अपील किया जिससे अधिक से अधिक बच्चे परीक्षा में शामिल हो सके । इस कार्यशाला में प्रधान पाठक नेमसिंह साहू, ममता साहू, नीतू बागड़े, संकुल समन्वयक प्रणव मण्डरिक, किशोर दिल्लीवार, इन्द्रेश बंजारे, अनुपम अग्रवाल, नोडल शिक्षक डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. संगीता चन्द्राकर, डॉ सारिका शर्मा, तामेश्वर देशमुख, श्वेता दुबे, मिली तिवारी, उषा सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# वन परिक्षेत्र कार्यालय एवं आवास परिसर का हुआ लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



बसना काष्ठागार में 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित वन परिक्षेत्र कार्यालय एवं 20 लाख रुपए की लागत से निर्मित आवास परिसर का लोकार्पण कार्यक्रम महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी एवं बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल की आतिथ्य में संपन्न हुआ। सर्वप्रथम उन्होंने पूजा अर्चना कर फीता काट कर लोकार्पण किया इस दौरान उन्होंने एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण भी किया। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि वन परिक्षेत्र कार्यालय से क्षेत्रवासियों को बहुत ही अधिक सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही आवास परिसर में वन अधिकारियों को निवास करने में अधिक से अधिक सुविधा का लाभ मिलेगा। जिससे वें सभी गर्मी एवं ठण्डी मौसम के साथ साथ हर समय जनता के सहयोग के लिए उपस्थित रह सकते हैं। हमारी डबल इंजन की भाजपा सरकार लगातार वन विभाग सहित हर एक विभाग में अधिक से अधिक विकास कार्यों को बढ़ावा दे रही है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे वन मंत्री केदार कश्यप वन क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों व वृक्षारोपण पर नये नये तरीके से निरंतर प्रयास कर रहे हैं। सभी अधिकारियों को कहना चाहूंगा कि क्षेत्र के जनता से सामंजस्य स्थापित कर सरकार की सभी विकास कार्यों को जमीन स्तर पर उतारने में सरकार की सहयोग करें। अभी भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण हुआ है इस एक वर्ष के कार्यकाल में भाजपा सरकार ने बसना विधानसभा को 400 करोड़ से भी अधिक राशि का विकास कार्य स्वीकृत किए हैं। अभी अनेकों स्कूल एवं अस्पताल का निर्माण कार्य किया जाना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, विधानसभा संयोजक डॉ.एनके अग्रवाल, महासमुंद वन मण्डलाधिकारी पंकज सिंह राजपूत, वन परिक्षेत्र अधिकारी सुखराम निराला, भाजपा नेता सतीश अग्रवाल, सरायपाली एसडीओ अनिल भास्करन, मण्डल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, विधायक

# फुलझर प्रीमियर लीग का शानदार आगाज, बैतारी के दीना काशी मैदान में हो रहा है ड्युज गेंद टूर्नामेंट



पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

फुलझर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शानदार आगाज बैतारी में गुरुवार को हुआ। फुलझर क्रिकेट संघ एवं मां रुद्रेश्वरी क्रिकेट क्लब बैतारी के तत्वावधान में दीना काशी मैदान में आयोजित इस प्रतियोगिता में आठ टीम शामिल किये गये हैं जिसमें फुलझर अंचल के होनहार खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि किरण कुमार साहू संस्थापक मित्रा फिट क्लब तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष राजेश मित्तल दीनालाल कांशीराम फर्म ने पीसीएस तथा एम आर सीसी बैतारी का ध्वजारोहण कर किया। मैदान में पूजा अर्चना कर वृहद प्रतियोगिता के सफल होने की मंगलकामनाएं की। विशिष्ट अतिथि के रुप में सरपंच बैतारी वासुदेव मांझी, पीसीएस अध्यक्ष शैलेंद्र साहू, पीसीएस सलाहकार युधिष्ठिर साहू, संगठन सचिव मालिक राम पटेल, मित्रा फिट क्लब के संचालक बसना वीरेंद्र अंजनी साहू, पिथौरा हेमंत कौशल्या नायक, नर्सिंग प्रधान आरंग, प्रवीण कुमार साहू पदमपुर थे।

## टीम मालिकों की उपस्थिति में ट्रॉफी का अनावरण

अतिथियों के द्वारा टीम मालिकों की में ट्राफी और गणवेश का अनावरण किया गया। जिसमें टीम वृंदावन वारियर्स के मालिक ओमप्रकाश मांझी, डेंजरस दृश्यम के उमाशंकर ध्रुव, समृद्धि इलेवन जीतेन्द्र निषाद, सचिन शर्मा, एन एन किंग नीलांचल पांडे, नुराधन साहू, एस एस टर्मिनेटर धीरेन्द्र साहू, ग्रेंड रिवेंज गिरजा शंकर स्वर्णकार राकेश साहू, चौधरी स्ट्राइकर रमेश चौधरी, विराट आरपी इलेवन के टीम मालिक राजेश बारिक की मौजूदगी में किया गया। मुख्य अतिथि साहू ने सभी खिलाड़ियों ओ हमेशा फीट रहने की सलाह दी। सभी टीमों के खिलाड़ियों को भी उन्होंने अपने फिटनेस पर विशेष ध्यान देने को कहा। क्रिकेट में कोई खिलाड़ी आगे बढ़ता है तै उन्होंने नीजी तौर पर सहयोग करने की बात कही। आयोजन के लिए पीसीएस और आयोजन समिति बैतारी को अपनी शुभकामनाएं दी। अग्रवाल ने कहा कि इस मैदान में खिलाड़ी अपना कौशल दिखा रहे हैं उन्हें भी बेहद खुशी होती है कि यहां के खिलाड़ी आगे जाकर नाम रोशन करें। जिससे फुलझर क्षेत्र का नाम रोशन हो सके। प्रतियोगिता के प्रायोजक मित्र फिट क्लब है। एफपीएल चैयरमेन सुनील साहू ने सभी का सहयोग तथा आशीर्वाद बनाये रखने के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान एमारसीसी अध्यक्ष नवीन साहू, आशीष शनिकर सहित सभी टीमों एक कैप्टन, खिलाड़ी मौजूद थे।

# मिशन शक्ति जिला महिला सशक्तिकरण हब के तहत कौशल परीक्षा और साक्षात्कार 8 को

**कवर्धा।** महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम (छत्तीसगढ़) के अंतर्गत ''मिशन शक्ति'' जिला महिला सशक्तिकरण हब के विभिन्न पदों की संविदा भर्ती के लिए जारी विज्ञापन के तहत कौशल परीक्षा और साक्षात्कार आयोजित किए जा रहे हैं। जिला स्तरीय चयन समिति की अनुशंसा अनुसार वित्तीय साक्षरता एवं समन्वयक विशेषज्ञ, कार्यालय सहायक, डाटा एंट्री ऑपरेटर और मल्टी टास्क स्टाफपदों के लिए पात्र अभ्यर्थियों की कौशल परीक्षा 8 जनवरी 2025, बुधवार को सुबह 09:00 बजे कलेक्टर कार्यालय (एनआईसी कक्ष) में तथा साक्षात्कार दोपहर 02:00 बजे जिला पंचायत, कबीरधाम में आयोजित किया जाएगा। अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर निर्धारित तिथि और समय से एक घंटे पूर्व उपस्थित होना अनिवार्य है। इसी दिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र के साथ संलग्न सभी दस्तावेजों का सत्यापन भी किया जाएगा।

# भाजपा सरकार में 48 घंटे में 5 हत्याओं से राजधानी में डर का माहौल : नवीन गुप्ता

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



48 घंटे में राजधानी में पांच हत्या की घटना हुई है समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता ने कहा कि रोज हो रही हत्यायों से पूरी राजधानी में भय का माहौल है रायपुर में हत्या और चाकूबाजी की घटनाये लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। जब से राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, राजधानी रायपुर में औसतन रोज तीन हत्या हो रही है। ऐसा कोई दिन नहीं होता भयावह हत्या की एक दो घटनाएं न होती हो, अपराधी इतने बेलगाम हो गये है कि सरेआम सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर चाकू मार रहे, पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। रोज हो रहे सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश शर्मसार। पूरे प्रदेश में नागरिकों को भय के माहौल में जीवन जीना पड़ रहा है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाएं बढ़ गयी। रोज समाचारों में प्रदेश भर में तीन से चार मासूब अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरें सामने आ रही। और अपराधिक तत्व इतने बेखौफहो गये है कि उनमें पुलिस का भय जरा भी नहीं बचा है। राह चलते किसी को भी चाकू मार दी जा रही, सड़कों पर खुलेआम हत्या हो रही है। प्रदेश में जब से भाजपा की सरकार बनी है राजधानी में सरेआम गोलीबारी की पांच घटनाएं हो चुकी है। सरकार की नाकामी और पुलिस की लापरवाही का परिणाम है कि प्रदेश की राजधानी असुरक्षित हो चुकी है। राजधानी रायपुर चाकूपुर बन गया है। प्रदेश के लगभग सभी शहरों में रोज ही हत्याएं हो रही है।

और भाजपा सरकार की प्राथमिकता में कानून व्यवस्था है ही नही। इसलिये अपराधिक घटनाये बढ़ रही है। सरकार अपराधियों पर लगाम कसने के बजाये उनकी संरक्षक बन गयी है। प्रदेश की कानून व्यवस्था दिनोदिन और बिगड़ते जा रही है और सरकार मूकबधिर बनकर बैठी हुई है अब तो हत्या, अपराध की घटनाये बर्दाशत के बाहर हो गयी है।

# कलेक्टर गोपाल वर्मा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक में लंबित प्रकरणों पर जताई नाराजगी, शीघ्र निराकरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने लंबित मामलों पर कड़ी नाराजगी जताई और अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर सभी प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलवार अविवादित और विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, त्रुटि सुधार, डायवर्सन, नक्शा बटांकन की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण में ऐसे तहसील जिनकी प्रगति प्रतिशत कम है, उन्हें इस मामले में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। विवादित बटवारा के प्रकरण 6 माह से ज्यादा लंबित न हो। सीमांकन के प्रकरणों को भी तेजी से निराकृत करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर मती मोनिका कौड़ो, सर्व एसडीएम कवर्धा अनुपम टोप्पो, पंडरिया संदीप ठाकुर, बोड़ला विनय पोयाम, सहसपुर लोहारा आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर आरबी देवांगन सहित सर्व तहसीलदार उपस्थित थे। उपस्थित थे। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने लंबित प्रकरणों की अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर समीक्षा की। उन्होंने एक माह से कम समय के भीतर लंबित प्रकरण, एक से तीन माह के भीतर लंबित प्रकरण, छह माह से अधिक समय से लंबित प्रकरण का विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि इन सभी श्रेणियों के मामलों का शीघ्र निपटारा किया जाना चाहिए और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए संवेदनशील होकर कार्य करना चाहिए, ताकि जनता का विश्वास प्रशासन पर बना रहे। उन्होंने कहा कि अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, त्रुटि सुधार के प्रकरण एवं अन्य राजस्व प्रकरण लोक सेवा गारंटी अंतर्गत हैं इस सभी का समय सीमा निर्धारित होती है। उन्होंने निर्धारित समय सीमा के अंदर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय सीमा के ऊपर लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित राजस्व अधिकारियों पर अप्रसन्नता व्यक्त की। समय सीमा के बाहर राजस्व के लोक सेवा गारंटी के प्रकरणों को दैनिक आधार पर समीक्षा कर तत्काल निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर वर्मा ने कहा कि अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों में अनावश्यक देरी न की जाए और तय समय सीमा के भीतर मामलों को सुलझाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि विवादित प्रकरणों के लिए पूर्व में निर्धारित समय सीमा का सख्ती से पालन हो और इनके समाधान में गंभीरता बरती जाए।

# सांस्कृतिक भवन काली मंच उतई में गोपिकेश्वरी देवी का श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा से हुआ

पायनियर संवाददाता ◄ उतइ
www.dailypioneer.com





सांस्कृतिक भवन काली मंच उतई में गोपिकेश्वरी देवी का श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ भव्य कलश यात्रा से हुआ। उसके बाद भगवान् का पूजन आरती करते हुए कथा प्रारंभ हुई। प्रथम दिन श्रीमद् भागवत कथा का माहात्म्य बताते हुए बताया कैसे पुराणों की रचना भगवान् वेदव्यास जी द्वारा हुई और उसमें अंतिम पुराण श्रीमद् भागवत है । जो समस्त पुराणों का उपनिषदों का वेदों का सार है। ईश्वर का ज्ञान और उनमें भक्ति का परम साधन-ये दो पदार्थ जब किसी प्राणी को प्राप्त हो गए तो कौन सा पदार्थ रह गया, जिसके लिये मनुष्य कामना करे और ये दोनों पदार्थ श्रीमद् भागवत से पूरी मात्रा में प्राप्त होते हैं। इसीलिए यह पवित्र ग्रन्थ मनुष्य मात्र का उपकारी है। आगे बताया कि कैसे श्रीमद् भागवत कथा की कृपा से नारद जी ने जर्जर अवस्था को प्राप्त हुए भक्ति और उनके दो पुत्र ज्ञान वैराग्य को तरुणावस्था प्राप्त हुई और भक्तों के हृदय में स्थापित किया। श्रीमद् भागवत कथा बड़े से बड़े पापी का भी उद्धार करती है। कोई कितना भी बड़ा पापी क्यों न हो समस्त पापों से मुक्त करती है श्रीमद् भागवत कथा । बस जीव इसकी शरण में आ जाये। इस संदर्भ में धुंधकारी की कथा श्रवण करवाई कि कैसे प्रेतात्मा को प्राप्त हुए धुंधकारी का कल्याण श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से हुआ और उसे देव लोक की प्राप्ति हुई।

# ओबीसी समाज का बैठक 6 जनवरी को श्री राम जानकी मंदिर में होगी



**महासमुंद।** निकाय, पंचायतराज संस्था निर्वाचन 2025 के नगरीय निकायों के ओ. बी .सी. आरक्षण में राज्य सरकार द्वारा षड्यंत्र पूर्वक कटौती कर रही है। ओ बी सी आरक्षण संसोधन अध्यादेश 2024 लाकर, पूर्व के नियम मे 25 % पिछड़ा वर्ग आरक्षण को कटौती कर दिया गया है और एस टी/एस सी को जहाँ उनकी जनसंख्या के अनुपात मे 50 त्न आरक्षण मिलता है उसकी तुलना में पिछड़ा वर्ग को कोई आरक्षण नही मिलेगा । शेष 50 % सीट सामान्य वर्ग (आनक्षित) हो जायेगा। इस तरह छत्तीसगढ़ प्रदेश के ग्राम पंचायतों के वार्ड से लेकर सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष और नगरीय निकायों मे पार्षद नगर पंचायत अध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष नगर निगम सदस्य, महापौर सभी पदों पर पदों पर निर्वाचन के लिए ओबीसी वर्ग को वंचित कर दिया गया है। वर्तमान पारित अध्यादेश में अधिसूचितऔर अनुसूचित (पेसा) क्षेत्र आदिवासी इलाका बस्तर सरगुजा संभाग के सभी सीटों को 100% आरक्षण एस टी/एस सी को मिल रहा है ओ बी सी वर्ग के लिये यहा पर आरक्षण शून्य हो गया है जबकि पूर्व नियम के अनुसार वहाँ पर भी 25 त्न पिछड़ा वर्ग को आरक्षण मिलता था शेष 75 त्न सीट एस टी / एस सी को मिलता था।

# छिर्रालेवा में आयोजित एनएसएस शिविर का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुलारपाली की एनएसएस इकाई द्वारा ग्राम छिर्रालेवा में आयोजित सात दिवसीय शिविर का समापन समारोह विधायक चातुरी नंद के मुख्य आतिथ्य में, प्राचार्य प्रेमानंद भोई की अध्यक्षता में एवं जनपद पंचायत बसना अध्यक्ष रुक्मणी पटेल, संकुल प्राचार्य मनोहर दीवान, संकुल समन्वयक सुरेश साहू, उपसरपंच पवन सिदार, सरपंच दुकालू राम चौहान के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि नंद ने स्वयंसेवकों की तारीफकरते हुए शिविर के दौरान दिए गए प्रशिक्षण को आत्मसात करने की अपील की तथा उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब इन स्वयं सेवकों से प्रेरणा लें ताकि हमारा गांव और प्रदेश स्वच्छ और स्वस्थ रह सके।इस अवसर छिर्रालेवा में सामुदायिक भवन निर्माण और जर्जर स्कूल भवन के जीर्णोद्धार की बात कही। विशिष्ट अतिथि रुक्मणी पटेल ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता के अनुरूप हमें जीवन यापन करना चाहिए और सेवा ही धर्म हो ऐसा आचरण होना चाहिए। बौद्धिक चर्चा के अवसर पर व्याख्याता शैलेंद्र नायक ने आरीगामी आर्ट।

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

**एयू स्मॉल फाइनेन्स बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)**

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19–ए, धूलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN: L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV [ देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना ]**

जबकि, अद्योहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनगर्ठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002" (2002 का 54) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम 3 के तहत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणियों को मांग सूचना पत्र निम्नलिखित तालिका के अनुसार निर्गमितकर तालिका में राशि 60 दिवस के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था।

| ऋणी / सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | स्थावर सम्पत्ति का विवरण | कब्जे की तारीख |
|---|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060122049910, श्री राम इण्डस्ट्रीज (ऋणी), सेतराम साहू (सहऋणी), महेन्द्र साहू (सहऋणी), श्रीमती जानकी साहू (सहऋणी) | 12-जुलाई-24 ₹ 15,41,354/- पन्द्रह लाख इकतालीस हजार तीन सौ चौवन रूपये मात्र 11-जुलाई-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित (संपत्ति 1) संपत्ति स्थित नगर निगम खसरा नं. 385 बाई 4 पीएच नं. 26 ग्राम बोहरपार आएनएम एवं तहसील बसना बोहरपार महासमुंद बसना, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 4305 वर्गगज (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित पीएच नं. 26 ग्राम बोहरपर खसरा नं. 400 बाई 5 आरएनएम एवं तहसील बसना बोहरपार छत्तीसगढ क्षेत्रफल 478.39 वर्गगज | 30-दिसम्बर-24 |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060125589430, शेख मोबिन (ऋणी), श्रीमती उमे सलमा (सहऋणी), महेलका बेगम (सहऋणी), शेख शफीक अहमद (सहऋणी) | 11-अक्टूबर-24 ₹ 14,89,347/- चौदह लाख नवासी हजार तीन सौ सैंतालीस रूपये मात्र 10-अक्टूबर-24 तक | रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित खसरा नं. 744/8, ग्राम एवं तहसील सरायपाली, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.025 हैक्टेयर, पूर्वः शिब्बू की भूमि, पश्चिमः शेख मोहम्मद का मकान, उत्तरः आनन्द का मकान, दक्षिणः रोड | 30-दिसम्बर-24 |

ऋणियों द्वारा वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणियों को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती हैं कि अद्योहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत शक्तियों के अनुप्रयोग में उपरोक्त तालिका में वर्णित सम्पत्तियों का कब्जा ग्रहण कर लिया है।
ऋणियों का ध्यान प्रतिभूति आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8)के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।
ऋणियों को विशिष्टतया तथा सर्व साधारण को सामान्यतया एतद द्वारा सम्पत्तियों के साथ काई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती हैं।और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक ''एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड'' (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

दिनांकः 03.01.2025 स्थानः छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

## संपादकीय

# स्वागत 2025 प्रगति की उम्मीद

**नव** वर्ष 2025 का स्वागत करते समय दुनिया अवसरों और चुनौतियों के मोड़ पर खड़ी है। नया वर्ष भविष्य के बारे में सोचने, पुन: विचार तथा पुन: कल्पना करने का अवसर देता है। हालिया वर्षों में हुई प्रगति तथा नकारात्मक घटनाओं को देखते हुए 2025 उम्मीदों, कार्रवाइयों तथा सहयोग का वर्ष होना चाहिए। हम बेहतर दुनिया के लिए अनेक उम्मीदें लगा कर दुनिया और भारत के नेताओं से परिवर्तनकारी दिशा में जाने की अपील कर सकते हैं। जलवायु परिवर्तन की चुनौती को तत्काल संबोधित करने की आवश्यकता स्पष्ट है। हम कार्बन उत्सर्जन घटाने, नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहित करने तथा जैवविविधता संरक्षण के लिए स्पष्ट कदम उठाने की उम्मीद कर सकते हैं। हमें 2025 को ऐसा वर्ष बनाना चाहिए जब दुनिया हमारे प्रभावशाली कदमों से बदले। कोरोनावायरस वैश्विक महामारी ने स्वास्थ्यरक्षा तक पहुंच में असमानताओं को रेखांकित किया है। समतापूर्ण स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य में निवेश बढ़ाना जरूरी है। डिजिटल विभाजन दूर करना, ढांचागत संरचना में सुधार करना तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक हाशियाकृत समुदायों की पहुंच सुनिश्चित करना सारी दुनिया की प्राथमिकता होनी चाहिए। एआई व अन्य तकनीकों की प्रगति के साथ ही असमानतायें बढ़ाने के बजाय उनके प्रयोग को वैश्विक मुद्दे संबोधित करने पर केन्द्रित करना जरूरी है जिनमें गरीबी से जलवायु तक शामिल हैं।



हम जिन संकटों का सामना कर रहे हैं, वे परस्पर जुड़े हैं और इसी प्रकार उनके समाधान भी होने चाहिए। संयुक्त राष्ट्रसंघ के अंतर्गत संगठित प्रयास यूक्रेन व पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए होने चाहिए। गाजा में लोगों की अकथनीय पीड़ा समाप्त होनी चाहिए। सभी सबंधित पक्षों को तनाव घटाने तथा इस क्षेत्र में स्थाई शांति लाने के प्रयास करने चाहिए क्योंकि यह क्षेत्र असाधारण पीड़ा और मानवीय त्रासदी झेल चुका है। नीतियों में संवेदना और दूरदर्शिता दिखनी चाहिए और यह सुनिश्चित होना चाहिए कि कोई पीछे न छूटने पाए। अपनी विविधताओं और क्षमताओं के साथ भारत दुनिया का भविष्य सुनिश्चित करने की विशिष्ट स्थिति में है। 2025 में प्रवेश करते समय भारतीय नेताओं को ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन तथा आर्थिक असमानतायें दूर करने के लिए छोटे बिजनेसों की सहायता पर अवश्य ध्यान देना चाहिए। उनको व्यावसायिक प्रशिक्षण तथा खोज में निवेश करना चाहिए ताकि नौजवानों को प्रतियोगी विश्व बाजार के लिए तैयार किया जा सके। महत्वाकांक्षी जलवायु लक्ष्यों का अवश्य क्रियान्वयन होने के साथ ही टिकाऊ शहरों के लिए शहरी नियोजन होना चाहिए जिसमें जल और ऊर्जा संरक्षण पर जोर दिया गया हो। नीति निर्माण तथा विश्वास एवं एकता को बढ़ावा देने के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही तथा नागरिकों की सहभागिता को निश्चित रूप से केन्द्रीय स्थान मिलना चाहिए। हाशिए पर पड़े लोगों को मुख्यधारा में लाने के साथ ही मणिपुर जैसे स्थानों में स्थाई रूप से शांति स्थापना के प्रयास होने चाहिए। सरकार और नागरिकों को एकसाथ मिल कर ऐसा देश बनाना चाहिए जो हमारे संविधान निर्माताओं की इच्छाओं के अनुरूप हो। इस देश में गरिमा, स्वतंत्रता तथा उन्मुक्तता समाज के सभी वर्गों के लिए सुनिश्चित होनी चाहिए तथा समाज के किसी वर्ग का अलगाव नहीं होना चाहिए। हाशिए के लोगों, दलिजतों ओर आदिवासियों को समुचित सम्मान देते हुए इस दिशा में प्रयास होने चाहिए। अल्पसंख्यकों को अलग-थलग या किसी के निशाने पर होने का अनुभव नहीं होना चाहिए। उनको समुचित सम्मान और गरिमा मिलनी चाहिए। सभी धार्मिक मुद्दों का समाधान कानून के अनुसार होना चाहिए। लोकतांत्रिक संस्थानों को मजबूत कर संसदीय लोकतंत्र को जन कल्याण के लिए ठीक से काम करने का अवसर मिलना चाहिए। हमारे सभी पाठकों को नव वर्ष मंगलमय हो।

# तालिबान की राजनीति में नया मोड़

## हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख नेता मौलाना खलीकुर रहमान हक्कानी की हत्या ने तालिबानों तथा अफगानिस्तान व पूरे क्षेत्र में चिन्ता पैदा की है।



**निषीकांत ओझा**
(लेखक, रणनीतिक विशेषज्ञ हैं)



तालिबान के शरणार्थी मंत्री तथ हक्कानी नेटवर्क के एक वरिष्ठ नेता मौलवी खलीकुर रहमान हक्कानी की हत्या से तालिबान नेतृत्व में व्यापक विभाजन उजागर हुए हैं। इससे क्षेत्रीय भू-राजनीति में जटिलतायें भी स्पष्ट हुई हैं। इस हमले की जिम्मेदीर इस्लामिक स्टेट-खुरासान प्राविंस-आईएसकेपी ने ली है। इससे न केवल तालिबान में आंतरिक विभाजन स्पष्ट हुए हैं, बल्कि व्यापक रणनीतिक परिदृश्य बदल गया है। यह भारत के लिए खासतौर से महत्वपूर्ण है। 11 दिसंबर, 2024 को काबुल में एक हाई-प्रोफाइल आत्मघाती हमले में खलील हक्कानी की मौत हुई। यह घटना तालिबान द्वारा आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफ्लता स्पष्ट करती है।

इससे मुल्ला हैबतुल्ला अखुंदजादा के नेतृत्व वाले कंधार गुट तथा सिराजुद्दीन हक्कानी के नेतृत्व वाले हक्कानी नेटवर्क के बीच बढ़ता तनाव भी स्पष्ट होता है। तनाव बढ़ने का एक कारण हक्कानी नेटवर्क की लापरवाही या कंधार गुट की तोड़फोड़ वाली गतिविधियों को बताया जा रहा है। इस संकट की प्रतिक्रिया में सिराजुद्दीन हक्कानी ने गर्देज में एक आपातकालीन बैठक बुला कर अपने नेटवर्क के प्रमुख नेताओं को सुरक्षा में छेद तथा आईएसकेपी के बढ़ते खतरे के बारे में चर्चा की।

इस घटनाक्रम से तालिबान के भीतर संभावित विखंडन का खतरा प्रकट होता है जिसके क्षेत्रीय स्थायित्व तथा भारत की सुरक्षा पर व्यापक प्रभाव हो सकते हैं। विखंडित तालिबान से अफ्गानिस्तान में अस्थिरता आ सकती है जिससे आईएसकेपी जैसे अतिवादी समूहों को फ्लने-फूलने का मौका मिलेगा।

तालिबान तथा भारत समेत अन्य क्षेत्रीय शक्तियों के प्रति इस समूह की दुश्मनी सभी जानते हैं। इससे भारतीय हितों पर लक्षित हमलों का खतरा बढ़ जाता है। इसके कारण पैदा अस्थिरता पाकिस्तान में भी फैल सकती है जिसका परोक्ष प्रभाव भारत की सीमा सुरक्षा व खासकर जम्मू कश्मीर पर पड़ सकता है। एक और चिन्ता पाकिस्तान-तालिबान गठजोड़ की संभावित मजबूती है। हक्कानी नेटवर्क के साथ पाकिस्तान के ऐतिहासिक संबंध हैं जिससे वह इस गुट का प्रयोग अफ्गानिस्तान में भारतीय गतिविधियों के खिलाफ लक्षित कर सकता है जिसमें ढांचागत परियोजनायें व विकास परियोजनायें शामिल हैं। इस परिदृश्य में सीमापार से आतंकवाद खासकर जम्मू कश्मीर में बढ़ सकता है। इससे अफ्गानिस्तान में भारत का रणनीतिक प्रभाव कमजोर हो सकता है। जुरांज-देलाराम राजमार्ग तथा चाबहार बंदरगाह जैसी प्रमुख ढांचागत परियोजनाओं में भारतीय निवेश के भविष्य पर अनिश्चितता के कारण खतरा पैदा हो सकता है।

आईएसकेपी के पाकिस्तान में सक्रिय लश्करे तैयबा-एलईटी तथा जैशे मुहम्मद-जेईएम जैसे समूहों से गठजोड़ करने के कारण भारत को आतंकी खतरा और बढ़ सकता है। ऐसे गठजोड़ भारतीय ठिकानों पर हमले तेज कर सकते हैं, जबकि अफ्गानिस्तान में टकराव लंबा खिंचने से जनसंख्या का एक हिस्सा चरमपंथी बन सकता है। जनसंख्या का यह हिस्सा पूरे क्षेत्र के साथ ही भारत में भी है। क्षेत्रीय स्तर पर ऐसी घटनाओं से भारत का राजनयिक परिदृश्य भी जटिल होगा।

> आईएसकेपी के पाकिस्तान में सक्रिय लश्करे तैयबा-एलईटी तथा जैशे मुहम्मद-जेईएम जैसे समूहों से गठजोड़ करने के कारण भारत को आतंकी खतरा और बढ़ सकता है। ऐसे गठजोड़ भारतीय ठिकानों पर हमले तेज कर सकते हैं, जबकि अफ्गानिस्तान में टकराव लंबा खिंचने से जनसंख्या का एक हिस्सा चरमपंथी बन सकता है।

उदाहरण के लिए, ईरान अफ्गानिस्तान में अस्थिरता का मुकाबला करने पर ध्यान दे सकता है जिससे भारत के साथ चाबहार बंदरगाह जैसी परियोजनाओं में सहयोग धीमा हो सकता है। इसी प्रकार पाकिस्तान-हक्कानी नेटवर्क के बीच मजबूत होता गठबंधन चीन की महत्वाकांक्षाओं को बढ़ावा दे सकता है जो बेल्ट एंड रोड पहल को और मजबूत करना चाहता है। इससे इस क्षेत्र में भारत का हाशियाकरण और तेज होगा। वैश्विक रूप से पाकिस्तान द्वारा हक्कानी नेटवर्क के समर्थन से उसे अफ्गान राजनीति में प्रभाव डालने का मौका मिलेगा। इससे कंधार गुट कमजोर होगा तथा तालिबान में आंतरिक टकराव बढ़ सकता है। आईएसकेपी की बढ़ती शक्ति इस बीच दक्षिण एशिया में सुरक्षा के समक्ष सीधी चुनौती बन कर उभर रही है। इससे पूरे क्षेत्र में अस्थिरता पैदा होने के साथ ही भारत के भू-राजनीतिक हित भी प्रभावित होंगे। इस प्रकार भारत के दृष्टिकोण से खलील हक्कारी की हत्या एक महत्वपूर्ण मोड़ है जिसे देखते हुए उसे अपनी रणनीति पुन: परिभाषित करनी चाहिए। भारत को ऐसे में खासतौर से जम्मू कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी खुफिया क्षमताओं तथा सीमा सुरक्षा का विस्तार करना चाहिए।

इसके साथ ही उसे ईरान, मध्य एशिया तथा रूस के साथ अपनी साझेदारी को और विस्तार देना चाहिए ताकि अफ्गानिस्तान में पाकिस्तानी प्रभाव का मुकाबला किया जा सके। आईएसकेपी तथा अन्य अतिवादी समूहों का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मित्रों से सहयोग का विस्तार करना भी जरूरी हो गया है। इसके साथ ही भारत को अफ्गानिस्तान में अपने निवेश की सुरक्षा के लिए वैश्विक साझेदारी बढ़ानी चाहिए। इसके अलावा शंघाई सहयोग संगठन तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसे बहुआयामी मंचों पर राजनयिक प्रयास तेज करने होंगे।

खलील हक्कानी की हत्या से तालिबान के बीच नाजुक संतुलन टूटा है तथा क्षेत्रीय अस्थिरता की आशंका पैदा हो गई है। भारत के लिए इस विकसित होते परिदृश्य में खुफिया नेटवर्क मजबूत करने, सक्रिय राजनीति तथा सुरक्षा उपाय तेज करने की आवश्यकता स्पष्ट है। यह अपनी हितों तथा बदलते भू-राजनीतिक यथार्थ को देखते हुए जरूरी है। भारत के लिए हक्कानी की हत्या के प्रभाव व्यापक हो सकते हैं जिसमें अफ्गानिस्तान में उसकी रणनीतिक पकड़ कमजोर करने के लिए संभावित आतंकी हमले शामिल हैं। बढ़ती अस्थिरता से आईएसकेपी, लश्करे तैयबा व जैसे मुहममद जैसे अतिवादी समूहों का साहस बढ़ सकता है जिससे भारत को निशाना बनाने वाले हमले तेज हो सकते हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत को बहुआयामी रणनीति बनाने की जरूरत होगी। खुफिया क्षमतायें बढ़ाने, सीमा सुरक्षा मजबूत करने तथा ईरान, मध्य एशिया व रूस के साथ संबंध मजबूत करने से इस स्थिति का मुकाबला किया जा सकता है।

आईएसकेपी के खतरे का मुकाबला करने तथा निवेशों की सुरक्षा के लिए बहुराष्ट्रीय मंचों का प्रयोग भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। यह स्थिति सतर्कता तथा सक्रिय कदमों की मांग करती है ताकि लगातार अस्थिर होते क्षेत्र और बदलती स्थितियों में भारत के हितों को सुरक्षित रखा जा सके।

# किशोरों का आध्यात्मिक मार्गदर्शन

> जीवन के इस चरण में, माता-पिता, बड़ों या साथियों को किशोरों को उचित मार्गदर्शन और समर्थन देना चाहिए और उनका समग्र विकास सुविधाजनक बनाने के लिए एक वातावरण बनाना चाहिए।

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



हम सभी जानते हैं कि प्रकृति के नियमों के अनुसार, हम अपने जीवन को विभिन्न चरणों जैसे कि शैशवावस्था, बचपन, किशोरावस्था, वयस्कता और बुढ़ापे से गुज़ारते हैं। इन जीवन चरणों में, सबसे साहसिक और दिलचस्प चरण किशोरावस्था है जो एक आंतरिक भावनात्मक उथल-पुथल का प्रतिनिधित्व करता है, अतीत से चिपके रहने की शाश्वत मानवीय इच्छा और भविष्य के साथ आगे बढ़ने की समान रूप से शक्तिशाली इच्छा के बीच संघर्ष। यह वास्तव में हर इंसान के जीवन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण चरण है क्योंकि, इस चरण में न केवल शारीरिक रूप से बल्कि नैतिक, संज्ञानात्मक, भावनात्मक और बौद्धिक रूप से भी तीव्र विकास होता है। इसलिए, जीवन के इस चरण में, माता-पिता, बड़ों या साथियों को किशोरों को उचित मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान करना चाहिए और उनके समग्र विकास को सुविधाजनक बनाने के लिए एक वातावरण बनाना चाहिए। प्रत्येक किशोर का प्राथमिक लक्ष्य पूर्ण स्वतंत्रता प्राप्त करना होता है, जिसके लिए वे अक्सर बहुत अधिक स्थान और स्वतंत्रता चाहते हैं। वे अपने नैतिक कोड को बनाते समय अधिक तर्कसंगत और अमूर्त रूप से सोचना शुरू करते हैं। इस प्रक्रिया में, वे अक्सर मुखर, विद्रोही, गैर-अनुरूपतावादी, बिक्री-राय वाले और अलग-थलग हो सकते हैं। इसलिए, उन्हें बहुत संवेदनशीलता और परिपक्वता के साथ मार्गदर्शन और समर्थन की आवश्यकता है।

एक अच्छी तरह से एकीकृत परिपक्वता प्राप्त करने के लिए, किशोरों के लिए कई कारकों को संबोधित करने की आवश्यकता है, जैसे उन्हें आत्म-निश्चितता हासिल करने, नई भूमिकाएँ आज़माने के लिए तैयार रहने, उपलब्धि के लिए प्रयास करने, आत्म-पहचान हासिल करने, अपने अधिकारों को जिम्मेदारियों के साथ संतुलित करने और व्यक्तिगत लक्ष्यों और आदर्शों की पहचान करने की आवश्यकता है। किसी को यह समझना चाहिए कि किशोरों की समस्याओं से निपटने के दौरान, किसी को युवा व्यक्ति की दुनिया में कदम रखने की कोशिश करनी चाहिए और उन्हें संदेह के बजाय सम्मान के साथ व्यवहार करना चाहिए। यह हमेशा मदद करता है जब हम उनके सुख और दुख को साझा करते हैं और उन्हें नैतिक और आध्यात्मिक अनुशासन में शामिल करते हुए उनके सवालों का ईमानदारी से जवाब देते हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि किशोरावस्था के प्रारंभिक चरण में जब बच्चों को दिशा और मार्गदर्शन की मजबूत भावना की आवश्यकता होती है, तो उनके लिए इसे प्राप्त करने का कोई स्रोत नहीं होता है। परिवार अब वह मजबूत संस्था नहीं रह गई है जो पहले हुआ करती थी। इसलिए, इस परिदृश्य में, किशोर अपने साथियों, टीवी, इंटरनेट, किताबों आदि जैसे अन्य माध्यमों से सहायता प्राप्त करने का प्रयास करते हैं।



मीडिया द्वारा प्रचारित ग्लैमर और चमक-दमक से आकर्षित होकर, किशोरों को अपने साथियों के मूल्यों को मापने और जीवन के आदर्शों और वास्तविकता से निपटने के लिए निरंतर संघर्ष करना पड़ता है। दुर्भाग्य से, उचित मार्गदर्शन के अभाव में, यह स्वाभाविक है कि कई किशोर अपराध, दुर्व्यवहार और नशीली दवाओं की लत में फंस जाते हैं। जबकि परिवार, शैक्षणिक संस्थान और सामाजिक समूह किशोरों का मार्गदर्शन और समर्थन करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं, आध्यात्मिकता एक स्पष्ट पहचान और मूल्य प्रणाली बनाने के लिए एक गहरा और मजबूत आधार प्रदान करती है जिस पर एक मजबूत चरित्र की इमारत खड़ी की जा सकती है।

चूंकि आध्यात्मिकता हर इंसान की मूल अच्छाई को छूती है, इसलिए यह समाज के सभी वर्गों का मार्गदर्शन करने के लिए सबसे शक्तिशाली उपकरण है। किशोरों को सशक्त बनाने की प्रक्रिया उनके साथ सम्मान से पेश आने और उनके विकास को इस तरह से सुविधाजनक बनाने के अभ्यास से शुरू होती है कि वे अपनी छिपी हुई क्षमता का एहसास कर सकें। इसलिए, उन्हें असहाय या अज्ञानी प्राणी के रूप में देखने के बजाय, जिन्हें दंडित और नियंत्रित करने की आवश्यकता है, आध्यात्मिक उपचार उन्हें उच्च ज्ञान, शुद्ध मूल्यों, नए विचारों और कौशल के संभावित वाहक के रूप में स्वीकार करने की मांग करता है, जिन्हें उचित दिशा में चैनलाइज़ करने की आवश्यकता है।

इस तरह की विकास प्रक्रिया उनके आंतरिक स्व द्वारा संचालित होती है, असुरक्षा, भय और झूठी अपेक्षाओं से मजबूर विकास के बजाय ज्ञान और प्रेम द्वारा धीरे-धीरे निर्देशित होती है। याद रखें! यदि किशोरों को उनकी उम्र में आध्यात्मिकता का पता लगाने के लिए प्रेरित किया जाता है, तो वे किसी भी जीवन की स्थिति का सामना करने और अपनी चुनी हुई भूमिकाओं में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए उत्कृष्ट शक्तियों से लैस होंगे, जिससे वे एक गुणवत्तापूर्ण जीवन जी सकेंगे।

## आप की बात

### इस दौर के गुलाम देश

**हम** जब 1947 में ब्रिटिश साम्राज्यवाद से आज़ाद हुए तो लगा की स्वतंत्र होकर सांस लेना और परतंत्र में रहकर जीने में कितना फर्क है। 16 वीं सदी से लेकर 18 वीं सदी तक, दो साम्राज्यवादी ताकतें ब्रिटैन और फ्रांस की दुनिया का आधे से अधिक देशों में इनका हुकूमत थी। ऐसा नहीं है कि गुलाम देश खत्म हो गए हैं ऐसा नहीं है। फ्रांस के पास 12 विदेशी क्षेत्र हैं, जिन्हें इसके वर्तमान उपनिवेश माना जाता है जैसे गुआडेलोप, फ्रेंच गुयाना, मार्टिनिक, रीयूनियन, मायोटे,न्यू कैलेडोनिया, फ्रेंच पोलिनेशिया, सेंट बार्थेलेमी, सेंट-मार्टिन, सेंट-पियरे और मिकेलॉन, फ्रांसीसी दक्षिणी और अंटार्कटिक भूमि और वालिस और फ़्यूचूना द्वीप। ये क्षेत्र दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित हैं, जिनमें अटलांटिक, हिंद और प्रशांत महासागर और दक्षिण अमेरिका शामिल हैं। इन क्षेत्रों की अलग-अलग राजनीतिक स्थिति है और इन्हें अलग-अलग तरीके से नियंत्रित किया जाता है। ब्रिटैन के पास भी इस वक्त 14 औपनिवेशिक देश मौजूद हैं। ब्रिटिश विदेशी क्षेत्र हैं एंगुइला, बरमूडा, ब्रिटिश अंटार्कटिक क्षेत्र, ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र, ब्रिटिश वर्जिन द्वीप समूह, केमैन द्वीप समूह, फ़ॉकलैंड द्वीप समूह, जिब्राल्टर, मोंटसेराट, पिटकेर्न, हेंडरसन, ड्यूसी और ओनो द्वीप समूह, सेंट हेलेना और सेंट हेलेना डिपेंडेंसीज़, दक्षिण जॉर्जिया और दक्षिण सैंडविच द्वीप समूह, आदि हैं।

– **जंगबहदुर सिंह**, जमशेदपुर

### लोक सेवकों का वेतन

**लोकसेवकों** के वेतन को लेकर मांगी गई जानकारी से गोपनीयता के आधार पर इंकार करने के एकमामले में मप्र हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि इस जानकारीको गोपनीयता के बहाने से इनकार नहीं किया जा सकता। आरटीआई कानूनको 20 वर्ष हो जाने के बावजूद आम आदमी तो दूर पत्रकारों और सक्रियसमाज सेवियों को भी बड़ी जद्दो-जहद करना पड़ती है। इतना ही नहीं निर्माण-कार्य, शासकीय अधिकारियोंकी लापरवाहियों के बारे में जानकारी मांगे जाने पर संबंधित व्यक्ति के दादा लोग लोग जानकारी मांगनेवाले को धमकाने के लिए पहुंच जाते हैं। आईटीआई मांगे जाने वाले कई मामलों में मारपीट करने व जान लेवा हमले तक की बातें सामने आई है। इससे जाहिर होता है कि कोई भी जानकारी देने में यथा सम्भव रोड़े अटकायें जाते हैं। हालात यह हो गई है कि आम जनता आईटीआई से जानकारी प्राप्त करने का लाभ ही नहीं उठा पा रही है । इसके लिए सरकार को अधिक सख्त नियम बनाने चाहिए। कोई जानकारी लेने के लिए हर व्यक्ति हाईकोर्ट जाने का खर्च व समय नहीं बर्बाद कर सकता।सरकारी अफसर अपने आपको अब सरकार का ,जमाई,समझना बंद करें और जनसेवक बनकर कानून सम्मत कार्य करें यही अपेक्षा है और इसे ही सुराज आएगा।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### सर्दी : आनंद या परेशानी

**कश्मीर** में 40 दिनों तक चलने वाली कड़कड़ाती सर्दी, जिसे चिल्लई कलां कहा जाता है, शुरू हो चुकी है। इस मौसम ने हड्डियों को कंपा देने वाली ठंड लाई है। जो पिछले पचास वर्षों में नहीं देखी गई। इससे पहले, दिसंबर 1974 में, कश्मीर में तापमान -10.3एष्ट तक गिर गया था। श्रीनगर में दर्ज सबसे ठंडा तापमान 13 दिसंबर 1934 को हुआ था। हालांकि, इस बार शनिवार, 21 दिसंबर को पिछले पांच दशकों की सबसे ठंडी रात रही, जब कश्मीर में तापमान -8.5एष्ट तक गिर गया। रविवार की सुबह भी ठंड का कहर जारी रहा और श्रीनगर में तापमान -3.2एष्ट दर्ज किया गया। ठंड इतनी ज्यादा है कि डल झील की सतह जम चुकी है। कश्मीर घाटी, जो आमतौर पर राजनीतिक और सामाजिक हलचल के लिए चर्चित रहती है, अब प्रकृति की इस बर्फीली पकड़ के सामने बेबस नजर आ रही है। इस समय बड़ी संख्या में पर्यटक कश्मीर आए हैं, जो इस सर्द मौसम का अनुभव करना चाहते हैं। लेकिन रिकॉर्ड तोड़ ठंड ने इन पर्यटकों को भी कांपने पर मजबूर कर दिया है। इस साल कश्मीर घाटी में चिल्लई कलां 31 जनवरी, 2025 को समाप्त होगी। फिर भी ठंड का असर जारी रहेगा, क्योंकि यह चिल्लई खुर्द (20 दिनों की छोटी सर्दी) और चिल्लई बच्चा (10 दिनों की हल्की सर्दी) में बदल जाएगी, जो कुल मिलाकर 40 और दिनों तक चलेगी।

– **दत्तू प्रसाद शिरोडकर**, मुंबई

### नये साल से उम्मीदें

**नया** साल बड़ी उम्मीदें लेकर आया है। आज वैश्विक प्रतिस्पर्धा के कारण दुनिया अनेक गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। विभिन्न देशों के बीच चल रहे युद्धों और संघर्षों से न केवल आर्थिक और राजनीतिक हित बल्कि मानवता भी बुरी तरह आहत हुई है। युद्ध भी लगातार जारी हैं और मानवाधिकारों की उपेक्षा ने व्यक्ति को नाउम्मीद कर दिया है। महाशक्तियां भी अपने रूतबे के लिए सुलह और शांति की बजाय शस्त्रास्त्रों की आपूर्ति में जुटी हुई हैं, जिससे दुनियां के अस्तित्व पर मंडराता खतरा स्पष्ट नजर आ रहा है।इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। कूटनीतिक ताकत का इस्तेमाल कर वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए भारत को मुखिया बनना पड़ेगा क्योंकि भारत सदैव युद्धों के मुकाबले अहिंसा और शांति को महत्व देता आया है। इसके लिए संवाद और सहयोग का मार्ग भारत की अपनी परंपरा है। अब इसी पर अमल करके दुनियां को युद्ध के खतरे से बाहर निकाला जा सकता है और भारत में इसकी कूवत है।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा पर कार्यशाला का आयोजन



पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग विकासखण्ड अंतर्गत विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविंद साव के मार्गदर्शन में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दीपक नगर दुर्ग में विकासखण्ड स्तरीय राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा का एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें विकासखण्ड के 148 शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधान पाठक, नोडल अधिकारी व प्रभारी शिक्षक उपस्थित रहे। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी गोविन्द साव ने कहा कि विकासखण्ड में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा के साथ-साथ नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, जवाहर उत्कर्ष चयन परीक्षा, गणित-विज्ञान ऑलम्पियाड, श्रेष्ठा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षा हेतु नियमित तैयारी कराया जा रहा है जो अत्यंत प्रशंसनीय है। बीईओ ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा फार्म भरकर नियमित अध्यापन करने कहा और गतवर्ष की अपेक्षा अच्छा परिणाम आने प्रयास करने कहा। कार्यशाला हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए प्राचार्य सेजश दीपक नगर शेफाली सोनी ने विकासखण्ड में राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की शिक्षकों द्वारा कराए जा रहे तैयारी की प्रशंसा करते हुए अग्रिम बधाई प्रेषित की। जिला प्रभारी टी.के. वर्मा ने प्रभारी शिक्षकों को परीक्षा फार्म की महत्वपूर्ण बिंदुओं एवं दस्तावेज की विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में जिला नोडल अधिकारी पवन सिंह ने कार्यशाला में आवेदन पत्र व नामिनल रोल भरने, आवश्यक दस्तावेज, सवाल को कम समय में हल करने का तरीका एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की विस्तृत जानकारी दिए। विकासखण्ड नोडल अधिकारी पोषण मारकण्डे ने निर्धारित समय पर आवेदन पत्र को केन्द्र में जमा करने का अपील किया जिससे अधिक से अधिक बच्चे परीक्षा में शामिल हो सके। इस कार्यशाला में प्रधान पाठक नेमसिंह साहू, ममता साहू, नीतू बागड़े, संकुल समन्वयक प्रणव मण्डरिक, किशोर दिल्लीवार, इन्द्रेश बंजारे, अनुपम अग्रवाल, नोडल शिक्षक डॉ. प्रज्ञा सिंह, डॉ. संगीता चन्द्राकर, डॉ सारिका शर्मा, तामेश्वर देशमुख, श्वेता दुबे, मिली तिवारी, उषा सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# पंच, सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष हेतु आरक्षण समय सारणी

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारियों यथास्थिति पंच/ सरपंच/ जनपद पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्यों के पदों हेतु आरक्षण कि कार्यवाही करने समय-सारणी के संबंध में निर्देशित किया कि त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2024-25 हेतु छ.ग. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्यों का प्रवर्गवार आरक्षण किया जाना है। ग्राम पंचायत के पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के सदस्यों, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सदस्यों पदो के आरक्षण की कार्यवाही हेतु आम सूचना आपको उपलब्ध करायी गई है। इसी क्रम मे जिला पंचायत के सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण संबंधी कार्यवाही जिला पंचायत सभाकक्ष मे 09 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को दोपहर 12.30 बजे से किया जायेगा। इसी प्रकार जिले के जनपद पंचायत के अध्यक्ष पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/ आरक्षण संबंधी कार्यवाही जिला पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा मे 09 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। इसी प्रकार ग्राम पंचायत के पंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण संबंधी कार्यवाही जनपद पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा मे 09 जनवरी 2025 दिन गुरुवार को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा। जिले के जनपद पंचायत के सदस्य पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/ आरक्षण संबंधी कार्यवाही जनपद पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा मे 08 जनवरी 2025 दिन बुधवार को दोपहर 2 बजे से किया जायेगा। जिले के ग्राम पंचायत के सरपंच पदों के प्रवर्गवार एवं महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन/आरक्षण संबंधी कार्यवाही जनपद पंचायत सभाकक्ष बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा मे 8 जनवरी 2025 दिन बुधवार को प्रातः 11 बजे से किया जायेगा।

# संविधान लिखने वाले अम्बेडर के आंख में आंसू थे : विरदी


पायनियर संवाददाता ◄ थान खमरिया
www.dailypioneer.com



क्षेत्र के साहित्यकार महेंद्र विरदी ने बताया की अतीत अपना चेहरा बदल कर वर्तमान में शामिल हो जाता है और अपने गलत मंसूबों से वर्तमान को अपमानित करता हैं, कुछ राजनेता अम्बेडकर को सम्मान नही दे रहे, बाबासाहेब अंबेडकर विश्व के महापुरुषों में थे जिन्होंने अपने विद्वता तथा महान व्यक्तित्व से भारत ही नहीं वरन संपूर्ण विश्व में अपनी ख्याति अर्जित की, वे एक महान देशभक्त एवं सामाजिक क्रांतिकारी थे, वे एक महान शिक्षाविद, पत्रकार, लेखक व महान इतिहासकार थे। जिनके बारे में कहा जाता है कि विश्व में यदि ज्ञान के शिखर पर कोई पहुंचा है तो वह है डॉ. अंबेडकर सामाजिक दृष्टि से अत्यंत उपेक्षित समाज में जन्म लेकर उपलब्धि के शिखर पर पहुंचाना निसंदेह डॉ अंबेडकर को एक महान व्यक्ति की श्रेणी में पहुंचा देता है बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर एक महान देशभक्त देश को उन्होंने भारतीय संविधान दिया, भारतीय गणतंत्र का संविधान का कार्य जब आरंभ हुआ तो संविधान सभा ने संविधान निर्माण के कार्य हेतु ड्राफ्टिंग कमेटी का गठन किया जिसका अध्यक्ष डॉक्टर अंबेडकर को बनाया गया, डॉ. अंबेडकर ने एक महान संविधान देश देश को दिया, इसके प्राविधान में उनके देशभक्त होने का प्रमाण है, इस प्रकार बाबा साहेब डॉ.अंबेडकर ने संविधान सभा में उन तत्वों का भी निरूपण किया था, जिसे स्वतंत्रता को सर्वाधिक खतरा रहता है, साथ ही उन स्वतंत्रता विरोधी तत्वों से बचने के उपाय के प्रति भी लोगों को आगाह किया था, वास्तव में बाबा साहब डॉ. अंबेडकर ने हमको सचेत करते हुए देश को स्वतंत्रता की सुरक्षा के लिए महान संदेश दिया है, अंतिम सांस तक अपने गणतंत्र की रक्षा करें, उनका संपूर्ण जीवन समाज के दलित सूचित एवं उत्पीड़न वर्ग को समाज में अन्य वर्गों के बराबर सामाजिक स्तर प्रदान करने के लिए किए गए संघर्ष में व्यतीत हुआ उन्होंने कानून मंत्री के रूप में भारतीय समाज में आमूल परिवर्तन लाने के लिए हिंदू कोड बिल तैयार किया उन्होंने इस बिल के द्वारा हिंदू परंपरा पर आधारित सामाजिक विषमता भेदभाव प्रविणता पूर्ण मान्यताओं कृतियां नियमों को नष्ट करने का प्रयास किया भारतीय संविधान के मूल अधिकारों के तहत सामाजिक न्याय स्थापित करने के उद्देश्य से संविधान निर्माताओं ने सामाजिक सामानता लाने का प्रयास किया है अंबेडकर ने गलत नहीं कहा कि राजनीतिक लोगों का दावा अनेक भ्रांतियां पर आधारित है। लोकतंत्रात्मक शासन के लिए लोकतंत्रात्मक समाज का होना आवश्यक होता है, प्रजातंत्र के औपचारिक ढांचे का कोई महत्व नहीं है, और यदि सामाजिक लोकतंत्र नहीं है तो वह वास्तव में आना अनुपयुक्त होगा, सुविधा प्राप्त एवं सुविधा विहिन के बीच पडी भयंकर दरार आज भी स्थित है, क्योंकि जाती संघर्ष उत्पीड़न, पलायन विस्थापन का मुद्दा आज भी यथावत है, महामानव बाबा साहेब अम्बेडकर, जब संविधान लिखने का काम पूरा हुआ, तब बाबा साहब के आंखों में आंसू थे पास खड़े एक पत्रकार ने उनसे पूछा, क्या आप संविधान लिखकर खुश नहीं? बाबा साहब ने उसे जवाब दिया कि मैने बहूजनों के कल्याण का दस्तावेज बनाया है। लेकिन इसे लागू करने के लिए जिन लोगों के हाथों में सौंप रहा हूं वह मेरे बहुजन नहीं है, मुझे इन पर विश्वास नहीं है, संविधान को यह लोग पूरी तरह अमल में लायेंगे या नहीं, यही बाबा साहब कहा कथन आज सही साबित हो रहा है।

# लावातरा के विद्यार्थियों ने देखा कोणार्क का सूर्य मंदिर

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



शीतकालीन अवकाश में बेरला विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल लावातरा के 40 विद्यार्थियों ने अपने पालकों की अनुमति से चार दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में उड़ीसा की यात्रा किए। जिसमें उनके साथ शिक्षक एवं शिक्षकों के परिवार के साथ साथ पूर्व विद्यार्थी भी शामिल हुए। विद्यार्थियों ने कोणार्क का सूर्य मंदिर, भारत के चार धामों से पूर्व दिशा में बंगाल की खाड़ी के समीप स्थित एक धाम जगन्नाथ पुरी धाम, बंगाल की खाड़ी, दुनिया का सबसे लंबा बांध हीराकुंड बांध, उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर का लिंगराज मंदिर आदि स्थानों का भ्रमण किया। प्राचीन काल में निर्मित इन मंदिरों के कलाकृति एवं शिल्प कला को देख विद्यार्थी अभीभूत हो गए। उक्त स्थानों का भ्रमण के पश्चात सभी विद्यार्थी अति उत्साहित नजर आए। सभी बच्चों के चेहरे पर अपार प्रसन्नता देखी गई। इस शैक्षणिक भ्रमण में संस्था प्रमुख प्राचार्य रविशंकर देशलहरे, व्याख्याता भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक ओंकार प्रसाद साहू, पूर्व माध्यमिक शाला की शिक्षिका वीणा देवी सारथी का विशेष योगदान रहा। इस शैक्षणिक भ्रमण में स्वयं सेवी शिक्षिकाएं रानी साहू, लोमिका साहू सहित शाला के पूर्व विद्यार्थी निशा साहू, प्रिया साहू, टकेश्वरी साहू, मेनिका साहू, भिनेश्वरी साहू, रूखमणी साहू, हिमांशु साहू आदि भी उत्साहपूर्वक शामिल हुए और शैक्षणिक भ्रमण का भरपूर आनंद लिया। व्याख्याता भुवन लाल साहू ने बताया कि शैक्षिक भ्रमण टीमवर्क, नेतृत्व और पारस्परिक कौशल के विकास को बढ़ावा देते हैं। वे छात्रों को अपने आरामदायक क्षेत्र से बाहर निकलने का अवसर प्रदान करते हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। छात्र समूहों में काम करना सीखते हैं, जिससे उनकी टीम वर्क कौशल में सुधार होता है। व्याख्याता भुवन लाल साहू ने बताया कि कक्षा से बाहर जाकर शैक्षिक भ्रमण के माध्यम से हम प्रकृति और मनुष्य के सह-सम्बन्धों को बेहतर तरीक़े से समझ सकते हैं। बच्चों को तो अपने परिवेश की काफी सारी जानकारी होती है और उसी जानकारी को विषय व विषयवस्तु से जोड़ना और उसमें विस्तार करना शैक्षिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य है।

# दिन दहाड़े कारेसरा में कर दिया गया चाकू से हत्या

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कारेसरा में दिनदहाड़े एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। सिटी कोतवाली में 10 लोगों के खिलाफ में नाम जद रिपोर्ट किया गया है मृतक के पुत्र सौरभ साहू पिता शत्रुहन साहू उम्र 25 साल कारेसरा ने इस संबंध में सिटी कोतवाली बेमेतरा में रिपोर्ट दर्ज कराई है जिसमें घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि करीबन 15 दिन पूर्व मृतक शत्रुहन साहू का गांव के टोपसिंह वर्मा के साथ शराब पीने एवं पिलाने की बात पर से विवाद हुए थे, इसी बात पर से मृतक ने गुरूवार शाम के समय टोपसिंह का नाम लेकर गाली दे रहा था तब उसका भाई हिरू वर्मा आकर वाद विवाद झगड़ा लड़ाई करने लगा, जिसे समझा कर घर लाया गया। 03 जनवरी को सुबह करीबन 09:30 बजे मृतक कहीं से घुमकर घर आया और अपने पुत्र को बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के पास टोपसिंह वर्मा बल्ली से सीना में मारा है, उसके बाद सुबह करीबन 10:00 बजे उसके पुत्र और मृतक शत्रुहन साहू, बहन पुष्पा साहू, दादी दुरपति बाई घर के सामने खड़े थे उसी समय टोपसिंह वर्मा उसका भाई हीरा लाल उर्फ हिरू वर्मा, कल्याण वर्मा, लड़का सोमनाथ वर्मा, भांजा तीजू वर्मा, भरत वर्मा, रामायण वर्मा, भांजी रानी वर्मा, टोप सिंह की दीदी जमुना वर्मा, हिरू की पत्नि दुलौरिन वर्मा सभी एक राय होकर मृतक के घर के पास आये और टोप सिंह वर्मा ने मार-पीट करने को लेकर विवाद करने लगा इतने में सभी मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मृतक के पुत्र मृतक, मृतक की बेटी पुष्पा को डण्डा व हाथ मुक्का से मारपीट किये हैं, जिससे जान बचाने के लिये मृतक घर अंदर घुसने लगा तो टोपसिंह वर्मा, हिरू वर्मा, कल्याण वर्मा एवं तीजू वर्मा उसे पकड़कर खिंचते हुए घर से बाहर लेकर आये और टोप सिंह वर्मा अपने हाथ में रखे धारदार चाकू से मृतक के बाएं पसली में तीन चार बार मारकर गम्भीर चोट पहुंचाया है, एवं रानी वर्मा डण्डा से तथा हीरा लाल उर्फहिरू वर्मा, कल्याण वर्मा, सोमनाथ वर्मा, तीजू वर्मा, भरत वर्मा, रामायण वर्मा, जमुना वर्मा, दुलौरिन वर्मा हाथ मुक्का से मारने लगा बीच बचाव करने आयी पुष्पा को मारपीट किये हैं, मारपीट करने से मृतक के पुत्र के सिर, चेहरा, गर्दन के पीछे, दाहिने हाथ, दाहिने पैर के घुटना में एवं बहन पुष्पा के सिर, दोनों हाथ, पीठ, कमर, दाहिने पैर के जांघ में चोट लगी है तथा मृतक को चाकू से बाएं हाथ मुक्का से मारपीट करने से उसके सीना एवं शरीर में अन्य जगह गम्भीर चोट आने से उपचार हेतु निजी वाहन में जिला अस्पताल बेमेतरा लेकर आये तो डाक्टर साहब द्वारा सुबह 11:05 बजे चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया है।

## 14 महिलाओं को मिली आर्थिक सहायता

**बेमेतरा ।** महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत संचालित छत्तीसगढ़ महिला कोष एवं सक्षम योजना के तहत नए साल के पहले दिन 14 महिलाओं को कुल 19.80 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इसमें सक्षम योजना के तहत 10.80 लाख और स्व सहायता समूहों को 9.00 लाख की सहायता दी गई। सहायता प्राप्त करने वाले स्व सहायता समूह नव जीवन स्व सहायता समूह, लक्ष्मी स्व सहायता समूह बेरला, रीनू उन्नति बहिनी स्व सहायता समूह खपरी, सत्य कबीर महिला स्व सहायता समूह केशला, संतोषी स्व सहायता समूह दर्रीपारा नवागढ़, लक्ष्मी स्व सहायता समूह पिपरभट्ठा, एवं चमेली यदु मटका, यसोदा यदु, रश्मि यदु, गौरी यदु बिजभाट, अनिता यदु बिजभाट, पुष्पा यदु, रानी देवांगन, जानकी देवांगन को चंद्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी एव सी पी शर्मा जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा राशि का चेक प्रदान किया गया।

## ज्योति उदासी का निधन



**दल्लीराजहरा।** ज्योति उदासी पत्नी स्व. हासानन्द उदासी का शुक्रवार प्रातः 5 बजे निधन हो गया। ये चंद्र कुमार उदासी व मून लाईट स्टूडियो के संचालक सोनू उदासी एवं मोनू उदासी की माता थी। इनका अंतिम संस्कार में नगर के व्यापारी वर्ग एवं सिंधी समाज के लोग उपस्थित हुए तथा श्रद्धांजलि अर्पित किए।

# कबीर और कृष्ण में असाधारण समानताएं : प्रज्ञा निर्वाणी

## गुरु गोसाईं भानुप्रकाश साहेब से जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने लिया आशिर्वाद

पायनियर संवाददाता ◄ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



कबीर पंथ के धर्मगुरु भानु प्रकाश साहेब से पुण्य मेला ग्राम लोलेसरा में भेंट कर जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने आशीर्वाद लिया, उन्होंने समस्त जिले वासियों के खुशहाली के लिए आशीर्वाद मांगा, प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है कि उनका सौभाग्य है कि उनके जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोलेसरा में कबीर दास जी के अनुयायियों का देश भर में सबसे बड़ा मेला लगता है और गुरुओं की वाणी को सुनने उनका आर्शीवाद और साक्षात सानिध्य प्राप्त करने देश भर से अनुयाई आते हैं, कबीर दास की तार्किकता, कर्म के सिद्धांत से ऐसा लगता है कि कबीर आधुनिक कृष्ण हैं, जब हम पढ़ते हैं अध्ययन करते हैं तो कबीर और कृष्ण की वाणी मानो एक सी लगती है, उनके अर्थ बहुत गहरे एक ही जान पड़ते हैं, विश्व के सबसे बड़े शाकाहार के महाअभियान के प्रणेता कबीर पंथ के गुरु परम्परा के वंशज गुरु हैं, देश के करोड़ो लोग जो अलग अलग जाती व्यवस्था से आते हैं जब कबीर पंथ के अनुयाई बनते हैं उसी क्षण शाकाहार के प्रवर्तक भी बन जाते हैं, कबीर दास की वाणी हर सदी में अधिक से अधिक प्रासंगिक होते जातीं है। हम जितने अधिक शिक्षित होते जाते हैं, पढ़े लिखे वैज्ञानिक विचारों के होते जाते हैं अपने अंदर कबीर की वाणियों को घटता हुआ पाते हैं, जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने भंडारे में जा कर अपनी सेवा भी दी,उन्होंने सभी मेला समिति के सदस्यों को वृहद आयोजन की सफलता की शुभकामनाएं दी।

# कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक



पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम के सुर्यवंशी की अध्यक्षता में 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक 31 दिसंबर 2024 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान का सफलतापूर्वक शत् प्रतिशत संचालन हेतु विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम के लक्ष्य एवं उद्देश्य को समय सीमा पर पूरा करने व अभियान के दौरान टीबी के लक्षण वाले मरीजों का अनिवार्य रूप से एक्स रे एवं नाट मशीन द्वारा जांच कराने को कहा गया। बैठक में सहायक नोडल अधिकारी ने एनक्यूएएस संबंधी जानकारी, आईएचआईपी ऑनलाइन एंट्री, वयोवृद्ध सेवाओं की जानकारी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य मेला एवं जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह, सहायक नोडल अधिकारी संदीप मेश्राम, जिला सलाहकार अरविंद मिश्रा, जिला समन्वयक सत्येंद्र साहू उपस्थित थे।

## शुभांगी सोनी बनी सीए



**बेमेतरा।** कनौजिया स्वर्णकार समाज की शुभांगी सोनी ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना मेरे जीवन में सबसे संतोषजनक अनुभव रहा है। यह यात्रा कठिन अध्ययन सत्र, रात-रात भर जागने और कई चुनौतियों से भरी थी। जो भी कठिनाई आई उसका सामना किया। इससे मेरी सफलता की इच्छा को और बढ़ गई। शांत मन से सभी कठिनाइयों का सामना किया। कड़ी मेहनत व ईमानदारी से पढ़ाई करने पर सफलता जरूरी मिलती है। शुभांगी सोनी नगर के प्रदीप सोनी की सुपुत्री है।

# सरकार को विभाग में सही समायोजन कर बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थीयो को काम में रखना चाहिए : खिलेश मारकंडे

पायनियर संवाददाता ◄ उतई
www.dailypioneer.com



पाटन जनपद सदस्य खिलेश बबलू मारकंडे ने कहा है कि बीएड डिग्रीधारी शिक्षकों को निकालना बहुत दुखद है। नियमो की सभी जानकारी नियोक्ता अधिकारियों को थी तो नियुक्ति क्यों किया और नियुक्ति कर ही लिया तो निकाला क्यों गया। बीच का रास्ता निकालकर उसे किसी भी प्रकार से विभाग में समायोजित करना चाहिए था। क्योंकि गलती अभ्यर्थी की नहीं गलती नियुक्ति करने वाले की है तो सजा बी एड डिग्री धारी शिक्षकों को क्यों दिया जा रहा है। बहुत से अभ्यर्थी रेलवे या अन्य नौकरी छोड़कर इस विभाग में नौकरी करने के लिए आये है। बहुत से अभ्यर्थीयो का नौकरी के भरोसे ही शादी हुआ है। बहुत से अभ्यर्थी नौकरी के बेस में ही कार और घर बनाने बैंक से लोन ले लिए है। उन सबकी पारिवारिक व आर्थिक स्थिति खराब कर सरकार उन सबको नये वर्ष में नौकरी से निकालने का आदेश देकर उनका सुखमय जीवन खराब कर रही है। वर्तमान सरकार कुछ करने के बजाय सिर्फ दोषारोपण करने में जुटी है सरकार में आप है आप उनके लिए उचित रास्ता निकालने के लिए सक्षम है। आप बहानेबाजी छोड़कर उन शिक्षकों के जीवन को सुखमय बनाने में सहयोग करने की है। कोर्ट में सही तरीके से अपना पक्ष रखकर अभ्यर्थीयो के लिए कोई ठोस पहल करने की जरुरत है ताकि अभ्यर्थी व उनके परिवार जो मानसिक त्रासदी से बाहर निकल सके। अब स्थिति यह है कि बीएड डिग्री धारी शिक्षकों के पास न्यायालय का दरवाजा खटखटाने का भी विकल्प नहीं बचा है। सरकार भी अब इस मामले को लेकर न्यायालय नहीं जा सकती। मामले मे पेंच फंसता देखकर भी तत्कालीन सरकार और अधिकारियों ने सूझबूझ नहीं दिखाया। इसी का परिणाम है कि मामला इस स्थिति तक पहुँच गया है।छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती एवं पदोन्नति अधिनियम तैयार करते समय ही अधिकारियों द्वारा गड़बड़ी की गई। हाई कोर्ट ने भी अपने अंतिम निर्णय में अलग से नोट जारी करते हुए यह साफ कहा है कि छत्तीसगढ़ शिक्षक भर्ती एवं पदोन्नति नियम सीधे तौर पर शिक्षा के अधिकार कानून का खुला उल्लंघन है।

# जिले में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com







जिले में 35 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा ''यातायात जागरूकता रथ'' को यातायात कार्यालय बालोद के सामने से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, यातायात जागरूकता रथ के माध्यम से जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जाकर मेला/मंडाई, साप्ताहिक बाजार, स्कूल/कॉलेजों एवं अन्य संस्थानों में जाकर यातायात जागरूकता के कार्यक्रम चलाया जाएगा। यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान यातायात जागरूकता रथ भर्रीटोला थाना डौण्डी के साप्ताहिक बाजार पहुंचकर आम जनों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया एवं सड़क सुरक्षा संबंधी पाम्पलेट का वितरण कर लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का स्वंय पालन करने साथ ही अपने प्रियजनों एवं अन्य व्यक्तियों को भी यातायात नियमों के पालन करने के लिए प्रेरित किया गया है। यातायात सड़क सुरक्षा माह 2025 के दौरान जागरूकता कार्यक्रम के साथ-साथ लापरवाह वाहनों चालकों पर चालानी कार्यवाही भी किया जा रहा है, 02 जनवरी को बिना फिटनेश, बिना बीमा एवं बिना प्रदूषण प्रमाण पत्र के संचालित होने वाले प्रायवेट स्कूल के 02 स्कूली वेन में 5800-5800रू. की चालानी कार्यवाही किया गया। यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले कुल लापरवाह 22 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही कर 18600 रू. वसूल किया गया है। आम जनो एवं वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान मेला मंडाई में जागरूकता कार्यक्रम, समझाईश अभियान एवं वाहन चेकिंग अभियान पुलिस द्वारा लगातार जारी रहेगा। यातायात पुलिस आम नागरिकों से अपील करता है कि यातायात नियमों का पालन करे, रात्रि में वाहन चलाते समय अपर डिपर का प्रयोग करे, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग न करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें व वाहन चलाते समय वाहन के दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखे।

# सायबर सेल प्रभारी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव के हाथ सम्मानित किया गया

## आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने की जो मुहिम चलाई गई जिसमें मिली कामयाबी मुंगेली पुलिस के लिए सराहनीय रहा

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com





जिला पुलिस मुंगेली द्वारा बीते वर्ष आपराधिक गतिविधियों पर लगाम कसने की जो मुहिम चलाई गई उन आपराधिक आंकड़ो का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया जिसमें कुछ ऐसे बडे मामले भी सामने आये जिसमें मिली कामयाबी मुंगेली पुलिस के लिए सराहनीय रहा, जिसमें जिला बनने के बाद ब्राउन शुगर (सुखा नशा), लोरमी के डॉ. से डीजीटल अरेस्ट के मामले में हुए सायबर ठगी प्रमुख रही। जिसमें मुंगेली सायबर सेल प्रभारी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव के हाथ सम्मानित किया गया। पुलिस द्वारा जारी आकडे जो निम्नानुसार है, पुलिस से जारी आकडो के अनुसार जिला मुंगेली में वर्ष 2024 में पंजीबध्द अपराधों में वर्ष 2022 की तुलना में आंशिक कमी एवं वर्ष 2023 की तुलना में आंशिक वृद्धि हुई है। वर्ष 2023 की तुलना में वर्ष 2024 में महिला संबंधी अपराधों में 29.24 प्रतिशत की कमी आयी है। वर्ष 2023 मे संपत्ति संबंधी अपराधों 75 प्रकरण एवं वर्ष 2024 मे 93 प्रकरण दर्ज हुए है, इस प्रकार 2023 की तुलना में 2024 में आंशिक वृद्धि हुयी है तथा संपत्ति बरामदगी में कमी आयी है। मादक पदार्थ वर्ष 2023 मे 08 प्रकरण एवं वर्ष 2024 मे 14 प्रकरण दर्ज हुए है, इस प्रकार 2023 की तुलना में 2024 में मादक पदार्थ की बिक्री एवं व्यवसाय पर की गयी कार्यवाही मे बढ़ोत्तरी हुयी है तथा नशीले पदार्थों गाँजा 78.284 किलोग्राम 46 ग्राम ब्राउन शुगर एवं 1265 नग नशीली टेबलेट जप्त किया गया है। जिला बनने के बाद पहली बार मादक पदार्थ के मामलों में सूचना तंत्र को मजबूत कर ब्राउन शुगर के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई किए जाने में सफलता प्राप्त हुई है। अवैध शराब के विरुद्ध वर्ष 2023 की 1176 प्रकरण में 2579.57 लीटर जप्ती की तुलना में वर्ष 2024 में 782 प्रकरण में 1928.55 हजार लीटर से अधिक के शराब की जप्ती कार्रवाई की गई है, जो गत वर्ष की तुलना कार्यवाही एवं जप्ती में कमी होना पाया गया है। मोटरयान अधिनियम के तहत के तहत वर्ष 2023 मे 8020 प्रकरण जिसमे 3627100 रुपये की समन शुल्क की तुलना मे 2024 में 8448 प्रकरण जिसमे 2615600 रुपये की समन शुल्क वसूल कमी आयी है। चुनावी वर्ष 2023 में 90 अभ्यासिक अपराधियों के के विरुद्ध धारा 110 के तहत की गई कार्रवाई की तुलना में वर्ष 2024 में 57 अभ्यासिक अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। वर्ष 2023 में 413 गुम इंसानों की दस्तयाबी की गई थी, जबकि वर्ष 2024 में 443 गुम इंसानों को दस्तयाब किया गया है। गत वर्षों की तुलना मे वर्ष 2024 मे गुम इंसानों की बरामदगी मे 7.26 प्रतिशत अधिक सफलता प्राप्त हुई है। जिले में निवासरत बदमाशों की अपराधी गतिविधियों एवं बदमाशों के प्रति लोगों में व्याप्त भय में कमी लाने हेतु वर्ष 2024 में 04 बदमाशों की गुंडा फाइल खोला गया है एवं 03 व्यक्तियों के जिला बदर की कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन भेजा गया। 01 व्यक्ति को जिला बदर किया गया। एक्सीडेंट प्रोन स्थानों पर स्पीड ब्रेकर साइन बोर्ड आदि लगाये गये है। हिट एण्ड रन के वर्ष 2023 मे 19 प्रकरणों की तुलना मे वर्ष 2024 मे 11 प्रकरण दर्ज हुए, इस प्रकार वर्ष 2024 मे वर्ष 2023 की तुलना मे 42.105 प्रतिशत की उल्लेखनीय कमी आयी है, वर्ष 2024 मे कुल 11 प्रकरण मे से 01 प्रकरण मे सक्षम प्राधिकारी को मूववजा हेतु भेजी गयी, जो लंबित है। इसी प्रकार वर्ष 2024 में महिला, बाल अपराध एवं एससी/एसटी एक्ट के पंजीबद्ध 75 प्रकरण में से 75 प्रकरण में पीड़ित पक्ष को राहत राशि हेतु प्रतिवेदन सक्षम प्राधिकारी को भेजा गया है, जिसमें से 11 प्रकरण में 1820000/- रूपए पीड़ित पक्ष को प्रदान किया गया है। जो की गत वर्ष की तुलना मे काफी अधिक है। जिला मुंगेली मे वर्ष 2024 मे जनता विरुद्ध जनता प्राप्त शिकायतों का निराकरण का प्रतिशत 80.63 रहा। थाना लोरमी क्षेत्रांतर्गत कार्यवाही दिनांक 22.07.2024 को लोरमी शहर में अर्धविक्षिप्त व्यक्ति का अज्ञात शव मिलने से मामले में मर्ग क्रमांक 52/2024 धारा 194 बी.एन.एस.एस कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। जिस पर डॉक्टर के शॉर्ट पी.एम. रिपोर्ट पर सिर में चोट पहुंचाकर हत्या करना पाया गया। जिसमें अपराध क्रमांक 276/2024 धारा 103 (1) बी. एन. एस. हत्या का मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी का पतासाजी करते हुये सी.सी.टी.व्ही. फुटेज एवं तकनीकी सहायता प्राप्त कर अज्ञात आरोपी का पता कर विधि से संघर्षरत् बालक द्वारा लकड़ी के बत्ता एवं ईंट से मारपीट कर सिर में चोट पहुंचाकर हत्या कारित करना पाये जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर प्रकरण का निकाल किया गया है।

**थाना लोरमी क्षेत्रांतर्गत कार्यवाही** -प्रार्थी रिटायर्ड बीएमओ डॉ. दीपक लॉज को डिजिटल अरेस्ट के दौरान आरोपियों द्वारा डराया गया कि आपके द्वारा जो पार्सल दुबई भेजने के लिये मुंबई भेजा गया है उसमें आर्मी का ड्रेस, आई कार्ड्स एवं प्रतिबंधित ड्रग्स पाया गया है इसलिये आपको डिजिटल अरेसट किया जाता है। इस प्रकार भयादोहन कर लगातार कॉल में उपलब्ध रहने एवं फोन डिस्कनेक्ट न करने की धमकी देकर बैंक खाते में उपलब्ध रकम में से 7 लाख 36 हजार रूपये एक्सिस बैंक के खाते में आर. टी.जी.एस. के माध्यम से ट्रांसफर कराया किया गया। इस घटना में थाना लोरमी में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 314/2024 धारा 318 (4) बी.एन.एस., 66 (डी) आई.टी. एक्ट दर्ज कर त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम गठित कर विवेचना क्रम में बैंक डिटेल एवं मोबाईल लोकेशन के आधार पर केरल रवाना हुई केरल के संभावित स्थानों पर मुंगेली पुलिस की टीम द्वारा स्थानीय पुलिस के साथ लेकर दबिश दी गई।

# उप मुख्यमंत्री न किया विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

पायनियर संवाददाता < मुंगेली
www.dailypioneer.com



उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मुंगेली शहर में विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। उन्होंने आगर खेल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 36 करोड़ से अधिक लागत राशि के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने 05 करोड़ 43 लाख रूपए से अधिक राशि का कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें अधोसंरचना मद अंतर्गत 17.56 लाख रुपए की लागत से गुरु घासीदास, महाराणा प्रताप एवं महावीर चैक का सौंदर्यीकरण, 01 करोड़ 79 लाख 34 हजार रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 01 से 22 में 37 स्थानों पर सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य, राज्य परिवर्तित योजना अंतर्गत 25.6 लाख रुपए की लागत से पौनी पसारी निर्माण कार्य, 01 करोड़ 44 लाख 46 हजार रुपए की लागत से 08 स्थानों पर ट्यूबलर पोल का स्थापना कार्य और 15 वें वित्त आयोग अंतर्गत 01 करोड़ 76 लाख 79 हजार रुपए की लागत से विभिन्न प्रकार के वाहनों को क्रय शामिल है। इसी तरह उप मुख्यमंत्री साव ने 31 करोड़ 35 लाख रूपए से अधिक की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इनमें 05 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से नवीन नगर पालिका भवन एवं पार्किंग निर्माण कार्य, 04 करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से गौरव पथ उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्य, 45 लाख रुपए की लागत से विवेकानंद की मूर्ति का सौंदर्यीकरण कार्य, 03 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से स्वीमिंग पुल निर्माण कार्य, 03 करोड़ रुपए की लागत से 05 स्थानों पर स्वागत द्वार निर्माण कार्य, 01 करोड़ 50 लाख रुपए की लागत से बुधवारी बाजार उन्नयन कार्य, 02 करोड़ रूपए की लागत से पुष्प वाटिका उन्नयन कार्य, 6.24 लाख रुपए की लागत से परशुराम चैक का सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्य और 48.13 लाख रुपए की लागत से चैपाटी निर्माण कार्य, 8.15 लाख रुपए की लागत से वार्ड 11 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 8.15 लाख रुपए के लागत से वार्ड नंबर 20 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 8.15 लाख रुपए की लागत से वार्ड नंबर 22 में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य, 29.84 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 11 में मुक्तिधाम उन्नयन कार्य, 48.32 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 08 में देवांगन समाज मुक्तिधाम निर्माण कार्य, 53.19 लाख रुपए की लागत से परमहंस वार्ड क्रमांक 06 में डंपिंग यार्ड के समीप बाउंड्रीवाल एवं शेड निर्माण कार्य, 21.53 लाख रुपए की लागत से वार्ड क्रमांक 08 में मुक्ति धाम का उन्नयन कार्य।

### 'मुंगेली में बनेगा हाईटैक बस स्टैण्ड, नवीन कार्यों के लिए 25 करोड़ रूपए की घोषणा'

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि गौरवमयी और ऐतिहासिक पल है। मुंगेली शहरवासियों को 36 करोड़ रूपए से अधिक की सौगात मिली है। उन्होंने शहरवासियों को इसके लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में तेज गति से विकास कार्य किए जा रहे हैं। मुंगेली की जनता को मांगने की जरूरत नहीं है। वे मुंगेली की आवश्यकताओं को भलीभांति जानते हैं। मुंगेली का बहुत पुराना व गौरवशाली इतिहास रहा है। उसके गौरव के अनुरूप मुंगेली की तरक्की हो, उसके लिए हरसंभव कार्य करेंगे। उप मुख्यमंत्री साव ने 25 करोड़ रूपए से अधिक लागत राशि के नवीन विकास कार्यों की घोषणा भी की। इनमें मुंगेली में हाईटेक बस स्टैंड के लिए 6 करोड़ 20 लाख रुपए, मुंगेली में नालंदा परिषद के लिए 04 करोड़ 41 लाख रुपए, आगर खेल मैदान मुंगेली के जीर्णोद्धार के लिए 01 करोड़ 10 लाख रुपए, अधिकारी-कर्मचारी आवास निर्माण एवं अन्य आवश्यक कार्य के लिए 80 लाख रुपए, भक्त माता कर्मा चैक के निर्माण एवं मूर्ति की स्थापना के लिए 30 लाख रुपए, निरंजन प्रसाद केशरवानी बाल वाटिका मलाई घाट के मुक्ति धाम के लिए 30 लाख रुपए, साहू पारा में सामुदायिक भवन के लिए 25 लाख रुपए, मां परमेश्वरी चैक परशुराम चैक, गुरू घासीदास चैक जैसे पांच चैकों के सौंदर्यीकरण के लिए 25 लाख रुपए, मां परमेश्वरी चैक देवांगन मुक्तिधाम में हाई मास्क लाइट के लिए 12 लाख रूपए, हीरालाल वार्ड में आगर नदी तट पर शेड निर्माण और मृतक संस्कार हेतु चबूतरा निर्माण के लिए 10 लाख रुपए, महाराणा प्रताप पेंडाराकापा में पचरी निर्माण के लिए 07 लाख रूपए शामिल है। इस अवसर पर कलेक्टर राहुल देव, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, वनमण्डलाधिकारी संजय यादव, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवनीत कौर छाबड़ा, एसडीएम मुंगेली पार्वती पटेल, नगर पालिका सीएमओ आशीष तिवारी, पूर्व सांसद लखनलाल साहू, नगर पालिका अध्यक्ष संतूलाल सोनकर, उपाध्यक्ष मोहन मल्लाह, जिला पंचायत सदस्य दुर्गा उमाशंकर साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिण।

# नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव ने कहा- बुधवारी बाजार में हुई तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों को देंगे पुनर्वास की व्यवस्था

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पालिका परिषद शक्ति में वार्ड क्रमांक 16 से भारतीय जनता पार्टी के पार्षद के रूप में पार्षद निर्वाचित होने वाले एवं भाजपा द्वारा नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी देकर भाजपा पार्षदों का प्रतिनिधित्व करने वाले धनंजय नामदेव ने 2 जनवरी को अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में एक भेंटवार्ता में कहा की शक्ति नगर पालिका को एक आदर्श नगर पालिका बनाना उनकी प्राथमिकता रही तथा उन्होंने वार्ड की जनता के अपेक्षाओं के अनुरूप काम किया है, नामदेव ने कहा की नगर विकास में प्रतिपक्ष का बहुत बड़ा योगदान रहता है, मैंने भी इसे बखूबी निभाया है जो उपलब्धियों के शोरगुल से दूर काम करने में विश्वास रखते है उनका कहना है कि पांच साल राज्य में कांग्रेस की सरकार ओर नगर में कांग्रेस के अध्यक्ष के चलते नगर के विकास को लेकर उनकी जो प्लानिंग थी, वो पूरी नहीं हो पाई प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद से लगातार नगर के विकास को लेकर उनका प्रयास जारी है। नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव कहते हैं कि क्षेत्रीय सांसद,प्रभारी मंत्री के माध्यम से नगर के विकास में होने वाले दर्जन भर से अधिक कार्यों को लेकर परिषद में पास कराकर राज्य शासन को भेजा जा जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष का कहना है कि हमारा मकसद नगर के हर एक नागरिक के समस्या का समाधान ओर उनकी जरूरतें पूरी करना है हमने ठान लिया है कि सक्ती को आने वाले पांच साल में आदर्श नगर पालिका बनाएंगे ओर इसके लिए राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है,नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव ने बताया कि उपमुख्यमंत्री अरुण साव की मंशानुरूप क्षेत्र विकास को प्राथमिकता से कराने उनके मार्गदर्शन पर सक्ती नगरपालिका अंतर्गत नाली निर्माण सड़क निर्माण एवं उद्यान सौंदर्यीकरण नगरपालिका के 1 से लेकर 18 वार्डो में सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था को लेकर भाजपा पार्षदों ने अपना सक्रिय योगदान देते हुए सभी मुद्दों को पालिका प्रशासन के ध्यान में लाया और विभिन्न कार्यों को समय पर करने की मांग की गई कुछ दिनों पूर्व ही सांसद कमलेश जांगड़े से सक्ती के वार्ड 3 ठाकुरमुडा निवासियों ने भेंटकर अपने क्षेत्र में सड़क की समस्या से अवगत कराया एवं जल्द सड़क बनवाने की मांग रखी जिस पर सांसद ने इस संबंध में नेता प्रतिपक्ष पार्षद दल धनंजय नामदेव से चर्चा कर ठाकुरमुडा तक पहुंच मार्ग सी सी रोड एवं शहर विकास के अन्य मुद्दों पर बात की जिस पर भाजपा के पार्षदों ने ठाकुरमुडा तक सड़क निर्माण की मांग को सी एम ओ को अवगत कराया। जिसे परिषद के एजेंडे में शामिल कराकर भाजपा पार्षद दल द्वारा परिषद की बैठक में ठाकुरमुडा में सड़क निर्माण के मुद्दे को जोरशोर से उठाया जो सर्वसहमति से पारित हुआ, इसी तरह शहर के दो उद्यान हॉस्पिटल परिसर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान एवं वार्ड 2 स्थित पंडित श्यामप्रसाद मुखर्जी उद्यान जो रखरखाव के अभाव में जीर्ण शीर्ण हो चुके है को भाजपा पार्षदों के द्वारा उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण के लिए नगरपालिका परिषद के एजेंडे में लगवाकर पूर्ण बहुमत से पारित कराया। नेता प्रतिपक्ष धनंजय नामदेव का कहना है कि नगर में भाजपा की सरकार बनते ही नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की दिशा में कार्य शुरू हो जाएगा मगर सबसे पहले गौरवपथ ओर बुधवारी बाजार में तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों के पुनर्वास हमारी प्राथमिकता रहेगी।

# सक्ती में शिव बारात आयोजन समिति के अध्यक्ष चुने गए राजकुमार अग्रवाल राजू

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





सक्ति शहर में महाशिवरात्रि पर्व पर प्रतिवर्ष निकलने वाली भव्य शिव बारात के लिए इस वर्ष 2025 में शिव बारात का आयोजन करने 2 जनवरी 2025 को स्थानीय हटरी धर्मशाला शक्ति में विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से समिति के अध्यक्ष के रूप में राजकुमार अग्रवाल राजू को चुना गया तथा राजकुमार अग्रवाल राजू ने शिव बारात आयोजन समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर कहा कि बाबा भोलेनाथ की कृपा से इस वर्ष सर्व सहयोग से इस भव्य आयोजन को और अधिक व्यापक रूप से इसका प्रचार प्रसार किया जाएगा तथा सनातन धर्म की संस्कृति की अनुरूप इस पूरे कार्यक्रम को संपन्न कराया जाएगा, शिव बारात आयोजन समिति का अध्यक्ष चुने जाने पर राजकुमार अग्रवाल राजू को विभिन्न संगठनों ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखित हो की शक्ति के महाशिवरात्रि पर्व पर निकलने वाली शिव बारात की प्रसिद्धि भारत के बड़े धार्मिक आयोजनों में है, तथा लगभग 50000 हजार की संख्या में लोग इस शिव बारात में शामिल होते हैं, तो वहीं सैकड़ो वाहनों के साथ कई किलोमीटर लंबी यह बारात निकाली जाती है, जो की संध्या समय निकालकर देर रात तक बड़े धार्मिक आयोजन एवं भगवान शिव पार्वती जी के विवाह के साथ संपन्न होती है तथा हजारों लोगों का भंडारा प्रसाद एवं जगह-जगह जलपान की व्यवस्था शहर वासियों द्वारा की जाती है।

# राजेंद्र अग्रवाल चुने गए अग्रोहा सेवा संघ चंद्रपुर परिक्षेत्र के नए अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com



नवगठित शक्ति जिले के अंतिम छोर मां चंद्रहासिनी देवी की पावन नगरी चंद्रपुर क्षेत्र में अग्रवाल समाज के सशक्त संगठन श्री अग्रोहा सेवा संघ चंद्रपुर परिक्षेत्र के विधिवत होने वाले निर्वाचन के तहत 2 जनवरी 2025 को नए अध्यक्ष चुने जाने के लिए परिक्षेत्र की एक बैठक आयोजित की गई, बैठक का शुभारंभ अग्रकुल प्रवर्तक भगवान अग्रसेन की पूजा अर्चना एवं वंदन के साथ हुआ, तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारी- सदस्यों का भी स्वागत किया गया जिसमें सर्वसम्मति से नए सत्र के अध्यक्ष के लिए साल्हेआना निवासी समाज सेवी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल को जिम्मेदारी दी गई तथा वर्तमान में डभरा के सोमराज अग्रवाल परिक्षेत्र के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रहे थे एवं सोमराज अग्रवाल के सफलतम कार्यकाल एवं उनकी सक्रियता के लिए परिक्षेत्र के उपस्थित सभी सदस्यों ने उनका आभार व्यक्त किया।

साथ ही नया अध्यक्ष चुने जाने पर राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने भी कहा कि यह जो एक बड़ी जिम्मेदारी अध्यक्ष कि मुझे आप सभी ने सौंपी है,मैं पूरी सक्रियता के साथ में काम करूंगा एवं आप सभी के सदैव मार्गदर्शन से श्री अग्रोहा सेवा संघ चंद्रपुर परिक्षेत्र के इस संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करूंगा, वहीं 2 जनवरी को संपन्न बैठक में परिक्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पदाधिकारी, सदस्य मौजूद रहे तथा नए अध्यक्ष चुने जाने पर राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल साल्हेआना को भी सभी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखित हो की श्री अग्रोहा सेवा संघ चंद्रपुर परिक्षेत्र विगत कई दशकों से निरंतर कार्य कर रही है, तथा इस संगठन द्वारा जहां कोविड काल में भी जरूरतमंदों की सेवा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए तो वहीं बिलासपुर संभाग में भी यह संगठन अपनी सक्रियता के लिए एक अलग पहचान रखता है।


## छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

// भानुप्रतापपुर काष्ठागार (पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल) के ई-नीलाम का संक्षिप्त विवरण //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत काष्ठागार भानुप्रतापपुर एवं बांसागार कराठी संग्रहित ईमारती काष्ठ/बल्ली/औद्योगिक/व्यापारिक बांस का निम्न दर्शाये गये स्थल में भण्डारीत है। जिसका निर्वतन ई-नीलाम तिथि 08.01.2025 को किया जावेगा तदानुरूप इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है, कि घोष विक्रय में भाग लेवें।

नीलाम में प्रस्तावित मात्रा कम या अधिक हो सकती है। बोली लगाने से पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण कर लेवें। घोष विक्रय की शर्तों एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में संबंधित वनमंडल से प्राप्त की जा सकती है।

| वनमंडल का नाम | काष्ठागार का नाम | स्थान/नीलाम दिनांक व समय |
|---|---|---|
| पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल | काष्ठागार भानुप्रतापपुर | काष्ठागार भानुप्रतापपुर नीलाम दिनांक 08.01.2025 प्रातः 09:00 बजे से |

| अ. क्र. | प्रजाति | नया वनोपज | | अविक्रित वनोपज | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | काष्ठ घ.मी. | बल्ली | काष्ठ घ.मी. | बल्ली | काष्ठ घ.मी. | बल्ली |
| 1 | सागौन | 15 | 113 | 106 | 309 | 121 | 422 |
| 2 | साल | 126 | 0 | 0 | 0 | 126 | 0 |
| 3 | बीजा | 9 | 0 | 15 | 2 | 24 | 0 |
| 4 | साजा | 28 | 150 | 38 | 0 | 66 | 150 |
| 6 | हल्दू/मण्डी | 16 | 0 | 13 | 0 | 29 | 0 |
| 7 | सलिहा/मोदे | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 8 | तिन्सा | 2 | 0 | 0 | 0 | 2 | 0 |
| 10 | धावड़ा | 19 | 77 | 2 | 4 | 21 | 81 |
| 11 | कर्रा | 2 | 124 | 0 | 0 | 2 | 124 |
| 12 | तेन्दू | 35 | 37 | 1 | 0 | 36 | 37 |
| 13 | अन्य | 36 | 475 | 12 | 0 | 48 | 475 |
| | योग : | 290 | 976 | 187 | 315 | 477 | 1291 |

-: अनुमानित मात्रा काष्ठ एवं बल्लियां :-
नीलाम हेतु प्रस्तावित औद्योगिक / व्यापारिक बांस :-

| क्र. | वनमण्डल | बांसागार भानुप्रतापुर | नग | नो. टन |
|---|---|---|---|---|
| | पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर | व्यापारिक बांसागार भानुप्रतापपुर (पुराना लॉट) | 31270 | 87.908 |
| | | बांसागार भानुप्रतापुर | बंडल | नो. टन |
| | | औद्योगिक बांसागार भानुप्रतापपुर (नया लॉट) | 1700 | 24.000 |

नीलाम हेतु प्रस्तावित राजसात वाहन (आफ लाइन नीलाम)

| क्र. | वनमण्डल | वाहन का प्रकार | वाहन नंबर |
|---|---|---|---|
| | पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर | मारूति ओमनी | CG04-8642 |
| | | टाटा इंडिका | CG05-4025 |
| | | बजाज केलिबर मोटर सायकल | CG07ZR-5468 |
| | | टाटा सूमो | CG02-6786 |

दूरभाष क्रमांक - पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल (07850-252223)

1. कताओ को ई-नीलाम के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कार्मस पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. केताओं को ई-नीलाम के पूर्व क्रय लॉटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम.एस.टी.सी.ई-कार्मस पोर्टल में अपने आईडी से लॉगइन करके देख सकते है।
4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात् प्रथम क्रेता को 40 सेंकड का समय प्राप्त होगा उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकंड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा।
5. ईमारती काष्ठ के लॉट क्रमांक 25BPR0001T से 25BPR0074T तक नया लॉट, 24BPR1770T से 24BPR1822T तक पुराना लॉट एवं बांस के लॉट कमांक 24BPRB52B से 24BPRB91B तक पुराना लॉट एवं औ.बांस लॉट क्रमांक 24BPRBK16B है।

वनमण्डलाधिकारी,
पूर्व भानुप्रतापपुर वनमंडल
भानुप्रतापपुर

G-242505065/5


# मिल्कयाना पशु आहार के लक्की ड्रा होंडा मोटर साइकिल के प्रथम विजेता बने शक्ति के आकाश सिंह

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com





शहर के हटरी चौक निवासी मिल्कयाना पशु आहार के अधिकृत वितरक रमेश चंद अग्रवाल एवं बजरंग अग्रवाल द्वारा हटरी धर्मशाला शक्ति में एक दिवसीय मिल्कयाना गौ पालक एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया, इस अवसर पर जहां कंपनी द्वारा प्रारंभ की गई लकी ड्रा इनामी योजना के का भाग्यशाली ड्रा भी निकला गया तो वहीं इस ड्रा के प्रथम विजेता शक्ति के दर्रा निवासी आकाश सिंह बने, जिन्हें होंडा कंपनी की साइन मोटरसाइकिल दी गई, इसके अलावा दो गोदरेज की वर्लपूल रेफ्रिजरेटर, एक नग स्मार्ट टीवी, एवं 5 नंग सिंफनी के सुपर फास्ट कुलर उपहार स्वरूप प्रदान किए गए साथ ही मिल्कयाना पशु आहार पर वर्षों से अपना विश्वास रखने वाले अन्य गौ पालकों को विशेष उपहार प्रदान किया गया। कायक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर हुआ, इस दौरान मंच संचालन आयोजक प्रतिष्ठान के रमेश कुमार अग्रवाल एवं बजरंग अग्रवाल ने संयुक्त रूप से करते हुए मिल्कयाना पशु आहार को दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करने वाला, एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता तथा शक्ति बढ़ाने वाला बताया एवं शरीर से टॉक्सिन हटाकर प्रजनन क्षमता को भी बढ़ाने की बात कही, कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित अतिथियों में मिलकयाना कंपनी बिलासपुर के एमडी प्रदीप अग्रवाल, शक्ति जिले के पशुधन विकास अधिकारी डॉ अशोक कुमार गबेल, सहायक पशु चिकित्सक डॉ बंजारे, डॉक्टर राठौर, मिलकयाना कंपनी के डायरेक्टर तिवारी, मिलकयाना पशु आहार शक्ति के अधिकृत रमेश चंद्र अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे, तथा इस दौरान अन्य गणमान्य नागरिकों में पूज्य सिंधी पंचायत शक्ति के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार दरयानी, नगर पालिका शक्ति के पूर्व अध्यक्ष नरेश गेवाडीन, जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के अध्यक्ष ईश्वर लोधी, सचिव कन्हैया गोयल, छत्तीसगढ़ जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन शक्ति जिले के संरक्षक अमरलाल अग्रवाल कांटेक्टर, पत्रकार रामनारायण गौतम, रवि गोयल, धरमलाल रात्रे, जिला शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के कोषाध्यक्ष समस्तबरेज पप्पू खान, वरिष्ठ पत्रकार जीवन पटेल, शक्ति प्रेस क्लब शक्ति के संरक्षक अशोक अग्रवाल पंचमुखी भी उपस्थित रहे, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कंपनी के एमडी प्रदीप अग्रवाल ने कंपनी के उत्पादन के बारे में गौ पालकों को जानकारी देते हुए कहा कि यह कंपनी आज पूरे देश में पशु आहार बनाने वाली सर्वश्रेष्ठ अग्रणी कंपनी है, तथा इस कंपनी के उत्पादो के उपयोग से जहां गौ पालकों को भी काफी लाभ मिल रहा है।


## न्यायालय तहसीलदार सरायपाली जिला-महासमुंद (छ.ग.)

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश भोई पिता रोहित भोई निवासी ग्राम सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद के द्वारा ग्राम सरायपाली में स्थित भूमि ख.नं.619/2 रबा 0.4040 में से 30 डिसमिल को विक्रय करने हेतु अनुमति प्रदान करने के संबंध में आवेदन कलेक्टर महोदय को किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 20/01/2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 02/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली

# जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने टीबी मरीजों को वितरित किया फूड बास्केट



पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड ने निक्षय मित्र बनकर जिले के 5 टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान किया। इस अवसर पर उन्होंने मरीजों को फूड बास्केट वितरित की और समाज के सभी वर्गों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। डॉ. बसोड ने कहा कि टीबी मरीजों को दवा के साथ-साथ उचित पोषण भी आवश्यक है, जिससे उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके। उन्होंने बताया कि फूड बास्केट में तेल, चना, सोयाबीन बड़ी, दाल, उड़द, और फली जैसे पोषक खाद्य पदार्थ शामिल हैं। निक्षय मित्र अभियान के तहत जिले के कई समाजसेवी, अधिकारी और कर्मचारी लगातार मरीजों को निःशुल्क सहायता प्रदान कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराकर उन्हें शीघ्र स्वस्थ बनाना है। डॉ. बसोड ने आम नागरिकों, सामाजिक संगठनों, और संस्थाओं से अपील की कि वे आगे आकर निक्षय मित्र बनें और टीबी मरीजों को सहायता प्रदान करें। कोई भी व्यक्ति इस अभियान में शामिल होकर टीबी मरीजों के लिए तेल, चना, दाल, सोयाबीन, और अन्य खाद्य सामग्री दान कर सकता है। यह योजना टीबी मरीजों को पोषण आहार प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और क्षय रोग के उन्मूलन में समाज की सामूहिक भूमिका को सुनिश्चित करती है।

# महाविद्यालय में शिक्षक अभिभावक की बैठक



पायनियर संवाददाता ➤ सरायपाली
www.dailypioneer.com

स्वर्गीय राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ. संध्या भोई के निर्देशन में, पालक शिक्षक समिति के संयोजक एवं विभागाध्यक्ष (रसायनशास्त्र) शब्या पटेल के मार्गदर्शन मे अपराह्न में शिक्षक-अभिभावक बैठक आयोजित की गयी जिसमें छात्र-छात्राओं की कक्षा में उपस्थिति, अकादमिक प्रगति, सेमेस्टर परीक्षा शेड्यूल, विभागीय संसाधनों, ग्रंथालय एवं बुक बैंक योजना के संबंध में चर्चा की गयी। स्वागत भाषण में शिक्षक पालक समिति के संयोजक शब्या पटेल ने रसायनशास्त्र विभाग के ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, उपलब्ध संसाधनों,परीक्षा परिणाम के साथ शिक्षक पालक समिति बैठक के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी दी गई, प्रभारी प्राचार्य डॉ. संध्या भोई ने कहा कि छात्र-छात्राओं को संस्कार युक्त बनाने में शिक्षकों एवं अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पालकों की ओर से प्रदीप दास एवं दीप्ती मरी दास द्वारा अपने विचार एवं सुझाव रखे गए। अभिभावकों की ओर से महाविद्यालय में एम एससी (गणित) एवं छात्राओं के लिए गर्ल्स कामन रूम के लिए मांग रखी गई। इस बैठक में अभिभावकों के साथ यूं.के.बरिहा (विभागाध्यक्ष-राजनीति विज्ञान) एम.एन. सिदार (विभागाध्यक्ष-भूगोल) प्राची गुप्ता (विभागाध्यक्ष-वाणिज्य) के.एस.पटेल (विभागाध्यक्ष-जंतुविज्ञान), रसायनशास्त्र विभाग में पदस्थ अनिल गुप्ता, जयप्रकाश सिंह वाणिज्य विभाग से भुवनेश्वर नंद, पालक शिक्षक समिति सदस्य डॉ. जी.पी.पटेल , अनिल ताण्डी एवं सत्यप्रकाश खड़बंधे उपस्थित रहे। संचालन पी.बाघ द्वारा किया गया।

# विधायक ने की डायरिया प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात



पायनियर संवाददाता ➤ उतई
www.dailypioneer.com

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम पुरैना में डायरिया फैलने की सूचना मिलने पर दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर तत्काल ग्राम पहुंचकर प्रभावित ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को समझा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुरैना में पहुंचकर मरीजों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके हालचाल जाने। बेहतर और त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के लिए चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही, स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया, ताकि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान हो सके। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, पुरैना मरोदा मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल मंडल महामंत्री अजीत चौधरी, मोहन लाल बघेल, दशरथ सोनवानी, भैरो सिंह सोनवानी, राजकुमार,कमल सोनवानी, सोनू जांगड़े, राकेश, मोहन, जितेन्द्र, उमेश, बोधराम बंजारे, एम. लक्ष्मण राव,ओमप्रकाश मिर्जा, बी कृष्ण राव, डि .साई. सरोज बाई, सुरेश कुमार, बी. गणपत, शंकर यादव, के. एल. कुमारी, बसंत दास मानिकपुरी, इंद्राणी वर्मा, डी. महेश, पी. मधु, लाला जी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# छात्र छात्राओं को टीबी मुक्त भारत की दिलाई गई शपथ



पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

निक्षय निरामय कार्यक्रम अन्तर्गत मिडिल स्कूल सोनवाही में पिरामल फाऊंडेशन एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर सोनवाही के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे शाला शिक्षक और छात्र छात्राओं को टीबी मुक्त भारत की सपथ दिलाई गई। इस अवसर पर शाला की प्रधान पाठक कान्ति पांडेय ने कहा कि टीबी की बिमारी से मुक्ति पाना संभव है। यह बिमारी संक्रमण से फैलता है। संक्रमण के क्रम को विराम लगा दिया जाये तो हम सभी टीबी मुक्त हो जायेगा। प्राइमरी स्कूल के प्रधान पाठक मीरा सिंह, ने कहा की पड़ोसी स्वास्थ्य तो हम भी स्वास्थ्य अर्थात अपने पड़ोस में रहने वाले लोगों का ध्यान देना होगा। यदि सम्भावित लक्षण दिखें तो उनका जांच करवाना अति आवश्यक है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मंजू ने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत के लिए सामुदायिक सहभागिता आवश्यक है। आप सबके सहयोग से सोनवाही को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है। पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम अधिकारी महेन्द्र तिवारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लिए 2025 का लक्ष्य निर्धारित है। और सम्पूर्ण विश्व को 2030 तक टीबी मुक्त करना है। इसके लिए टीबी मुक्त पंचायत के मापदंडों में एक हजार की जनसंख्या में तीस लोगों का जांच करवाना आवश्यक है। कार्यक्रम में ज्योति सिंह, सीमा जायसवाल गायत्री सिंह, संगीता, मैडमजी उपस्थित रही।

# सीएमएचओ डॉ निराला ने छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरुक

पायनियर संवाददाता ➤ सारंगढ़-बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com

जिला के मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ आर निराला ने विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय उच्चतर माद्यमिक विद्यालय सलिहा में विकासखण्ड एवं जिला के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य पे चर्चा परिचर्चा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में स्कूल के प्रिंसिपल हितेंद्र कुमार पांडेय ने अतिथियों का परिचय कराया। जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एफ.आर. निराला ने स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि स्कूल के बच्चों में रक्त अल्पता मतलब खून की कमी होने की सर्वे रिपोर्ट है।

## शादी के समय सिकलसेल रिपोर्ट का मिलान जरुरी

शासन के आदेशानुसार जन्म से 40 वर्ष तक के सभी लोगों की सिकलसेल की जांच अभियान जारी है, जिसमें आगे चलकर इनकी उपचार का प्रबंध हो सके वहीं दूसरी ओर शादी के समय काउंसलिंग कर सिकलसेल की बीमारी को पीढी दर पीढ़ी होने से बचाया जा सकता है। शादी के समय कुंडली मिलान के अलावा सिकलसेल की जांच रिपोर्ट की भी मिलान करने की रिवाज को बढ़ावा दिए जाने की ज़रूरत है।इसमें समाज प्रमुखों की भी भूमिका अहम है। इस दौरान उपस्थित स्कूली बच्चों, शिक्षक एवं ग्रामवासियों का सिकलिन, शुगर, बीपी, एचबी, एनीमिया आदि स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

## कृमि के कारण होती है एनीमिया

छोटे बच्चों में कृमि के कारण एनीमिया होना आम बात है। छोटे बच्चे आमतौर पर घर के आंगन में नंगे पैर खेलते है, जिन्हें कृमि होने की प्रबल संभावना होती है। ऐसे कृमि को नग्न आंखों से नही देखा जा सकता। यह कृमि पैर के तलवे से प्रवेश करता है। कुछ कृमि भोज्य पदार्थ के माध्यम से शरीर मे प्रवेश करता है। अंतड़ियों में निवास करता है। अंतड़ियों में अपनी आकर एवं संख्या को बढ़ाता है। कृमि अंतड़ी में जीवित रहने के लिए बच्चों के द्वारा ग्रहण की गई पोषक पदार्थ और खून को चुस्ता है। कृमि के द्वारा लगातार चूसते रहने के कारण बच्चे कमजोर हो जाते है। यही कारण है कि बच्चे को खून की कमी होता है। खून की कमी होने के कारण बच्चे की शारीरिक विकास एवं मानसिक विकास अवरुद्ध होता है। बच्चो में सीखने की क्षमता कम होती है। बच्चे का आईक्यू भी कम होता है। ऐसे बच्चों को चक्क र आना, जल्दी थक जाना, पढ़ाई में मन न लगना, पढ़ने से याद न होना आदि परेशानी होती है। ऐसे परेशानी को दूर करने के लिए शासन द्वारा वर्ष में 02 बार अगस्त एवं फरवरी में कृमिनाशक दवाई खिलाई जाती है। पिछले दो वर्षो से हमारे जिले के दो विकासखण्ड बरमकेला एवम सारंगढ में आईडीए जिसमें इभरमेक्ट्रिन, डीईसी और एलबेंडाजोल की गोली एक साथ खिलाई जाती है। क्रीमीनाशक के साथ हाथी पाव की गोली भी खिलाई गयी थी। इस वर्ष बिलाईगढ़ में भी आईडीए कार्यक्रम फरवरी के महीने में चलाए जाएगी। बच्चों के साथ अन्य को भी दवाई खिलाई जाएगी। बच्चो को आयुष्मान कार्ड के उपयोग, समाज से टीबी एवं कुष्ठ उन्मूलन करने के लिए एवं समाज में तम्बाकू निषेध के अभियान को विस्तारपूर्वक चर्चा की गयी। कार्यक्रम में बालवाड़ी ब्लॉक नोडल संजीव राजेत्री, संकुल समन्वयक छतराम नेताम, शिक्षक हेमलाल मनहर, पदुम सिंह जगत, नूतन कुमार साव, चन्द्रशेखर भोई, चुमुक़ लाल बरिहा, पूर्णचंद पटेल, पुष्पा यदु, जगेश्वर प्रसाद गहीर, धर्मेंद्र कुमार साहू, संजीव राजेत्री एवं समस्त स्कूली छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# साइबर क्राइम से बचाने के लिए स्कूली बच्चों को दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा अपने सामाजिक दायित्व निर्वहन के तहत साइबर क्राइम पर नियंत्रण पाने के लिए राजधानी के सभी स्कूलों में कैंप लगाकर छात्र-छात्राओं को सभी तरह के साइबर क्राइम से बचाने, साइबर अपराध पर अंकुश लगाने साइबर अपराधियों की ठगी के तरीकों के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही इससे बचने के उपाय भी बताए जाएंगे। स्कूल में कैंप लगाकर की जा रही है इस अभियान की शुरुआत। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज द्वारा स्कूलों में कैंप लगाकर साइबर क्राइम जागरूकता अभियान की शुरुआत की जा रही है। पूरे प्रदेश में चलाए जाने वाले साइबर क्राइम जागरूकता अभियान की शुरुआत छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के खालसा स्कूल से शुरू होने जा रही है, जहों मिडिल एवं हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम कैसे होता है? और उससे बचने के उपाय बता कर उन्हें वॉलिंटियर के रूप में तैयार किया जाएगा ताकि वह अपने माता पिता, घर के सदस्यों, पड़ोसियों दुकानदारों, सब्जी बेचने वालों सहित अपने अन्य मित्रों को मोबाइल पर आने वाले कॉल, मैसेज, लिंक के माध्यम से ठगी करने वालों से बचने और सुरक्षित रहने की जानकारी देकर इस अभियान में जोड़कर समाज में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हुए साइबर क्राइम करने वालों के मुंह पर तमाचा मारते हुए उनके अपराध के झांसे में आने से लोगों को बचा सके और शासन - प्रशासन के साथ-साथ पुलिस प्रशासन के सहयोगी के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर सके। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुखबीर सिंघोत्रा ने बताया कि शहर के प्रमुख स्कूलों में साइबर क्राइम जागरूकता कैंप की शुरुआत राजधानी से की जा रही है बाद में इसका दायरा बढ़ाकर प्रदेश के अन्य शहरों के स्कूलों में भी किया जाएगा। इस साइबर क्राइम जागरूकता अभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरीश कुमार मिश्रा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के इस महाअभियान में छत्तीसगढ़ पुलिस के अधिकारी भी उपस्थित रह कर ऑनलाइन ठगी से बचने के बारे में जानकारी साझा करेंगे। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के इस साइबर क्राइम जागरूकता अभियान में खालसा एजुकेशन सोसाइटी के पदाधिकारी, समाज के प्रमुख लोगों के साथ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# भारतीय स्टेट बैंक ने नव वर्ष में दी मेधावी छत्राओ को साइकिल की सौग़ात

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

नव वर्ष के मौक़े पर भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय कोरबा ने 20 मेधावी छत्राओ को साइकिल भेट की। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय हाई स्कूल जेपी कॉलोनी कोरबा एवं शासकीय स्कूल टीपी नगर कोरबा में किया गया। इस अवसर पर एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक आदर्श श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक हमेशा समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाता है। साइकिल के माध्यम से बैंक छत्राओ को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। उन्होंने ने कहा कि बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ की मुहिम में यह पहल छत्राओ को सशक्त करेगी और उनकें उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशष्ट करेगी। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य, प्राध्यापक एवं छात्र मौजूद थे। एसबीआई के मुख्य प्रबंधक जीवराखन कावड़े, ,एसबीआई एसईसीएल शाखा प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी, प्रबंधक मानव संसाधन धीरेंद्र कुमार, उप प्रबंधक अतुल सिंह एवं सुधांशु अग्रवाल आयोजन में मौजूद रहे।



# स्वास्थ्य विभाग के रिक्त पदों में भर्ती के लिए आरक्षण रोस्टर जारी

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

खनिज न्यास निधि (डी.एम.एफ.) मद अंतर्गत मानदेय पर स्टॉफ नर्स, लैब टेक्निशियन एवं फार्मासिस्ट ग्रेड-02 के रिक्त पदों की भर्ती हेतु कलेक्टर के अनुमोदन् उपरान्त कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला-सुकमा के विज्ञापन में चयन समिति के निर्णय के अनुसार उक्त विज्ञापित पदों पर आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुये भर्ती किया जाएगा। जिसके परिपालन में रोस्टर अनुसार पदों का विवरण दिया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्टॉफनर्स के कुल 10 विज्ञापित पदों में से 8 पद अनुसूचित जनजाति, 1 पद अन्य पिछड़ा वर्ग और 1 पद अनारक्षित के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार लैब टेक्निशियन के कुल 2 रिक्त पदों में से 1 पद अनुसूचित जनजाति और 1 पद अनारक्षित और फार्मासिस्ट के 5 रिक्त पदों में से 4 पद अनुसूचित जनजाति और 1 पद अनारक्षित के लिए आरक्षित किया गया है। उपरोक्त आरक्षण रोस्टर के आधार पर विज्ञापित पदों में भर्ती की जाएगी। तद्पश्चात पद शेष रहने की स्थिति में अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जावेगी। शेष नियम-शर्तें यथावत् रहेगी।

# कायाकल्प योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाओं को मिली सराहना

## कलेक्टर ने की हौसला-अफजाई और दी प्रशस्ति पत्र

पायनियर संवाददाता ➤ कोरिया
www.dailypioneer.com

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित एक सम्मान समारोह में कोरिया जिला कलेक्टर चंदन त्रिपाठी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु कर्मियों एवं स्वास्थ्य केंद्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। कलेक्टर त्रिपाठी ने इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य, केंद्र पटना, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सरई गहना, शिवपुर, सल्का, खरवत और सागरपुर को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कायाकल्प योजना के अंतर्गत इन स्वास्थ्य केंद्रों ने स्वच्छता, सेवा की गुणवत्ता और मरीजों की देखभाल में उल्लेखनीय कार्य किया है। इस उपलब्धि से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति आम जनमानस का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। कलेक्टर ने इन कर्मियों के हौसला अफजाई करते हुए कहा कि बेहतर कार्यों का हरदम बेहतर परिणाम मिलता है, इसलिए पूरे मनोयोग के साथ कार्य करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक अशरफ अंसारी ने कायाकल्प योजना के तहत इन स्वास्थ्य केंद्रों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने इन फैसिलिटीज को और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने की अपील की।

# पत्थलगांव में घर-घर जाकर बनाया जा रहा आयुष्मान वय वंदना कार्ड

## पत्थलगांव में घर-घर के सदस्यों ने आयुष्मान व दर्शन कार्ड जारी किया



पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार पत्थलगांव विकासखंड क्षेत्र में घर-घर की यात्रा के लिए 70 लाभ हितग्राहियों का आयुष्मान वय विज्ञान कार्ड बनाया जा रहा है। विदित हो कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत 70 वर्ष से अधिक उम्र के सभी वृद्ध नागरिकों को लाभ देने के लिए आयुष्मान वय दंड का शुभारंभ हुआ है। योजना के तहत 5 लाख तक मुफ्त इलाज का प्रावधान है। इसी तारमयी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के वैद्यनुरूप जिले के सभी वृद्धजनों के लिए सतत रूप से योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए कार्ड बनाने का कार्य जारी किया गया है।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं निक्षय निरामय अभियान की समीक्षा बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमके सुर्यवंशी की अध्यक्षता में 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा बैठक 31 दिसंबर 2024 को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में 100 दिवसीय निक्षय निरामय अभियान का सफलतापूर्वक शत् प्रतिशत संचालन हेतु विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इसके साथ ही कार्यक्रम के लक्ष्य एवं उद्देश्य को समय सीमा पर पूरा करने व अभियान के दौरान टीबी के लक्षण वाले मरीजों का अनिवार्य रूप से एक्सरे एवं नाट मशीन द्वारा जांच कराने को कहा गया। बैठक में सहायक नोडल अधिकारी ने एनक्यूएएस संबंधी जानकारी, आईएचआईपी ऑनलाइन एंट्री, वयोवृद्ध सेवाओं की जानकारी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य मेला एवं जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबंधक अखिलेश शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ जितेंद्र सिंह, सहायक नोडल अधिकारी संदीप मेश्राम, जिला सलाहकार अरविंद मिश्रा, जिला समन्वयक सत्येंद्र साहू उपस्थित थे।

# वीएसडी से ग्रस्त आर्यन अब स्वस्थ जीवन का ले रहा आनंद

## रायपुर के वी वाय हॉस्पिटल में दिल में छेद का हुआ सफल ऑपरेशन

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com



आर्यन, एक 6 वर्षीय बच्चा, जो कभी अपने दिल के गंभीर रोग से जूझ रहा था, अब स्वस्थ और खुशहाल जीवन जी रहा है। वेंट्रिकुलर सेप्टल दोष (वीएसडी) से ग्रस्त आर्यन के लिए यह एक नए जीवन से कम नहीं है। विकासखण्ड पोंडी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत छिंदिया के रहने वाले रामसिंह उईके के 6 वर्षीय पुत्र आर्यन को बचपन से ही सांस लेने में तकलीफहोती थी। उसे हमेशा सर्दी-खाँसी और बुखार की शिकायत रहती थी, थका-थका रहता था, वह अन्य बच्चों की तरह खेल-कूद तथा दौड़ नहीं सकता था। दौडने पर उसकी धडकन बढ़ जाती थी। आर्यन के परिवार में इस गंभीर स्थिति के कारण निराशा और चिंता का माहौल था। डॉक्टरों ने बताया कि अगर इलाज नहीं हुआ तो यह बच्चे के जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। लेकिन फिर राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (चिरायु) के तहत एक नई उम्मीद का सूरज उगा। रायपुर के वी.वाय. हॉस्पीटल में आर्यन का ऑपरेशन निःशुल्क किया गया। चिरायु टीम द्वारा आर्यन के स्कूल विजिट के दौरान उसकी परेशानियों का पता चला। उनके द्वारा आर्यन के पिता को बीमारी के गम्भीरता से अवगत कराते हुए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आर्यन के निःशुल्क इलाज के बारे में जानकारी दी गई। कोरबा जिला चिकित्सालय में हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा आर्यन की जाँच से पता चला कि वह वीएसडी से पीड़ित है और उसे रायपुर के वी. वाय. हॉस्पिटल में एडमिट किया गया तथा उसका स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत निःशुल्क ऑपरेशन हुआ। अब आर्यन स्कूल जाता है, खेलता है और स्वस्थ जीवन का आनंद लेता है। उसकी यह यात्रा न केवल उसकी जिंदगी को बदलने वाली थी, बल्कि उसकी पूरे परिवार की आशाओं और सपनों को भी नई दिशा दे गई। आर्यन के पिता रामसिंह ने कहा स्वास्थ्य विभाग और अस्पताल की टीम की मेहनत और सहयोग से आर्यन की सर्जरी पूरी हुई, और अब वह सामान्य बच्चों की तरह जीवन जी रहा है। उसके चेहरे पर अब वही मुस्कान है, जो कभी खो सी गई थी।

# गुणवत्तायुक्त सड़कों का करें निर्माण : कलेक्टर कटारा

## निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदारों की बैठक




पायनियर संवाददाता ✓ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में जिले में चल रहे विकास व निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्माण एजेंसीयों एवं ठेकेदारों द्वारा किये जा रहे निर्माण कार्यों की गहन समीक्षा की। बैठक में स्वीकृत, प्रगतिरत व अ-प्रारंभ कार्यों को विस्तार से समीक्षा करते हुए संबंधित निर्माण एजेंसियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने कहा कि जो कार्य प्रारम्भ हो गए हैं, उसे समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जो ठेकेदार स्वीकृति पश्चात् कार्य में रूचि नहीं ले रहे हैं उन पर आवश्यक कार्यवाही करें। निर्माण तकनीकी मापदण्डों के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कार्य होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने सड़क निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए बरसात से पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पीएम जनमन अंतर्गत निर्माण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गुणवत्तापूर्ण व समय-सीमा में पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को पूरा करने में धरातल स्तर पर आने वाली समस्याओं को उच्च अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लाएं। पुलिस अधीक्षक बैंकर वैभव रमनलाल ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां निर्माण कार्यों में पुलिस सुरक्षा की आवश्यकता है वहां जरूरत के अनुरूप सुरक्षा बल उपलब्ध कराये जाऐंगे। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी, कार्यपालन अभियंता पीएमजीएसवाई सच्चिदानंद कांत, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग मोहन राम भगत उपस्थित रहे।

## स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड का आईपीओ 6 जनवरी 2025 को खुलेगा

**रायपुर।** स्टैंडर्ड ग्लास लाइनिंग टेक्नोलॉजी लिमिटेड, जो रेवन्यू के मामले में वित्तीय वर्ष 2024 में भारत के फार्मास्युटिकल और केमिकल सेक्टर्स के लिए शीर्ष पांच स्पेशलाइज्ड इंजीनियरिंग इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स में से एक है, ने अपने पहले इनिशियल पब्लिक ऑफ रिंग (आईपीओ) के लिए रू 133/- से रू 140/- प्रति इक्विटी शेयर की प्राइस बैंड तय की है, जिसकी फेस वैल्यू रू10 है। कंपनी का यह आईपीओ सोमवार, 6 जनवरी 2025 को सब्सक्रिप्शन के लिए खुलेगा और बुधवार, 8 जनवरी 2025 को बंद होगा। निवेशक कम से कम 107 इक्विटी शेयर और उसके बाद 107 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बिड लगा सकते हैं। यह आईपीओ एक फ्रेश इशू रू210 करोड़ तक का है और जिसमें 1,42,89,367 इक्विटी शेयरों को इशू किया जाएगा। कंपनी द्वारा फर्श इशू से प्राप्त रू10 करोड़ का उपयोग मशीनरी और उपकरणों की खरीद के लिए किया जाएगा। रू130 करोड़ का उपयोग कंपनी द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों के पुनर्भुगतान के लिए, और इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के लिए किया जाएगा, ताकि बैंकों और वित्तीय संस्थानों से एस2 इंजीनियरिंग इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिए गए कुछ बकाया ऋणों का पुनर्भुगतान किया जा सके।

# छत्तीसगढ़ में शौण्डिक समाज का 2 दिवसीय भव्य सम्मेलन मुख्यमंत्री सहित कई गणमान्य लोग होंगे शामिल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 11 और 12 जनवरी 2025 को 2 दिवसीय अखिल भारतीय शौण्डिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के तत्वावधान में विधानसभा रोड स्थित लोटस रिसॉर्ट में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा। आपको बता दें कि, कुछ दिन पहले प्रदेश अध्यक्ष शिवरतन प्रसाद गुप्ता, प्रदेश संयोजक श्याम किशोर गुप्ता, प्रमुख सलाहकार ओम प्रकाश गुप्ता और सुरेश प्रसाद गुप्ता सहित शौण्डिक समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। मुख्यमंत्री ने इस आमंत्रण को स्वीकार करते हुए सम्मेलन की सफलता की कामना की थी। शौण्डिक समाज का यह सम्मेलन समाज की एकता, समृद्धि और योगदान पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम में समाज के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में भारत के विभिन्न राज्यों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल, मॉरिषस से भी सजातीय बंधु भाग लेने आ रहे है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में 11 जनवरी को सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता अखिल भारतीय शौण्डिक संघ के सभापति प्रो. राम अवतार महतो करेंगे। अति विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पूर्णेदु सक्सेना, क्षेत्र संघचालक (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) और मंत्री रामविचार नेताम एवं रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल शामिल होंगे। शाम 3:30 बजे के सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह (विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री) और अति विशिष्ट अतिथि श्याम बिहारी जायसवाल (मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) कार्यक्रम में भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान, सांस्कृतिक संध्या का आयोजन 11 जनवरी की शाम 7:30 बजे से प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें समाज के प्रतिभाशाली कलाकारों के साथ कोलकाता से आए कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथि योगेश अग्रवाल (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राइस मिल एसोसिएशन) और छत्तीसगढ़ की लोकप्रिय गायिका, अभिनेत्री मोना सेन विशेष रूप से मौजूद रहेंगी।

# निपनिया में खुलेगा पुलिस थाना, विधायक इंद्र साव ने पूर्व सीएम के प्रति जताया आभार

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा ग्रामीण थाना अंतर्गत आने वाला निपनिया पुलिस सहायता केंद्र अब शीघ्र ही स्वतंत्र रूप से पृथक पुलिस थाना बनने जा रहा है।इस थाना की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ग्राम कडार में आयोजित भेट मुलाकात कार्यक्रम में की थी। विधायक इंद्र साव ने निपनिया पुलिस थाना खुलने की प्रक्रिया के आगे बढ़ने पर क्षेत्र की जनता को बधाई देते हुए पूर्व सी एम बघेल के प्रति आभार जताया है। विदित हो कि ग्रामीण क्षेत्र अंतर्गत आने वाला निपनिया क्षेत्र के लोगों को त्वरित न्याय, पुलिस सुरक्षा और अपराधियों में भय की दृष्टि से पृथक रूप से पुलिस थाना खोलने की मांग विधायक इंद्र साव सहित स्थानीय कांग्रेस जनों ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से ग्राम कडार में आयोजित भेट मुलाकात कार्यक्रम में की थी। क्षेत्र के नेताओं की मांग और निपनिया के लोगों की व्यावहारिक दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निपनिया में पुलिस थाना खोले जाने की घोषणा की थी। पूर्व सीएम बघेल की घोषणा से उपस्थित लोगों ने हर्ष जताया था। वही पूर्व सीएम की घोषणा के बाद से विभाग ने अपनी तैयारी तेज कर सभी आवश्यक कार्यवाही पूरी कर ली। अभी वर्तमान में निपनिया पुलिस सहायता केंद्र में लगभग 22 गांव कोड़वा, सेंम्हाराडीह, कोनी बंजर, बागबुड़वा, गुड़ाघाट, खपरी एस, भौतिडीह, सिलवा, पथरिया, चंदेली, धनेली, चमारगुड़ा, मोपकी, भरतपुर, धौराभाता, बकुलही, मोपका, गुड़ैलिया, पाटन, बोरासी ध, बंदरी इत्यादि गांव को समाहित किया गया है। अनुमान है कि पुलिस थाना खुलने के बाद इसमें करीब 10 बारह गांव को और समाहित किया जा सकता है। बहरहाल विभागीय स्वीकृति और पुलिस थाना खुलने की प्रकिया में तेजी आने पर निपनिया क्षेत्र के लोगों में अपार हर्ष है।विधायक इंद्र साव ने इस उपलब्धि के लिए लोगो को बधाई देते हुए पूर्व सीएम बघेल के प्रति आभार जताया है।

# ईमैक के छत्तीसगढ़ लॉन्चपैड कार्यक्रम के साथ सदस्यता अभियान की शुरुआत

- प्रदेश भर से इवेंट मैनेजमेंट कंपनी संचालकों ने की शिरकत

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com




इवेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ का छत्तीसगढ़ लॉन्चपैड कार्यक्रम राजधानी रायपुर में संपन्न हुआ। जिसमे प्रदेश भर से इवेंट मैनेजमेंट एवम वेडिंग प्लानिंग कंपनी के संचालकों ने शिरकत की। इस आयोजन के साथ ही प्रदेश भर में सदस्यता अभियान की शुरुआत हुई। इस आयोजन में नेशनल एसोसिएशन ईमा (ईईएमए इवेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन) के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट विद्यासागर पिंगली, वाइस प्रेसिडेंट वेस्ट जोन राघव रॉय कपूर, ज्वाइंट सेक्रेटरी वेस्ट हर्षल कोठारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से एसोसिएशन के सदस्यों को संबोधित किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन तलवार ने बताया कि ईमैक का उद्देश्य प्रदेश के सभी इवेंट मैनेजमेंट और वेडिंग प्लानिंग कंपनी, कलाकारों समेत इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों को प्रदेश के साथ ही एक विश्वस्तरीय मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष तेजेश मुखर्जी, महासचिव भावार्थ कुमार, उमेश बंसी, नवल तिवारी, प्रमोद सिंह ठाकुर, बंटी चंद्राकर, सुनील तिवारी समेत प्रदेश के सभी इवेंट मैनेजमेंट कंपनी के संचालक उपस्थित थे।

## प्रकृति की ओर सोसायटी के सदस्यों ने राज्यपाल से की सौजन्य भेंट



**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसायटी के सदस्यों ने महामहिम राज्यपाल रेमन डेका को जनवरी 10,11,12, गांधी नेहरू उद्यान में आयोजित, राज्यस्तरीय फल फूल सब्जी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता में सादर आमंत्रित करने हेतु सौजन्य मुलाकात की। अध्यक्ष मोहन वर्ल्यानी ने सोसायटी के कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। राजपाल ने सोसायटी के कार्यों की प्रशंसा की और इस पहल को पर्यावरण संरक्षण एवं कृषि विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया मुलाकात के दौरान विशेष रूप से मोहन वर्ल्यानी, निर्भय धाडीवाल, जयेश पीथालिया, डॉ. अनिल चौहान उपस्थित थे।

# कविता शर्मा अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष मनोनीत

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com



अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ का पुनर्गठन सरयू सदन में किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष ऊषा मिश्रा की अनुशंसा पर पूर्व अध्यक्ष स्वर्ण लता त्रिवेदी ने माला पहनाकर अध्यक्ष पद का दायित्व सतत सक्रिय एवं उर्जावान व्यक्तित्व कविता शर्मा को अर्पित किया, वहीं अन्य पदाधिकारीगण जिनमें उपाध्यक्ष भावना मनीष शुक्ला संगठन सचिव लता अरूण शर्मा सचिव मीता शर्मा सह सचिव किरण उपाध्याय कोषाध्यक्ष सीमा तिवारी उप कोषाध्यक्ष-शशि पांडे सांस्कृतिक प्रभारी रश्मि तिवारी, शालिनी तिवारी, सुषमा शर्मा। मिडिया प्रभारी प्रमुख सरिता मुकेश शर्मा मीडिया प्रभारी ममता दीवान एवं कार्यकारणी सदस्य खगेश शर्मा, लता पांडे, निशा आनंद शर्मा, रत्ना पांडे, आशा तिवारी, शानू पांडे, ज्योति पांडे, तृप्ति शुक्ला, पिंकी शर्मा, मुनिया तिवारी, साधना मिश्रा, प्रियंका तिवारी, सरोज तिवारी, सुनीला पांडे, अनिता दुबे, अंजली दुबे, संध्या तिवारी सर्व सम्मति से मनोनीत किए गये, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को संरक्षिका निशा नरेंद्र शर्मा, मंजू रतन शर्मा, उषा किरण तिवारी, शशि दुबे। मार्ग दर्शिका सीमा शिवरतन शर्मा, अंजू बसंत भृगु, सीमा अवस्थी, रेखा शर्मा संयोजिका सुषमा मिश्रा, चंद्र किरण शर्मा, आशा लखन शर्मा, स्वर्णलता त्रिवेदी एवं उपस्थित सदस्यो द्वारा हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए संगठन के दायित्व के कुशल निर्वहन तथा निरंतर रचनात्मकता की ओर बढ़ते रहने का आव्हान किया गया। मनोनयन की प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष कविता शर्मा द्वारा समस्त सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सभी के स्नेह एवं सहयोग की कामना की गई।

# रामगढ़िया सेवक सभा द्वारा शहीदी सप्ताह को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com





शहीदी सप्ताह में गुरु गोबिंद सिंह का पूरा परिवार बिछड़ गया था और धर्म न बदले के कारण मुगल शासक वजीर खान द्वारा किए गए जुल्मों से उनकी माता गुजरी और चार साहिबजादों की शहादत हुई थी। 22.12.2024 को रामगढ़िया सेवक सभा (महिला विंग) के द्वारा उनकी याद में सुखमणि साहिब का पाठ किया और 5 से 21 साल तक के बच्चें बच्चियों के लिए गुरमुखी लिखना, दस्तार/ दुमाला सजना और स्पीच/ कविता प्रतियोगिताएं टाटीबंध में स्थित महाराजा जस्सा सिंह रामगढ़िया भवन में आयोजन किया एवं विजेताओं को कैश प्राइज और आए हुए छोटे बड़े सभी बच्चों को उपहार दिया गया और 31.12.2024 को कोटा की एक बस्ती में समाज के द्वारा एकत्रित किए गए गर्म कपड़ें बाटें। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष जसविंदर सिंह राणा, मंजीत सिंह पनेसर, सुरेंद्र सिंह हंसपाल, रंजीत सिंह पनेसर,तेजपाल सिंह, ओंकार सिंह, खलविंदर सिंह, निर्मल सिंह सग्गू और महिला विंग से बीओडी हरशरण कौर, बलविंदर कौर, कुलदीप विरदी, साथ अध्यक्ष प्रदीप कौर, अंशु राणा,नीतू भुई, कवलजीत कौर (सोनू), सिमरन कौर, जीत कौर, मंजू भामरा, रूबल रिहल और समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## 16वीं राज्य स्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

# विप्र कॉलेज में राज्य स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता में दिखे, रोचक और ज्ञानवर्धक वर्किंग मॉडल

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com







छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा 16 वीं राज्य स्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने-अपने वर्किंग मॉडल को प्रदर्शित किया। जिसके अंतर्गत पर्यावरणीय समस्याओं से संबंधित तथा भविष्य में होने वाली सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु तरह-तरह के वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ-साथ विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक गण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों में बौद्धिक स्तर का विकास करना है। जिससे विद्यार्थि स्वयं को नवाचार से जोड़ सकें एवं अध्ययन अध्यापन के साथ दक्षता और कुशलता हासिल कर सके। शिक्षा विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ.दिव्या शर्मा द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का महत्व बताते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ मधु अग्रवाल (पं. रवि. शुक्ल वि. वि.), डॉ मोनिका चौबे (कृति स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज) एवं साधना शर्मा ग्रेसियस कॉलेज ऑफ एजुकेशन उपस्थित थी। 16 वीं राज्य स्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृति स्कूल आफ मैनेजमेंट के यशराज देवांगन ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की छात्रा प्रियंका ठाकुर ने तथा स्पेक्ट्रम कॉलेज के दर्शन साहू तीसरे स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालय के प्राध्यापकगण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विप्र पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी मॉडल का अवलोकन कर रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त किया।

# छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज का 14वां वार्षिक अधिवेशन

पायनियर संवाददाता ✓ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज के द्वारा अखिल ब्रह्मांड नायक सदगुरु कबीर साहेब के सिद्धांतों एवं आदर्शों का अनुशरण करने वाले समस्त हंसजनो को अत्यंत हर्ष के साथ आमन्त्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ कबीरपंथी साहू समाज का प्रदेश स्तरीय 14 वा वार्षिक अधिवेशन (दो दिवसीय कार्यक्रम), युवक युवती परिचय सम्मेलन व परिचय पुष्प का विमोचन 04, 05 जनवरी 2025 को ग्राम बरौदा, (विधाननगर) विधानसभा भवन के पास, जिला रायपुर में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस दिन शनिवार को प्रातः 09 बजे ग्रामवासियों तथा अतिथियों के द्वारा शोभायात्रा निकाली जाएगी तथा द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ अतिथि स्वागत एवं पदाधिकारियों का उद्बोधन, अतिथियों के स्वागत के साथ सामाजिक परिचर्चा, युवा सम्मेलन, प्रबुद्धजनों का सम्मान, समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान के साथ रात्रि 08 बजे से संगीतमय भजन का कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के दूसरे दिन रविवार को प्रदेश से आए हुए समस्त कबीरपंथी समाज के अतिथियों व संतजनों का पुष्पहार से स्वागत तथा पदाधिकारियों के द्वारा उद्बोधन तथा समस्त ग्रामीण अंचलों से आए हुए भजन मंडलियों के द्वारा भजन की प्रस्तुति किया जाएगा। इसके साथ ही समस्त प्रदेश से आए हुए समस्त कबीरपंथी युवक युवतियों का जो विवाह योग्य हैं उनका परिचय सम्मेलन कराया जाएगा। साथ ही चौका आरती तथा समाज के प्रदेश अध्यक्ष के उद्बोधन के साथ ही कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा जाएगी। उक्त कार्यक्रम में बाहर से आए हुए समस्त हंसजनो व स्वजातिय बंधु गणों के लिए नाश्ता, दोपहर व रात का भोजन तथा ठहरने के लिए व्यवस्था ग्राम बरौदा कार्यक्रम आयोजन समिति के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल, सांसद, रायपुर लोकसभा विशिष्ट अतिथि गुरू खुशवंत साहेब, विधायक एवं अध्यक्षता अनुज शर्मा, विधायक, धरसीवां सम्मिलित होंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमे अपने स्वास्थ्य का परीक्षण करवा सकते है, एमजीएम नेत्र संस्थान द्वारा आंख की जांच एवं सलाह, नमन डेंटल क्लिनिक, शंकर नगर रायपुर द्वारा, दंत रोगों का मुफ्त चेक एवं सलाह, सैक पैथ लैब द्वारा मुफ्त, बी पी शुगर एवं अन्य प्रकार की बीमारियों की जांच, होम्योपैथिक चिकित्सा, डॉ ऋतु जैन द्वारा विशेष चिकित्सा परामर्श सभी प्रकार के रोगों एवं महिलाओं से संबंधित समस्याओं का निराकरण, सार्थक ब्लड एवं कंपोनेंट सेंटर द्वारा, रक्त दान शिविर, रक्त दान महादान उक्त कार्यक्रम की जानकारी समाज के प्रदेश अध्यक्ष कन्हैया लाल साहू, महासचिव संतोष साहू व केंद्रीय मीडिया प्रभारी प्रेम नारायण चौधरी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दिया।

# प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण 'ओनाकोना' ने छत्तीसगढ़ के पर्यटन में बनाई है विशेष पहचान

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

धान के कटोरा के नाम से विख्यात रत्नगर्भा भूमि छत्तीसगढ़ अपने अनुपम प्राकृतिक सौंदर्य से भी परिपूर्ण है, सरगुजा से लेकर बस्तर तक प्रत्येक स्थानों पर यहाँ के वादियों में प्रकृति अपने अनुपम मनोरम छटा बिखेरती नजर आती है। प्रकृति के खूबसूरत वादियों में स्थित छत्तीसगढ़ के अनूपम एवं अद्वितीय सौंदर्य को देखकर हम सभी को यह आभास होता है कि छत्तीसगढ़ महतारी अपने आप में प्रकृति के खुबसूरत रंगों को अंगीकार कर लिया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाले छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा राज्य में पर्यटन के विकास एवं संभावना को समझते हुए इन पर्यटक स्थलों को नई पहचान दिलाने हेतु किए जा रहे कार्यो के फलस्वरूप छत्तीसगढ़ में पर्यटन को एक अलग पहचान मिली है। स्थानीय लोगों के साथ ही देश-विदेश से भी लोग छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक खूबसूरती को निहारने पहुँच रहे हैं। बालोद जिले में एक ऐसी ही प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण जगह है, जिसे लोग ओनाकोना के नाम से जानते हैं। ओनाकोना ने अपनी प्राकृतिक सुंदरता से छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है।




## गंगरेल का डुबान क्षेत्र होने से रहता है वर्षभर पानी

बालोद जिले के गुरूर ब्लॉक के ग्राम करेंझर का आश्रित ग्राम ओनाकोना प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण है। यहां एक ओर पहाड़ी से घिरा जंगल तो दुसरी ओर महानदी पर बना गंगरेल जलाशय स्थित है। ओनाकोना में हर मौसम में मनमोहक नजारा होता है, यहां एक ओर पानी, दूसरी ओर जंगल होने से ठंडकता बनी रहती है, जिससे वर्ष भर लोग यहां मनमोहक नजारे का आनंद लेने आते हैं। ओनाकोना को पर्यटन के क्षेत्र में पहचान दिलाने में यहां बन रही भव्य एवं विशाल मंदिर का भी योगदान रहा है। यहां नासिक स्थित त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग धाम की तर्ज पर भव्य एवं आकर्षक मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। यह मंदिर वर्तमान में निर्माणाधीन है, किन्तु देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि यह मंदिर काफी प्राचीन है, जिसे लोग दूर-दूर से देखने और मंदिर के साथ अपनी तस्वीर लेने भी यहां आते हैं। ओनाकोना में स्थानीय मछुआरे बोटिंग कराकर मनमोहक नजारे का सैर भी कराते हैं। गंगरेल जलाशय का डुबान क्षेत्र होने की वजह से यहां वर्षभर पानी रहता है। जिसमें गांव के स्थानीय ग्रामीण एवं मछुआरों द्वारा पारम्परिक रूप से बनाई गई चप्पू वाली नाव पर सैर भी कराया जाता है, यहां आने वाले पर्यटक नाव में बैठकर खूबसूरत नजारे का आनंद भी लेते हैं। इससे पर्यटकों को खूबसूरत पल मिला है तो वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिला है। ओनाकोना में बड़ी संख्या में प्राकृतिक सुंदरता को देखने आने वाले पर्यटकों के साथ ही यह स्थान अब प्री वेडिंग शुट और वीडियो एल्बम शुट के लिए काफी चर्चित हो चुका है। यहां की सुंदरता ने वीडियो मेकर्स, प्री वेडिंग शुट, सोशल मीडिया इंफलुएंर्स को अपनी ओर आकर्षित किया है, जिन्होंने इस जगह को काफी खास बना दिया है।

### प्री वेडिंग शूट के लिए नज़ारा बेहद खूबसूरत

ओनाकोना में अपनी प्री वेडिंग के शुट हेतु धमतरी से पहुँचे सूरज सोनी ने बताया कि उन्हें इस जगह की प्राकृतिक खुबसुरती के बारे में काफी लोगों से जानकारी मिली थी। वे यहां अपनी मंगेतर के साथ प्री वेडिंग शुट के लिए आए हैं, उन्हें यह जगह वाकई में बहुत ही बेहतरीन लगी है। उन्होंने कहा कि यह जगह बालोद जिले के पर्यटन में विशेष स्थान बना चुकी है, हम यहां शादी के बाद अपनी फैमिली के साथ दोबार जरूर आएंगे। इसी प्रकार कांकेर जिले से पहुँचे प्रभात ने बताया कि उन्हें इस जगह की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से मिली है। यहां आकर उन्हें काफी खुशी हुई है, बोटिंग के साथ यहां का नजारा देखकर मन गदगद हो गया है।

### राजाराव पठार से 5 किमी दूर पर है स्तिथ

जिला प्रशासन बालोद और पर्यटन विभाग द्वारा ओनाकोना में पर्यटन को बढ़ावा देने मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था भी बेहतर ढंग से की गई है। यहां सीसीरोड, पेयजल, शौचालय, सोलर लाईट सहित बैठक आदि की भी व्यवस्था की गई है। ओनाकोना में रायपुर, धमतरी, बालोद, कांकेर से आसानी से पहुँचा जा सकता है। बालोद जिले के ग्राम पुरूर से नेशनल हाईवे मांक 30 पर लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित राजाराव पठार से 5 किलोमीटर का सफर तय कर ग्राम ओनाकोना पहुँचा जा सकता है।

# श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच बीर सिंह वर्मा के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित






पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

श्री बालाजी मेडिकल फाउंडेशन एवं सरपंच बीर सिंह वर्मा के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर ग्राम पंचायत भवन, पिपरहट्टा, रायपुर में शुक्रवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 03.00 बजे तक आयोजित किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर ग्रामीणों ने विशेषज्ञों से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया। जिसमें नेत्र रोग विभाग से नेत्र सहायक वेद यादव, जनरल मेडिसिन विभाग के डॉ. धनेन्द्र साहू, दंत रोग विभाग के डॉ. चांदनी अग्रवाल, नर्सिंग स्टाफ लोचन दीवान व जन संपर्क अधिकारी, सुनील साहू, सुनील वर्मा, विरेन्द्र खुटेल एवं ग्राम पंचायत से संजय वर्मा (सरपंच प्रतिनिधि) उपस्थित रहे। शिविर में निःशुल्क ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, व अन्य रोगों की जांच कर निःशुल्क परामर्श प्रदान किया गया। ग्रामीणों ने श्री बालाजी हॉस्पिटल में संचालित योजनाओं जिनमें मुख्य रूप से निःशुल्क डिलीवरी व निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन योजना को जनकल्याणकारी व महत्वपूर्ण बताया तथा टीम का आभार व्यक्त किया।



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएं दी और राज्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। डेका ने भी उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

# जन-आकांक्षाओं और स्थानीय रहवासियों की मांगों के अनुरूप नए नगरीय निकायों का गठन, कस्बों में विकसित होंगी शहरी सुविधाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में पिछले साल जनवरी से दिसम्बर के बीच नौ नए नगरीय निकायों का गठन किया गया है। राज्य शासन ने इस दौरान सात नगर पंचायतों का नगर पालिका के रूप में उन्नयन भी किया है। स्थानीय रहवासियों की मांगों पर राज्य शासन ने संवेदनशीलतापूर्वक विचार करते हुए जन-आकांक्षाओं को पूरा करने नए नगरीय निकायों के गठन को मंजूरी दी है। इससे उभरते शहरों के रूप में विकसित हो रहे कस्बों में शहरी सुविधाएं जुटाने के कामों को और गति मिलेगी। राज्य में पिछले वर्ष गठित नगरीय निकायों को मिलाकर अब कुल 192 नगरीय निकाय हो गए हैं। इनमें 14 नगर निगम, 54 नगर पालिका और 124 नगर पंचायत शामिल हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य की कस्बाई आवादी की मांग और उभरते शहरों के अनुरूप अधोसंरचनात्मक विकास को गति देने बीते कैलेंडर वर्ष 2024 में नौ नए नगर पंचायतों का गठन किया गया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव की पहल पर स्थानीय जन-आकांक्षाओं को पूर्ण करने तथा उन्हें मूर्त रूप देने नए नगरीय निकायों के गठन तथा ज्यादा आबादी वाले नगर पंचायतों के नगर पालिकाओं में उन्नयन की त्वरित कार्यवाही की गई है। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की मांग पर वर्ष-2024 में जनवरी से दिसम्बर के बीच राजनांदगांव जिले के लाल बहादुर नगर और घुमका, मुंगेली के जरहागांव, कोरिया के पटना, बेमेतरा के कुसमी, गरियाबंद के देवभोग, सूरजपुर के शिवनंदनपुर, जांजगीर-चांपा के बम्हनीडीह और बालोद जिले के पलारी को नगर पंचायत बनाया गया है।

# स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के दिल्ली स्थित निवास पहुंचकर कर डॉ. महंत ने दी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com



देश के पूर्व प्रधानमंत्री व कांग्रेस के नेता स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के दिल्ली स्थित सरकारी निवास पर पहुंचकर भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री व छग के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने डॉ. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि व्यक्त की। स्व. डॉ. सिंह के निधन पर आयोजित अरदास में मृत आत्मा की शांति के लिए आयोजित शांति पाठ में भी शामिल हुए व इस दुख की घड़ी में परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।

## मुख्यमंत्री ने प्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय लोचन प्रसाद पाण्डेय की जयंती पर उन्हें किया याद



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय लोचन प्रसाद पाण्डेय की 4 जनवरी को जयंती पर उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए सादर नमन किया है। साय ने कहा कि बिलासपुर जिले के छोटे से गांव बालपुर में जन्मे पाण्डेय जी ने अपनी लेखनी से साहित्य के क्षेत्र में विशेष प्रतिष्ठा हासिल की। उन्होंने छत्तीसगढ़ी, हिन्दी और उड़िया में कई रचनाएं लिखी। लोचन प्रसाद पाण्डेय ने अपनी रचनाओं के माध्यम से संयम और चरित्रोत्थान के लिए पाठकों को प्रेरित किया। साय ने कहा कि ''साहित्य वाचस्पति'' सम्मान से विभूषित लोचन प्रसाद पाण्डेय का नाम छत्तीसगढ़ के साहित्य गौरव के रूप में हमेशा आदर से लिया जाएगा।

# सरकार निर्माण के साथ विकास के कार्यों को दे रही प्राथमिकता : मंत्री टंक राम वर्मा



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार शहरों के साथ-साथ गॉव के चहुँमुखी विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार निर्माण कार्यो के साथ अन्य विकास के कार्यो को प्राथमिकता से कर रही है। विगत पांच वर्षों में जो काम नहीं हुआ है, ऐसे कामों को भी पूरा किया जा रहा है। नई शिक्षा नीति से बच्चों को भविष्य निर्माण में सुविधा होगी। विद्यार्थी अपने प्रतिभा और लक्ष्य के अनुरूप विषयों का चयन कर भविष्य निर्माण कर सकते हैं। आमजनों की आवश्यकता और बुनियादी चीजों को ध्यान रखते हुए सरकार कार्य कर रही है। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने रायपुर जिले के ग्राम खपरीकला, ताराशिव और सरोरा में आयोजित सामुदायिक भवन के लोकार्पण और शाला वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में कहा। उन्होंने कहा कि प्रतिभा बच्चों में जन्म से ही होता है, जरूरत इस बात है कि उस प्रतिभा को अवसर मिलें। विद्यार्थी अपने लक्ष्य का निर्धारण पहले करें और उसके अनुरूप मेहनत करें। मेहनत के बिना सफलता की कल्पना करना कठिन है।

## अनियमितता पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी निलंबित

**रायपुर।** राज्य शासन ने दल्लीराजहरा नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेन्द्र वार्डेकर को निलंबित कर दिया है। कोंडागांव नगर पालिका में प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की पदस्थापना के दौरान अध्यक्ष कक्ष के रिनोवेशन कार्य एवं फर्नीचर खरीदी में गंभीर अनियमितता पाए जाने पर गंभीर कदाचार मानते हुए राज्य शासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। निलंबन अवधि में वार्डेकर का मुख्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के क्षेत्रीय संयुक्त संचालक कार्यालय, जगदलपुर नियत किया गया है। मंत्रालय द्वारा जारी निलंबन आदेश की प्रति नगरीय प्रशासन विभाग के संचालक को प्रेषित करते हुए राज्य शासन ने भूपेन्द्र वार्डेकर के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए समय-सीमा में आरोप पत्रादि का प्रारूप विभाग को भेजने के निर्देश दिए हैं।




# यातायात दुरुस्त करने कलेक्टर ने ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने यातायात दुरूस्त करने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों की कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर यातायात बाधित करने वाले पुरानी गाड़ियां सड़कों पर खड़ी है, उन्हें हटाया जाएं। साथ ही पुराने खंबे एवं बिजली के बॉक्स, पेड़ों की छटाई जल्द से जल्द किया जाएं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर यातायात बाधित हो रहा है, उन स्थानों को चिंहाकित कर कार्रवाई की जाएं। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि ज्यादातर प्रमुख मार्गों में फ्लैक्स रखने की वजह से भी यातायात बाधित होता है, ऐसे में उन फ्लैक्स एवं बैनरों को हटाने की कार्रवाई की जाएं। साथ ही पेड़ की छटाई जिन-जिन स्थानों पर नहीं हुई है, उन पेड़ों की छटाई जल्द से जल्द की जाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहर में बिजली के तारों पर पेडों की टहनियां लटकने पर तत्काल छटाई की कार्रवाई की जाएं। कलेक्टर ने यातायात को दुरूस्त करने के लिए चैक-चैराहों पर अस्थायी रोटरी लगाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, आरटीओ आशीष देवांगन, समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## साइंस कॉलेज में राज्यस्तरीय युवा उत्सव 12 से कलेक्टर ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर ली बैठक

राजधानी में तीन दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन होगा। इसकी तैयारियों को लेकर कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने बैठक ली। यह आगामी 12 से 14 जनवरी को साइंस कालेज ग्राउंड में आयोजित होगी। कलेक्टर ने जिसमें प्रदेश के युवा अपनी प्रतिभाओं की प्रस्तुति देंगें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्यभार की जिम्मेदारी सौंपी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के लिए सभी अधिकारी जुट जाएं और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समर्पित होकर कार्य करें। युवा उत्सव कार्यक्रम में देश के प्रख्यात कवि कुमार विश्वास, ने अपनी प्रस्तुति देंगे। साथ ही सुपर 30 फेम आंनद कुमार का प्रेरणादायक उद्बोधन भी होगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित जिले के सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403